संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शुक्रवार 15 मई 2026 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 11 अंकः 135 पृष्ठः 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## शिवराज करेंगे 5 लाख पीएमएवाई-जी आवासों के गृह प्रवेश का शुभारंभ



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान 15 मई को महाराष्ट्र के सतारा स्थित सैनिक स्कूल ग्राउंड में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) लाभार्थी सम्मेलन एवं महा आवास अभियान राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा अजित पवार सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के अंतर्गत पूर्ण हुए 5 लाख आवासों के गृह प्रवेश का शुभारंभ करेंगे। साथ ही, 6 पीएमएवाई-जी लाभार्थियों को आवास की चाबियां भी सौंपेंगे, जिनमें योजना के अंतर्गत 3 करोड़वें आवास से जुड़े लाभार्थी भी शामिल होंगे।

# तनाव बरकरारः भारतीय ध्वज लगे जहाज को डुबाने के बाद ईरान ने एक जहाज को किया जब्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान तनाव के बीच दो और भारतीय गंतव्य वाले एलपीजी जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। यह जानकारी रिपोर्ट्स में दी गई। एलपीजी जहाज सिमी होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के दौरान अपने ट्रांसपोंडर को कुछ समय तक बंद रखने के बाद गुरुवार को ओमान की खाड़ी में देखा गया। अन्य एलपीजी जहाज एनवी सनशाइन ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने के दौरान कुछ ऐसा ही किया।

**पश्चिम एशिया में ईरान-अमेरिका के बीच तनाव बरकरार**

यह घटना ऐसे समय पर सामने आई है, जब पश्चिम एशिया में ईरान-अमेरिका में तनाव बना हुआ है और होर्मुज जलडमरूमध्य बंद है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की रुवैस रिफाइनरी से एलपीजी से लदा एनवी सनशाइन जहाज को आखिरी बार भारत के मंगलौर की ओर जाते हुए देखा गया था। इसी बीच, सिमी कतर के रस लाफान बंदरगाह से गुजरात के कांडला तक ईंधन ले रहा है।




युद्धविराम पर ट्रंप की टिप्पणी

इस महीने की शुरूआत में, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान के साथ युद्धविराम 'लाइफ सपोर्ट' पर हैं, जिससे संकेत मिलता है कि दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी है और कई मुद्दों जैसे ईरान के परमाणु कार्यक्रम रोकने और होर्मुज जलडमरूमध्य के कंट्रोल जैसे मुद्दों को लेकर विवाद बना हुआ है। इससे अलावा ट्रंप ने हाल ही में ईरान की ओर से भेजे गए शांति प्रस्ताव को अस्वीकार्य बता दिया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने ईरान द्वारा अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से प्रस्तुत प्रतिक्रिया की समीक्षा की है और प्रस्ताव पर असंतोष व्यक्त किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने ताजा अमेरिकी शांति पहल पर अपनी प्रतिक्रिया पाकिस्तान के माध्यम से दी है।

**स्थिति खतरनाक**

- दो और भारतीय गंतव्य वाले एलपीजी जहाजों ने होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर लिया

## फास्ट न्यूज

### चुनाव आयोग ने 16 राज्यों और 3 केन्द्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा की

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 16 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूची अपडेट करने से जुड़ी प्रक्रिया विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करने का निर्देश जारी कर दिया है। एसआईआर के पहले दो चरणों में 13 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 59 करोड़ मतदाता शामिल थे। तीसरे चरण में हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख को छोड़कर पूरा देश कवर होगा। आंध्र प्रदेश (4,16,16,061), अरुणाचल प्रदेश (8,87,607), चंडीगढ़ (5,18,663), दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव (4,27,849), हरियाणा (2,06,63,155), झारखंड (2,64,89,777 मतदाता), कर्नाटक (5,55,74,064), महाराष्ट्र (9,86,64,413), मणिपुर (20,91,999), मेघालय (23,43,252), मिजोरम (8,75,004), नागालैंड (13,56,858), दिल्ली (1,48,23,234), ओडिशा (3,34,33,659), पंजाब (2,14,56,297), सिक्किम (4,71,094), त्रिपुरा (28,97,674), तेलंगाना (3,39,20,705) और उत्तराखंड (79,76,466) शामिल हैं। मतदाता सूची अपडेट करने के दौरान 3.94 लाख से अधिक बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर 36.73 करोड़ मतदाताओं से मिलेंगे।

### पश्चिम बंगालः स्कूलों की प्रार्थना सभा में वंदे मातरम् अनिवार्य

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में स्कूलों की प्रार्थना सभा को लेकर एक बड़ा प्रशासनिक फैसला सामने आया है। राज्य सरकार ने सभी सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में सुबह की असेंबली के दौरान वंदे मातरम का गायन अनिवार्य कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से जारी आधिकारिक निर्देश में इसे तत्काल प्रभाव से लागू करने को कहा गया है। निर्देश के अनुसार, कक्षाएं शुरू होने से पहले होने वाली प्रार्थना सभा के प्रारंभ में सभी छात्रों के लिए वंदे मातरम् का सामूहिक गायन अनिवार्य होगा।

ये बैठकें भारतीय राजधानी में आयोजित ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हुईं

# पीएम मोदी ने ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों से की मुलाकात

**बहुपक्षीय वार्ता**

- कार्यक्रम स्थल पर सदस्य और पर्यवेक्षक देशों के अन्य विदेश मंत्रियों और प्रतिनिधियों का भी स्वागत किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नई दिल्ली में ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने वाले कई विदेश मंत्रियों से मुलाकात की। इसमें रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव, ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची, दक्षिण अफ्रीकी विदेश मंत्री रोनाल्ड लामोला और ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा शामिल हैं।

**द्विपक्षीय मुद्दों पर हुई चर्चाः** ये बैठकें भारतीय राजधानी में आयोजित ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान हुईं। प्रधानमंत्री मोदी ने भी ब्रिक्स परिवार की आधिकारिक तस्वीर के लिए आने वाले मंत्रियों और प्रतिनिधिमंडलों के साथ भाग लिया। इसमें उच्च स्तरीय राजनयिक वार्ता में भाग लेने वाले सदस्य देशों और साझेदार देशों के प्रतिनिधि एक साथ आए थे।

**भारत मंडपम में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने किया स्वागतः** वहीं, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए भारत मंडपम में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का स्वागत किया, जो एक महत्वपूर्ण राजनयिक जुड़ाव का प्रतीक है। विदेश मंत्री ने बहुप्रतीक्षित बैठक से पहले राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित कार्यक्रम स्थल पर सदस्य और पर्यवेक्षक देशों के अन्य विदेश मंत्रियों और प्रतिनिधियों का भी स्वागत किया। जयशंकर ने सबसे पहले भारत में चीनी राजदूत जू फीहोंग से मुलाकात की, जो विदेश मंत्री वांग यी के स्थान पर देश का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो वर्तमान में बीजिंग में हैं। यह बैठक ब्रिक्स समूह के साथ भारत की चल रही सहभागिता का हिस्सा है, जो आर्थिक सहयोग, बहुपक्षीय सुधार, व्यापार और विकास चुनौतियों सहित वैश्विक और क्षेत्रीय महत्व के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है। नई दिल्ली 14 से 15 मई तक ब्रिक्स विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करने जा रही है, जिसके चलते यह अंतरराष्ट्रीय संबंधों का केंद्र बिंदु बनने के लिए तैयार है।



### रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, यूक्रेन और पश्चिम एशिया पर चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और भारत-रूस द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति सहित विभिन्न क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, लावरोव ने प्रधानमंत्री मोदी को दिसंबर 2025 में आयोजित 23वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों नेताओं की बैठक के बाद से द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति की जानकारी दी। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने यूक्रेन की स्थिति और पश्चिम एशिया के घटनाक्रम समेत आपसी हित के विभिन्न क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान एक बार फिर भारत के उस स्थायी रुख को दोहराया कि किसी भी विवाद के समाधान के लिए संवाद और कूटनीति ही सबसे बेहतर मार्ग है।

### ब्रिक्स महत्वपूर्ण सम्मेलन भारत की 2026 की अध्यक्षता की आधारशिला

यह महत्वपूर्ण सम्मेलन भारत की 2026 की अध्यक्षता की आधारशिला है और नवगठित बहुपक्षीय गठबंधन में उसके नेतृत्व को उजागर करता है। भारत ने इस वर्ष 1 जनवरी को आधिकारिक तौर पर ब्राजील से ब्रिक्स की अध्यक्षता ग्रहण की। यह चौथी बार है, जब भारत इस प्रभावशाली समूह की अध्यक्षता कर रहा है। इससे पहले भारत 2012, 2016 और 2021 में शिखर सम्मेलनों की मेजबानी कर चुका है।

**बैठक में कई मुद्दों पर होगी चर्चा**

यह बैठक ब्रिक्स समूह के साथ भारत की चल रही सहभागिता का हिस्सा है, जो आर्थिक सहयोग, बहुपक्षीय सुधार, व्यापार और विकास चुनौतियों सहित वैश्विक और क्षेत्रीय महत्व के प्रमुख मुद्दों पर चर्चा करने के लिए उभरती अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है।



नई दिल्ली स्थित मा0 केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के आवास पर शिष्टाचार भेंट करते हुए उत्तर प्रदेश के मा0मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### वकील के पोशाक में कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंचीं ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय पहुंचीं और 2021 के विधानसभा चुनाव बाद हिंसा से जुड़े मामले में अदालत के समक्ष पक्ष रखा। वह सुबह वकील के परिधान में उच्च न्यायालय परिसर पहुंचीं और मुख्य न्यायाधीश सुजय पाल की खंडपीठ में सुनवाई के दौरान दलीलें पेश कीं। ममता बनर्जी ने अदालत में कहा कि वह पहली बार कलकत्ता उच्च न्यायालय में बहस कर रही हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 1985 में बार काउंसिल में उनका पंजीकरण हुआ था और तब से वह सदस्यता का नवीनीकरण कराती रही हैं। अदालत में ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव के बाद राज्य में महिलाओं, बच्चों और अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं सामने आ रही हैं।

## सबरीमाला मामले पर सुनवाई पूरी, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय की नौ जजों की संविधान बेंच ने सबरीमाला मंदिर मामले पर सुनवाई पूरी करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने इस मामले पर 16 दिनों तक सुनवाई की। उच्चतम न्यायालय की 9 जजों की संविधान बेंच ने इस मामले पर 7 अप्रैल से सुनवाई शुरू की थी। केंद्र सरकार ने इस मामले पर दाखिल अपने हलफनामे में कहा है कि सबरीमाला मंदिर में माहवारी से जुड़े आयु वर्ग की महिलाओं के प्रवेश पर रोक धार्मिक आस्था और स्वायतता का मामला है। केंद्र सरकार ने कोर्ट से इस प्रतिबंध को बरकरार रखने की मांग की है और कहा है कि ऐसे मामलों में न्यायिक समीक्षा की सीमा सीमित होनी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस एमएम सुंदरेश, जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह, जस्टिस अरविंद कुमार, जस्टिस एजे मसीह, जस्टिस पीबी वराले, जस्टिस आर महादेवन और जस्टिस जॉयमाल्या बागची शामिल हैं।

### नीट-यूजी पेपर लीक के पांच आरोपित सात दिनों की सीबीआई हिरासत में

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने नीट-यूजी पेपर लीक मामले के पांच आरोपितों को सात दिनों की सीबीआई हिरासत में भेज दिया है। स्पेशल जज अजय गुप्ता ने पांचों को सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इन आरोपितों को पेश कर सात दिनों की हिरासत की मांग करते हुए कहा कि इस पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए इनसे हिरासत में पूछताछ की जरुरत है। इसके बाद कोर्ट ने नासिक के शुभम खैरनार, जयपुर के मांगीलाल बिवाल, विकास बिवाल और दिनेश बिवाल और गुरुग्राम से यश यादव को सीबीआई हिरासत में भेजने का आदेश दिया। शुभम खैरनार को 13 मई को मुंबई से गिरफ्तार किया गया था, जहां से उसे दो दिनों की ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली लाया गया था।

## प्रधानमंत्री की अपील का असरः सैनी ने काफिले में घटाई गाड़ियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाहनों के काफिले में कटौती किए जाने का असर चंडीगढ़ में दिखाई दिया। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गुरुवार को अपने काफिले में शामिल गाड़ियों की संख्या को कम कर दिया तो वहीं राज्य के सहकारिता मंत्री साइकिल पर सवार होकर भाजपा कार्यालय में हुए कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे। प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी आज सरकार के मंत्रियों तथा विधायकों ने अपने काफिले की गाड़ियों को कम कर दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचत और संसाधनों के उचित उपयोग के आह्वान पर हरियाणा सरकार ने वीआईपी वाहनों के उपयोग में कटौती का फैसला किया है। सीएम नायब सिंह सैनी ने घोषणा की है कि अगले आदेश तक उनके कारकेड में सुरक्षा की दृष्टि से केवल आवश्यक वाहन ही शामिल होंगे। जिसके बाद सीएम ने अपने फ्लीट में न्यूनतम वाहनों के इस्तेमाल का निर्णय लिया है। इसके साथ ही उन्होंने सप्ताह में एक दिन बिना किसी सरकारी वाहन के कार्य करने का संकल्प भी लिया है।



**देशहित में**

- साइकिल से भाजपा कार्यालय पहुंचे कैबिनेट मंत्री
- ट्रेन व बस से चंडीगढ़ पहुंचे कई विधायक

### जिनपिंग से वार्ता के बाद बोले ट्रंप- पहले से बेहतर होंगे अमेरिका-चीन के रिश्ते

**टीम एक्शन इंडिया**

**बीजिंगः** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच गुरुवार को बीजिंग में बहुप्रतीक्षित वार्ता हुई। दोनों नेताओं ने आपसी हित के द्विपक्षीय मुद्दों के साथ पश्चिम एशिया, यूक्रेन संकट और कोरियाई प्रायद्वीप समेत कई अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका और चीन के रिश्ते पहले से बेहतर होने वाले हैं।

जिनपिंग ने वैश्विक स्थिरता के लिए दोनों देशों के रिश्ते को महत्वपूर्ण बताया। बीजिंग स्थित ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में करीब दो 2 घंटे तक चली इस वार्ता के दौरान जिनपिंग ने कहा कि दुनिया इस समय बड़े बदलावों के दौर से गुजर रही है और अमेरिका-चीन रिश्ते वैश्विक स्थिरता के लिए बेहद अहम हैं।

*एनसीबी ने हिमाचल प्रदेश से मॉडल का विवरण मांगा ताकि इस मॉडल का अध्ययन करने के बाद अन्य राज्यों में भी लागू किया जा सके*

# कामयाबीः हिमाचल प्रदेश के एंटी चिट्टा मॉडल से सीखेंगे बाकी राज्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश सरकार का एंटी चिट्टा मॉडल जहां अपराधियों की कमर तोडने में कामयाब हो रहा है, वहीं इस मॉडल की चर्चा अन्य राज्यों में भी होने लगी है। नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के रीजनल ऑफिस ने इस बारे में हिमाचल प्रदेश से रिपोर्ट मांगी है ताकि इस मॉडल का अध्ययन करने के बाद अन्य राज्यों में भी लागू किया जा सके और चिट्टा कारोबार में संलिप्त अपराधियों पर प्रभावी ढंग से कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद चिट्टे की समस्या से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने एक व्यापक योजना तैयार करने के निर्देश दिए। इस योजना के तहत चिट्टे में संलिप्त अपराधियों के साथ-साथ पंचायत स्तर तक मैपिंग की गई है। हिमाचल प्रदेश, देश का पहला राज्य है, जहां पंचायतों में चिट्टे का नशा करने वालों और तस्करों की पहचान कर इन्हें रेड, येलो और ग्रीन श्रेणी के रूप में पहचाना गया है। सर्वे में पाया गया है कि प्रदेश की 234 पंचायतों में चिट्टे का प्रभाव सबसे अधिक है और इन्हें रेड श्रेणी में रखा गया है। इन पंचायतों में चिट्टे का प्रभाव कम करने के लिए मुख्यमंत्री के निर्देश पर पुलिस की निगरानी बढ़ाई गई, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। हिमाचल प्रदेश के एंटी चिट्टा मॉडल के तहत जहां चिट्टे के कारोबार में संलिप्त अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है, वहीं इस समस्या के पीड़ित व्यक्तियों के पुनर्वास पर भी ध्यान दिया जा रहा है। राज्य सरकार ने पिट-एनडीपीएस एक्ट लागू कर 174 अपराधियों को हिरासत में लिया और इस तरह की बड़ी कार्रवाई करने पर हिमाचल प्रदेश देश भर में पहले स्थान पर रहा। इसके अतिरिक्त नशा तस्करों की 51 करोड़ रुपए की अवैध संपत्तियां जब्त की गई हैं, जो पहले की तुलना में तीन गुणा अधिक है। 700 से ज्यादा मामलों में जांच की गई और 300 मामलों की आर्थिक जांच और संपत्ति जब्त करने के लिए उपयुक्त पाया है।



**रिपोर्ट तलब**

- नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के रीजनल ऑफिस ने इस बारे में हिमाचल प्रदेश से रिपोर्ट मांगी है

# सुप्रीम कोर्ट ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति वाले कानून पर उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश की भूमिका खत्म करने के केंद्र सरकार के कानून पर उच्चतम न्यायालय ने सवाल खड़े करते हुए कहा कि एक कैबिनेट मंत्री प्रधानमंत्री के खिलाफ जा ही नहीं सकता है। जस्टिस दीपांकर दत्ता की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि ऐसे में सभी नियुक्तियों पर फैसला जाहिर तौर पर तिहाई के बहुमत से ही होगा। सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने कहा कि जब देश के मुख्य न्यायाधीश सीबीआई निदेशक की चयन प्रक्रिया में शामिल होते हैं तो मुख्य निर्वाचन आयुक्त और दूसरे निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति के लिए भी स्वतंत्र प्रक्रिया क्यों नहीं हो सकती है। कोर्ट ने कहा कि चूंकि यह भी बहुत महत्वपूर्ण है और निर्वाचन आयोग की स्वायत्तता लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। इसके पहले 7 मई को सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने इस बात पर चिंता जताई थी कि देश में सरकारों ने निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए कानून नहीं बनाए। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत भूषण से पूछा कि संसद ने बरनवाल फैसले के पहले कोई कानून क्यों नहीं बनाया। दरअसल, 2023 में अनूप बरनवाल के फैसले में ही उच्चतम न्यायालय ने निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति वाले पैनल में मुख्य न्यायाधीश को शामिल करने का आदेश दिया था।






# पीएम की अपील को पूरी गंभीरता से पढ़कर, समझकर निष्कर्ष निकालना चाहिएः योगी

पब्लिक ट्रांसपोर्ट, कार पूलिंग और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे विकल्प अपनाकर आत्मनिर्भरता अभियान को मजबूती देना हर नागरिक का दायित्वः मुख्यमंत्री, हर विभाग का प्रेजेंटेशन लिया गया और कार्ययोजना तैयार की गई। खजाना खाली था, कर्मचारियों के वेतन के लिए भी पैसे नहीं थे, लेकिन हमने स्पष्ट नीति बनाई कि कोई भाई-भतीजावाद नहीं, कोई क्षेत्रवाद नहीं, कोई परिवारवाद नहीं

**वैश्विक संकट**

यह वैश्विक संकट है, जिसका असर ईंधन, खाद्य व उर्वरक आपूर्ति पर पड़ सकता हैः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिस तरह कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी के दौरान देशवासियों ने एकजुट होकर संकट का सामना किया था, पश्चिम एशिया में उत्पन्न परिस्थितियों के बीच उसी सामूहिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय भावना के साथ आगे बढ़ने की आवश्यकता है। यह वैश्विक संकट है, जिसका असर ईंधन, खाद्य व उर्वरक आपूर्ति पर पड़ सकता है। ऐसे समय हर नागरिक का दायित्व बनता है कि वह पब्लिक ट्रांसपोर्ट और रिन्यूएबल एनर्जी जैसे विकल्पों को अपनाकर देश के आत्मनिर्भरता अभियान को मजबूती दे। मुख्यमंत्री गुरुवार को लखनऊ के होटल ताज में "9 डिफाइनिंग इयर्स ऑफ ट्रांसफॉर्मिंग यूपी" कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे।

**संकट के समय देशहित सर्वोपरि**

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी की अपील का उल्लेख करते हुए ईंधन की बचत के लिए रिन्यूएबल एनर्जी, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों, कार पूलिंग, मेट्रो, इलेक्ट्रिक व्हीकल और शटल बस जैसी व्यवस्थाओं को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने 7700 से अधिक गोआश्रय स्थलों में संरक्षित 15 लाख से अधिक गोवंश के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में गोबर गैस प्लांट आधारित सामूहिक किचन मॉडल विकसित करने की बात कही, जिससे एलपीजी पर निर्भरता कम हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि संकट के समय देशहित सर्वोपरि होना चाहिए। हर नागरिक का दायित्व है कि वह राष्ट्र के साथ खड़ा होकर अपना योगदान दे। उन्होंने अधूरी जानकारी के आधार पर नकारात्मक टिप्पणी करने वालों को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की अपील को पूरी गंभीरता से पढ़कर, समझकर और चिंतन-मनन के बाद ही निष्कर्ष निकालना चाहिए। देश रहेगा तो हम सब रहेंगे, प्रदेश सुरक्षित रहेगा तो हम सब सुरक्षित रहेंगे और देश समृद्ध होगा तो हम सब भी समृद्धि की ओर अग्रसर होंगे।




## आक्रमणों के बावजूद भारत अस्तित्व बचाने में सफलः मुख्यमंत्री योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में आज जो आर्थिक समृद्धि दिखाई दे रही है, उसकी जड़ें मात्र 400-500 वर्ष पुरानी हैं, जबकि भारत में यह समृद्धि इससे बहुत पहले विद्यमान थी। लेकिन जब हमने अपने संसाधनों, ज्ञान और नवाचार पर विश्वास करना छोड़ दिया, रिसर्च एवं डेवलपमेंट को उपेक्षित किया तो हम पिछड़ते गए। उस समय तीर्थयात्रा पर्यटन का प्रमुख रूप थी। केदारनाथ में जलाभिषेक के लिए रामेश्वरम का जल और रामेश्वरम में अभिषेक के लिए गंगोत्री का जल ले जाने की परंपरा उत्तर और दक्षिण को जोड़ती थी। द्वादश ज्योतिर्लिंग और चार धाम पूरे देश को एक सूत्र में बांधते थे। जीवन इस तरह व्यवस्थित था कि कोई किसी पर बोझ न बने। यही कारण था कि भारत विश्व गुरु बना। हजार वर्षों के आक्रमणों, अत्याचारों और शोषण के बावजूद भारत अपने अस्तित्व और संस्कृति को बचाए रखने में सफल रहा, जो दुनिया में कम ही देखने को मिलता है।

**2017 से पहले उत्तर प्रदेश को बना दिया था प्रश्न प्रदेश**

मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश को प्रश्न प्रदेश बना दिया गया था। युवाओं के सामने पहचान का संकट था, व्यापारी पलायन कर रहे थे, किसान आत्महत्या कर रहे थे, त्योहारों के समय दंगे-फसाद होते थे, गुंडागर्दी और माफिया राज था। भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार और सरकारी उदासीनता चरम पर थी। सरकार बनते ही हमने पहले एक महीने तक केवल मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ शाम छह बजे से रात बारह बजे तक बैठक की।

**जब सरकार सोती है तो इंस्पेक्टर राज चलता है**



मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले यूपी के एमएसएमई क्षेत्र के बारे में कोई सोचता भी नहीं था। सब कुछ भगवान भरोसे था क्योंकि सरकार चादर तानकर सो रही थी। जब सरकार सोती है तो इंस्पेक्टर राज चलता है। कारीगर हतोत्साहित और प्रताड़ित होकर पलायन कर चुका था या जैसे-तैसे गुजारा कर रहा था। लेकिन आज प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं, जिनमें लगभग तीन करोड़ लोगों को रोजगार मिला है। प्रदेश के पास आज 75,000 एकड़ का लैंड बैंक उपलब्ध है। इन्वेस्टमेंट की पहली शर्त सुरक्षा, दूसरी शर्त लैंड बैंक और तीसरी शर्त स्पष्ट नीति है। अब यूपी में पॉलिसी पैरालिसिस नहीं है। हमने 34 सेक्टरों के लिए अलग-अलग सेक्टोरल पॉलिसी बनाई है। अब नीति भी है, नीयत भी है और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने की इच्छाशक्ति भी। परिणाम यह है कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बेहतरीन निवेश गंतव्य बन चुका है।

**महिलाएं अब रात 12 बजे भी बेखौफ घर आ सकती हैं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाएं अब बिना किसी भय के शाम 6 बजे, 8 बजे, 10 बजे या रात 12 बजे भी घर लौट सकती हैं। नाइट शिफ्ट में महिलाएं ऑफिस और उद्योगों में काम कर रही हैं।

बेटियां निडर होकर स्कूल जा रही हैं। हमने प्रति व्यक्ति आय को तीन गुना बढ़ाया है। वर्ष 2017 में यह 43,000 रुपये थी, जो आज बढ़कर 1,20,000 रुपये से अधिक हो चुकी है।

# आम उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत, आसान हुआ पुराने बिजली बिलों का भुगतान

**धनंजय राठौर, संयुक्त संचालक**
**सुनील त्रिपाठी, सहायक संचालक**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ सरकार की मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 बीपीएल, घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं के लिए एक राहत पहल है। इसके तहत पुराने बकाये पर सरचार्ज में छूट मिल रही है। बकाया बिजली बिल पर लगने वाला पूरा सरचार्ज (ब्याज) माफ या मूल बकाया राशि एकमुश्त या किस्तों में जमा करने की सुविधा। यह योजना बीपीएल, सामान्य घरेलू और कृषि उपभोक्ताओं को लंबे समय से लंबित बिजली बिलों के बोझ से मुक्ति दिलाने के लिए लाई गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेशवासियों को आर्थिक राहत प्रदान करने और




उनकी दैनिक जीवन से जुड़ी समस्याओं का व्यावहारिक समाधान देने के लिए लगातार जनहितकारी निर्णय ले रही है। इसी कड़ी में शुरू की गई मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 लाखों बिजली उपभोक्ताओं के लिए राहत का बड़ा माध्यम बनकर उभरी है। यह योजना विशेष रूप से उन परिवारों के लिए उपयोगी है जो पुराने बकाया बिजली बिल और बढ़ते सरचार्ज के कारण आर्थिक दबाव में थे।

**क्या है मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026**

मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 राज्य सरकार की एक विशेष पहल है, जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के पुराने और लंबित बिजली बिलों का सरल समाधान उपलब्ध कराना है।

योजना के तहत बकाया बिजली बिलों पर लगने वाले सरचार्ज को पूरी तरह माफ किया जा रहा है। इसके साथ ही उपभोक्ताओं को शेष राशि का भुगतान एकमुश्त या आसान किस्तों में करने की सुविधा भी दी गई है।

पात्र श्रेणियों के उपभोक्ताओं को मूल बकाया राशि पर भी विशेष छूट का लाभ मिल रहा है।

# आयुष्मान योजना को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए चलाया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** योगी सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में लगातार बड़े कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जय) के तहत अस्पतालों और चिकित्सकों के डाटा को और अधिक सटीक बनाने के लिए विशेष सत्यापन एवं सैनेटाइजेशन अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य योजना के लाभार्थियों को सुरक्षित, पारदर्शी और उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

अस्पतालों एवं चिकित्सकों से जुड़े डाटा का किया गया परीक्षण

साचीज की सीईओ अर्चना वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का प्रयास है कि गरीब

**विशेष अभियान**

विशेष अभियान के दौरान अस्पतालों एवं चिकित्सकों से जुड़े डाटा का गहन परीक्षण किया गया

और जरूरतमंद लोगों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचे। साथ ही किसी भी प्रकार की अनियमितता की संभावना को समाप्त किया जा सके। ऐसे में विभाग की ओर से तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर कई सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं। हाल ही में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान अस्पतालों एवं चिकित्सकों से जुड़े डाटा का गहन परीक्षण किया गया, जिसमें कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए।

# 'एआई फॉर ऑल' पहल से प्रदेश के युवाओं को मिलेगा भविष्य की तकनीक का ज्ञान

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार युवाओं को भविष्य की तकनीकों से जोड़कर उन्हें रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में प्रदेश सरकार द्वारा एआई फॉर ऑल पहल को पूरे प्रदेश में प्रभावी रूप से लागू किया गया है, जिसके तहत हर नागरिक को निःशुल्क आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल के निर्देशन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन इस




अभियान को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। यह कार्यक्रम वैश्विक आईटी संस्था ओरेकल यूनिवर्सिटी के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 13 अप्रैल 2026 को मुजफ्फरनगर में आयोजित वृहद रोजगार मेले के दौरान किया था। योगी सरकार का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं, विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों तथा आम नागरिकों को आधुनिक तकनीकों में दक्ष बनाकर उन्हें डिजिटल अर्थव्यवस्था के अनुरूप तैयार करना है। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज वैश्विक स्तर पर रोजगार, उद्योग और कार्य संस्कृति में बड़ा बदलाव ला रहा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार चाहती है कि प्रदेश का युवा तकनीकी रूप से सक्षम बने और नई संभावनाओं का लाभ उठाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गांव, कस्बों और शहरों तक इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए।

# आपदा पीड़ितों के साथ खड़ी योगी सरकार, राहत कार्यों में

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आंधी, आकाशीय बिजली और अतिवृष्टि से प्रभावित परिवारों के प्रति मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस बार भी संवेदनशीलता दिखाई है। सीएम ने सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों को प्रभावित परिवारों से मुलाकात करने और हालात का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा है कि आपदा की इस घड़ी में सरकार पूरी मजबूती के साथ जनता के साथ खड़ी है और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

**शासन स्तर से की जा रही मॉनिटरिंग**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिलाधिकारियों ने प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत राशि उपलब्ध करानी शुरू कर दी है। शासन स्तर से लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि जरूरतमंदों तक सहायता समय पर पहुंचे। मुख्यमंत्री ने सभी डीएम को निर्देशित किया है कि प्रभावित परिवारों को जो भी सहायता आवश्यक हो, उसे बिना देरी उपलब्ध कराया जाए।

# छत्तीसगढ़ के श्रमिकों और नियोक्ताओं के लिए नई डिजिटल सौगात

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा प्रदेश के निर्माण श्रमिकों के आर्थिक सशक्तिकरण और उन्हें रोजगार के सुलभ अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से ई-श्रम साथी मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल विजन और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में शुरू की गई इस पहल का मुख्य ध्येय निर्माण श्रमिक न हो हताश, ई-श्रम साथी ऐप में करे काम की तलाश के संकल्प को चरितार्थ करना है। यह ऐप विशेष रूप से उन श्रमिकों के लिए बनाया गया है जो अपने कौशल के अनुरूप उपयुक्त कार्य




की तलाश में रहते हैं, ताकि वे बिचौलियों के बिना सीधे काम पा सकें। इस डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से श्रमिकों को बहुआयामी लाभ प्राप्त होंगे, जिसमें वे अपने निवास स्थान के निकटतम उपलब्ध कार्यों की त्वरित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। ऐप पर पंजीकरण की प्रक्रिया पूर्णतः

**ई-श्रम साथी ऐप**

मुनगा, हरी पत्तेदार सब्जियां, दालें एवं प्रोटीनयुक्त आहार के उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा

निःशुल्क और उपयोग में सरल रखी गई है, जिससे श्रमिक स्वयं अपना डेटा दर्ज कर सकते हैं और अपनी दक्षता के अनुसार कार्य का चयन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, यह ऐप श्रमिकों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की सटीक जानकारी और उनका सीधा लाभ दिलाने में एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाएगा। नियोक्ताओं के लिए भी यह ऐप एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आया है, जहाँ वे अपनी आवश्यकतानुसार कुशल और अकुशल श्रमिकों की खोज कर सकते हैं। यह एक तेज और भरोसेमंद डिजिटल माध्यम है जो पंजीकृत एवं विभाग द्वारा सत्यापित श्रमिकों तक सीधी पहुंच प्रदान करता है, जिससे नियोक्ताओं के समय और भर्ती प्रक्रिया की लागत में महत्वपूर्ण बचत होगी। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल (श्रम विभाग) ने सभी पात्र नागरिकों से इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करने की अपील की है।

# ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा के सबसे बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायगढ़।** रायगढ़ जिले में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टेबाजी और उससे जुड़े आर्थिक अपराधों पर अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई करते हुए रायगढ़ पुलिस ने एक संगठित सट्टा सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में साइबर सेल, कोतवाली और अन्य पुलिस टीमों द्वारा की गई विस्तृत जांच में यह खुलासा हुआ कि जिले में संचालित ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा केवल जुए तक सीमित नहीं था, बल्कि इसके जरिए करोड़ों रुपये के अवैध लेनदेन, ब्लैक मनी के संचलन, हवाला नेटवर्क और आर्थिक अपराधों का पूरा संगठित तंत्र सक्रिय था। इस कार्रवाई में पुलिस ने सट्टे से अर्जित अवैध धन को वैध स्वरूप देने के प्रमाण जुटाते हुए तीन प्रमुख आरोपियों—करन चौधरी, पुष्कर अग्रवाल और सुनील अग्रवाल—को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 करोड़ 2 लाख 81 हजार 300 रुपये नकद, एक नोट गिनने की मशीन, चार मोबाइल फोन तथा अन्य सामग्री सहित कुल 1 करोड़ 3 लाख 86 हजार 300 रुपये की संपत्ति जब्त की गई है।

**जाने पूरा मामला**

पूरा ज्ञात हो कि दिनांक 26 अप्रैल को साइबर सेल, थाना कोतवाली

**जन-सुरक्षा**

ब्लैक मनी को हवाला के नोट से व्हाइट करने वाले संगठित गिरोह पर रायगढ़ पुलिस की ऐतिहासिक कार्रवाई

और थाना घरघोड़ा की संयुक्त टीम ने रायगढ़ शहर एवं घरघोड़ा क्षेत्र में ऑनलाइन आईपीएल सट्टा नेटवर्क पर एक साथ दबिश देकर छह आरोपियों - 1. सोनू देवांगन पिता रूपेन्द्र देवांगन उम्र 21 वर्ष निवासी नया गंज कोष्टापारा रायगढ़ थाना कोतवाली रायगढ़ 2. हर्षित देवांगन पिता स्व० अनन्त राम देवांगन उम्र 24 वर्ष पेशा कैफे सेन्टर निवासी नया गंज कोष्टापारा रायगढ़ 3. भरत गोयल पिता सुभाष गोयल उम्र 22 साल सा. लैलुंगा रोड घरघोडा 4.गौतम भोजवानी पिता श्याम भोजवानी उम्र 26 साल सा. कन्या शाला के पीछे साईराम कालोनी घरघोडा 5. लक्ष्मीनारायण सिदार पिता चंदन सिंह उम्र 28 साल सा. वार्ड नं. 13 घरघोडा 6. सागर गुप्ता पिता विनोद गुप्ता उम्र 27 साल सा. वार्ड नं. 02 कन्या शाला के पीछे घरघोडा 7 मोबाईल कीमती करीब ढाई लाख रुपए नगदी रकम- 15,490 रुपए की जप्ती हुई थी।

कम समय में घने जंगल तैयार कर पर्यावरण संरक्षण को मिल रही नई दिशा, पर्यावरण संरक्षण में मिल रहे बहुआयामी लाभ

# मियावकी वन तकनीक से हरित छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ते कदम

**धनंजय राठौर**
**संयुक्त संचालक**
**अशोक कुमार चंद्रवंशी**
**सहायक जनसंपर्क अधिकारी**
**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए मियावाकी तकनीक एक बेहद प्रभावी और लोकप्रिय विधि बन गई है। जापानी वनस्पतिशास्त्री डॉ. अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित यह तकनीक केवल 2-3 वर्षों में बंजर भूमि को घने, आत्मनिर्भर सूक्ष्म वनों में बदल देती है। पारंपरिक वृक्षारोपण की तुलना में यह विधि 10 गुना तेजी से बढ़ती है और 30 गुना अधिक घने जंगल बनाती है, जो शहरी क्षेत्रों के लिए आदर्श है।

छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण और



वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए मियावकी वन तकनीक तेजी से अपनाई जा रही है। राज्य में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड द्वारा इस तकनीक के जरिए शहरी क्षेत्रों, औद्योगिक क्षेत्रों और खनन प्रभावित इलाकों में बड़े पैमाने पर हरियाली विकसित की जा रही है। मियावकी पद्धति में स्थानीय प्रजातियों के पौधों को अधिक घनत्व में लगाया जाता है, जिससे मात्र 3 से 5 वर्षों में घना जंगल तैयार हो जाता है।

**राज्य में तेजी से बढ़ रहा सघन वनीकरण**

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2022 से मियावकी पद्धति के तहत लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। वर्ष 2022 में कोटा मण्डल में एनटीपीसी लिमिटेड के सहयोग से 1 हेक्टेयर क्षेत्र में 23 हजार पौधे तथा 0.3 हेक्टेयर में 7 हजार पौधे लगाए गए। वर्ष 2023 में कोटा के भिल्मी क्षेत्र में 6.4 हेक्टेयर भूमि पर 64 हजार पौधों का रोपण किया गया। वहीं गेवरा क्षेत्र में 2 हेक्टेयर भूमि पर 20 हजार पौधे लगाए गए। वर्ष 2024 में कोटा के उच्चभट्ठी क्षेत्र में 3.2 हेक्टेयर में 32 हजार पौधे लगाए गए। इसके अलावा रायगढ़ मण्डल के तिलईपाली और छाल क्षेत्रों में कुल 3.75 हेक्टेयर भूमि पर 37 हजार 500 पौधों का सफल रोपण किया गया।

**वर्ष 2025 में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं जारी**

वर्तमान में राज्य के कई क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्य तेजी से जारी है। बारनवापारा मण्डल में ह्यहरियर छत्तीसगढ़ह्न योजना के तहत 6 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। कोरबा और रायगढ़ क्षेत्रों में साउथ इस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के सहयोग से 4 हेक्टेयर क्षेत्र में 40 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। वहीं विशेष परियोजनाओं के अंतर्गत महानदीकोलफील्ड लिमिटेड द्वारा 1.9 हेक्टेयर भूमि पर 64 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही अरपा नदी के किनारे भी बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर हरित क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है।

**पर्यावरण संरक्षण में मिल रहे बहुआयामी लाभ**

विशेषज्ञों के अनुसार मियावकी वन सामान्य जंगलों की तुलना में अधिक कार्बन अवशोषित करते हैं। इससे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है। यह तकनीक वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने, भू-जल स्तर सुधारने और मिट्टी संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन वनों की शुरूआती वर्षों में देखभाल की जाती है, जिसके बाद ये जंगल स्वतः विकसित होने लगते हैं। इससे रखरखाव की लागत कम होती है और लंबे समय तक पर्यावरणीय लाभ मिलता है।

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए कोरबा जिले के गेवरा क्षेत्र के 12.45 हेक्टेयर डंप क्षेत्र में 33 हजार 935 मिश्रित प्रजातियों के पौधों का सफल रोपण किया है।

# जिला में बाढ़ आपदा को लेकर व्यवस्थित रूप से हुई मॉक एक्सरसाइज

**योजना**

यमुना नदी के किनारे गांव टापू कमालपुर में यमुना नदी में बाढ़ के पानी में लोगों के फंसे होने की सूचना मिली

**टीम एक्शन इंडिया**
**अवतार सिंह चुघ**
**यमुनानगर, 14 मई-** यमुनानगर में गुरुवार को सुबह जिला सचिवालय परिसर में बनाए गए कंट्रोल रूम में फोन पर सूचना मिली कि स्वामी विवेकानंद स्कूल में बाढ़ का पानी घुस गया तथा भवन का एक हिस्सा ढह गया, जिसके चलते कई लोगों के मलबे में दबने और घायल हो गए है। इसी प्रकार यमुना नदी के किनारे गांव टापू कमालपुर में यमुना नदी में बाढ़ के पानी में लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। तुरंत प्रभाव से बाढ़ की स्थिति से पैदा हुई आपदा में जिला प्रशासन राहत



कार्य में जुट गया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं डीसी प्रीति प्रशासनिक टीम के साथ स्वयं फील्ड में नजर आई और बचाव व राहत कार्य में जुटी टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने आपदा के कारण प्रभावित स्थल स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल जगाधरी व नागरिक अस्पताल सहित स्टेजिंग एरिया अनाज मंडी जगाधरी व राहत कैम्प पंचायत भवन का दौरा करते हुए आपदा प्रबंधन का जायजा लिया। इसी प्रकार यमुना नदी के किनारे गांव टापू कमालपुर में मॉक एक्सरसाइज आपदा प्रबंधन के तहत हुई। मॉक एक्सरसाइज के नोडल अधिकारी एवं एडीसी नवीन आहूजा ने कंट्रोल रूम से हर पहलू पर नजर रखी। पूरी मॉक एक्सरसाइज की लाइव स्ट्रीमिंग भी हुई।

जिला प्रशासन यमुनानगर द्वारा बाढ़ जैसी आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, एसडीआरएफ, पुलिस, फायर विभाग, लोक निर्माण विभाग, एनएसएएस, एनसीसी, रेड क्रॉस तथा अन्य विभागों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के दौरान आपदा की स्थिति में स्वामी विवेकानंद स्कूल में 200 लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर रेस्क्यू टीम द्वारा 17 घायलों का रेस्क्यू किया गया जबकि गंभीर रूप से घायल 4 लोगों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कर उपचार दिया गया। जबकि 13 लोगों को प्राथमिक उचार के बाद राहत केन्द्र भेजा गया अथवा छुट्टी दे दी गई। इसी प्रकार यमुना नदी के किनारे गांव टापू कमालपुर में यमुना नदी में फंसे हुए 23 लोगों को रेस्क्यू किया गया, उन लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद राहत केन्द्र भेजा गया और छुट्टी दे दी गई। राहत स्थल, स्टैजिंग एरिया, घटना स्थल 1 व 2 पर एसडीएम जगाधरी विश्वनाथ, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार अपनी राहत टीम के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर एसडीआरएफ के कैप्टन नरेश, जिला राजस्व अधिकारी तरुण सहोता, डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, डीईओ प्रेमलता, रेडक्रॉस सचिव संजीव धीमान, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. वागीश गुटैन, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी पुनीत जिंदल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मॉक सीनारियों के अनुसार यह हुआ
जिला यमुनानगर में आयोजित फ्लड मॉक एक्सरसाइज के दौरान भारी बारिश और बाढ़ की काल्पनिक स्थिति बनाकर राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया। मॉक सीनारियो के अनुसार स्वामी विवेकानंद स्कूल में बाढ़ का पानी घुस गया तथा भवन का एक हिस्सा ढह गया, जिसके चलते कई लोगों के मलबे में दबने और घायल होने की सूचना मिली। घटना के तुरंत बाद जिला प्रशासन ने इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर सक्रिय किया और एसडीआरएफ, पुलिस, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य एजेंसियों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाया। घायलों को सुरक्षित निकालकर ट्रामा सैंटर, पंचायत भवन पहुंचाया गया, जहां

# 12वीं बोर्ड परीक्षा में स्वीफ्ट इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान



**इंद्री (मैनपाल कश्यप)**
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड (एचबीएसई) द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में स्वीफ्ट इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही स्कूल परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया। विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की। विद्यालय के डायरेक्टर रविंद्र शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बेहतर वातावरण उपलब्ध करवाना विद्यालय की प्राथमिकता है ताकि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहें।

विद्यालय की 12वीं बोर्ड परीक्षा में मेडिकल संकाय के विद्यार्थी वंश ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। नॉन मेडिकल संकाय में तमन्ना व विशु ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर शानदार सफलता हासिल की। कला संकाय में लक्ष्मी ने 87 प्रतिशत व दृष्टि ने 79 प्रतिशत अंक लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसके अलावा मेडिकल संकाय के इशू ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कला संकाय में प्रियांशु व शबाद ने 70 प्रतिशत, खुशी ने 68 प्रतिशत तथा नैंसी ने 67 प्रतिशत अंक हासिल किए।

**न्यूज फ्लैश**

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, डीग का कक्षा 10 का परीक्षा परिणाम शानदार



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, डीग का सत्र 2025-26 का कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा परिणाम अत्यंत शानदार रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय से कुल 37 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 36 विद्यार्थी सफल रहे तथा 1 विद्यार्थी कम्पार्टमेंट में रहा। इस प्रकार विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 97.29 प्रतिशत रहा।
विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 4 मेरिट स्थान प्राप्त किए तथा 16 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की।
विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों में –राधिका – 447/500 अंक, मानवी – 436/500 अंक,
गौरव – 422/500 अंक ने विशेष उपलब्धि हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुखदेव सिंह बांकुरा ने सभी सफल विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकगण को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, अध्यापकों के समर्पण तथा विद्यालय प्रबंधन समिति (रटउ) एवं ग्राम पंचायत के सहयोग का परिणाम है। इस सफलता में विद्यालय के अध्यापकगण – गीता, राजेश, सीमा, रेखा, सुरिंदर कौर, रीट्टा, डॉली, राजेश, राजबीर, बबनदीप, जुल्फकार, हरविंदर, शिवकांत, पूजा, गुरजैंट, मोनिका, शशि, रजनी, हितेश एवं अन्य स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। विद्यालय प्रबंधन समिति (रटउ) के प्रधान सोनी, सदस्य चंद्रभान, महेंदर, रेखा, सूरजभान, रावल, संजीव, सुमित, सुमन तथा ग्राम पंचायत की सरपंच नेहा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों और स्टाफ को शुभकामनाएँ दीं।
विद्यालय परिवार ने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन करते रहेंगे।

## मुकंद लाल स्कूल में स्टेम टॉय मेकिंग गतिविधि आयोजित

**रादौर,(कुलदीप सैनी)** : मुकंद लाल नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों की रचनात्मकता एवं वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ह्लस्टेम टॉय मेकिंग एक्टिविटीह्व का आयोजन किया गया।



इसमें कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान और तकनीक की सहायता से विभिन्न प्रकार के खिलौने एवं मॉडल तैयार किए।
बच्चों द्वारा बनाए गए आकर्षक और उपयोगी मॉडल सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद ग्रोवर ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में नई सोच, आत्मविश्वास और सीखने की रुचि विकसित करती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यापिका हिमानी, मिताशी, उर्वशी, आरती तथा अध्यापक दीपक का विशेष योगदान रहा।

# लघु सचिवालय पार्ट-2 के परिसर में वाहन खड़ा करने पर कटेगा चालान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि लघु सचिवालय पार्ट-2 के परिसर में वाहन खड़ा करने पर नियमानुसार वाहन का चालान किया जाएगा। इस बारे में सभी विभागों को सूचित भी किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि लघु सचिवालय पार्ट -2 के परिसर में साइकिल, मोटर साइकिल, स्कूटी खड़ी की जा रही है। लघु सचिवालय में स्थित सभी विभागाध्यक्षों को पत्र लिखकर लघु सचिवालय पार्ट-2 के परिसर में वाहन ना खड़ा करने के लिए अवगत करवाया



गया है। उन्होंने कहा कि अब आगे से यदि कोई भी नागरिक, कर्मचारी या अधिकारी लघु सचिवालय पार्ट-2 के परिसर में वाहन खड़ा पाया जाता है तो उस वाहन का नियमानुसार चालान काटा जाएगा।

# सकारात्मक सोच से बदलेगा जीवनः ब्रह्माकुमारी सरोज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान की शिपिंग, एवियशन एंड टूरिज्म विंग के अभियान के अंतर्गत ज्ञान अमृत मासिक पत्रिका के सह-संपादक राजयोगी बीके संतोष भाई, बीके मेघा बहन, बीके मनसा बहन, मुंबई से बीके प्रशांति दीदी तथा अंबाला से बीके शैली दीदी का कुरुक्षेत्र स्थित विश्व शांति धाम सेवा केंद्र पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। सेंटर इंचार्ज राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरोज बहन ने सभी अतिथियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि अनुभवी राजयोगी आत्माओं का



सान्निध्य समाज में आध्यात्मिक जागृति और सकारात्मक परिवर्तन का माध्यम बनता है। इस अवसर पर बीके राधा, बीके लता, बीके पुष्पा, बीके प्रियंका बहन तथा बीके डॉ. आर.डी. शर्मा ने पटका पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों को सम्मानित किया।
कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राजयोगी बीके संतोष भाई ने वरिष्ठ राजयोगी प्रवक्ता एवं आध्यात्मिक लेखक पूज्य जगदीश भाई की 25वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके तपस्वी और सेवामय जीवन को स्मरण किया। उन्होंने कहा कि जगदीश भाई केवल एक महान वक्ता या लेखक ही नहीं, बल्कि त्याग, सादगी और अनुशासन की साकार प्रतिमूर्ति थे। उन्हें इकोनॉमी का अवतार कहा जाता था। ब्रह्माकुमारीज का अधिकांश आध्यात्मिक साहित्य उनके अथक परिश्रम और लेखनी का परिणाम है।
उन्होंने कहा कि यज्ञ सेवा के प्रति उनका समर्पण अंतिम सांस तक बना रहा। जीवन के अंतिम दिनों में भी बीमारी की अवस्था में बिस्तर पर रहते हुए उन्होंने एक पुस्तक लिखकर सेवा और पुरुषार्थ का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका सम्पूर्ण जीवन हर आत्मा को सेवा, समर्पण और तपस्या की प्रेरणा देता रहेगा। बीके संतोष भाई ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि खुशी बाहरी वस्तुओं और परिस्थितियों पर आधारित होती है, इसलिए वह अस्थायी है, जबकि आनंद आत्मा की आंतरिक स्थिति है, जो केवल राजयोग के अभ्यास से प्राप्त होता है। जब मनुष्य स्वयं से जुड़ता है।

# पुलिस ने पोक्सो एक्ट में किया केस दर्ज, आरोपी को कोर्ट में पेश कर भेजा न्यायिक हिरासत में

**अवतार सिंह चुघ**
**यमुनानगर, 14 मई**
थाना छप्पर पुलिस टीम ने 13 वर्षीय नाबालिगा के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक आरोपी को किया गिरफ्तार। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना छप्पर पुलिस टीम ने 13 वर्षीय नाबालिगा के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



थाना प्रबंधक अजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसकी 13 वर्षीय नाबालिक लड़की जो सरकारी स्कूल मुस्तफाबाद में नौवीं कक्षा में पढ़ती है। दिनांक 11 मई को उसको पता चला कि उसकी लड़की स्कूल में नहीं गई। जब उसने अपनी लड़की से इस बारे पूछा तो उसने बताया कि गांव काह्लड़ी कला निवासी कुनाल पुत्र गुरमेल सिंह उसको बहला फुसला कर अपने साथ ले गया था। आरोपी कुणाल ने उसकी लड़की के साथ बिना उसकी मर्जी के गलत काम किया है। इस शिकायत पर पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

## चेतना ने 92.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया स्कूल में प्रथम स्थान

**रादौर, (कुलदीप सैनी)** : महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, गुमथला राव का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के एमडी डॉ. सुदेश बंसल ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर मिठाई खिलाई और उनकी सफलता पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अध्यापकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार परिणाम संभव हुआ है। परीक्षा परिणाम में चेतना ने 92.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया।

# श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल का 12वीं का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : श्री महावीर जैन पब्लिक स्कूल, कुरुक्षेत्र का सीबीएसई कक्षा 12वीं सत्र 2025-26 का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अभिभावकों एवं शिक्षकों का नाम गौरवान्वित किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया।
कॉमर्स संकाय में रिदम खुराना ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। प्रियांशी ने 91.6 प्रतिशत



अंक प्राप्त किए। आर्ट्स संकाय में गिरिशा ने 90.6 प्रतिशत तथा अंजली ने 90.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वंशिका ने 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।
मेडिकल संकाय में सोफिया और नितिशा ने 85.2 प्रतिशत, मान्या ने 84.4 प्रतिशत तथा पायल ने 84.6 प्रतिशत अंक हासिल किए।
विद्यालय के अन्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में प्रीति (कॉमर्स), अनिका, तस्बीन, अभिनव, विनय, परनीत, प्रीति (आर्ट्स), विनीत, काव्य, जीवेश, भविष्य, आयुष, यशिका, गुरशगन, माहिर और चिराग शामिल रहे। इन विद्यार्थियों ने भी शानदार अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।
विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्या ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही यह उत्कृष्ट परिणाम है। विद्यालय परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएँ दीं।

# गांव गोबिंदपुरा में मेयर का जनता से सीधा संवाद, सुनीं समस्याएं

## ड्रेनेज सिस्टम जल्द होगा मजबूत : सुमन बहमनी



**अवतार सिंह चुघ**
**यमुनानगर, 14 मई ।** नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने वार्ड नंबर-22 के गांव गोबिंदपुरा का दौरा कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। मेयर ने लोगों से सीधा संवाद किया।
इस दौरान गांव गोबिंदपुरा सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने सफाई व्यवस्था, पानी निकासी, नालियों की समस्या और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर मेयर के समक्ष अपनी बात रखी। वहीं क्षेत्रवासियों ने वार्ड में बेहतर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को लेकर नगर निगम और मेयर की सराहना की। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई स्थानों पर पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। इसके अलावा कुछ गलियों में नालियां क्षतिग्रस्त होने से गंदा पानी सड़कों पर जमा रहता है, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोगों ने सफाई व्यवस्था को और मजबूत करने की मांग भी रखी। मेयर सुमन बहमनी ने क्षेत्रवासियों

**संवाद**

गांव गोबिंदपुरा का दौरा कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। मेयर ने लोगों से सीधा संवाद किया

को आश्वस्त करते हुए कहा कि नगर निगम नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।
उन्होंने कहा कि फिलहाल सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के कारण कुछ स्थानों पर सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है, लेकिन हड़ताल समाप्त होते ही सफाई व्यवस्था को पहले से और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को भी क्षेत्र की समस्याओं का जल्द समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
मेयर ने कहा कि वार्ड-22 में पानी निकासी की समस्या के स्थायी समाधान के लिए ड्रेनेज सिस्टम को मजबूत किया जाएगा।

# अपनी मांगों को लेकर 18 मई को किसान बिजली विभाग के कार्यालय पर करेंगे प्रदर्शन

**अवतार सिंह चुघ**
**यमुनानगरः** भारतीय किसान यूनियन चढूनी गुट के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 मई को भारतीय किसान यूनियन चढूनी के द्वारा बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर बिजली निगम कार्यालय अधीक्षक कार्यकारी यमुनानगर में प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी मुख्य मांग रहेगी निलंबित किसानों के ट्यूबल कनेक्शन तकरीबन पिछले दो ढाई साल से किसानों ने बिजली के नए ट्यूबल कनेक्शन लेने के लिए बिजली निगम के पास पूरे पैसे जमा करवा



चुके हैं लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी अभी तक किसानों के ट्यूबल कनेक्शन नहीं किए गए।छ उन्होंने कहा कि जब बात अधिकारियों से करते हैं तो अधिकारी कहते हैं जिस ठेकेदार ने काम करना था वह काम छोड़कर चला गया है। किसी किसान के खेत मे पोल गढ़ चुके हैं, किसी की बिजली तारे डाल चुकी है लेकिन अभी तक ट्रांसफॉर्म नहीं रखे गए है।

# हरियाणा के होनहार बेटे परिकांक्षित मोर ने बढ़ाया देश का मान

## कनाडा का प्रतिष्ठित राइजिंग स्टार अवार्ड 2026 किया प्राप्त

**अवतार सिंह चुघ**
**यमुनानगर, 14 मई-**हरियाणा और पूरे देश के लिए गर्व का विषय है कि हरियाणा के युवा प्रतिभाशाली प्रोफेशनल परिकांक्षित मोर, जो वर्तमान में यॉर्क यूनिवर्सिटी में मैनेजर, ग्लोबल इंगेजमेंट के पद पर कार्यरत हैं, को कैनेडियन काउंसिल फॉर द एडवांसमेंट ऑफ एजुकेशन द्वारा वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित राइजिंग स्टार अवार्ड से सम्मानित किया गया है।
यह सम्मान 30 अप्रैल 2026 को कनाडा के प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिटिश कोलम्बिया,वैंकूवर कनाडा में आयोजित भव्य राष्ट्रीय समारोह में प्रदान किया गया। इस समारोह में कनाडा के विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षाविद, शिक्षा क्षेत्र के वरिष्ठ अधिकारी, नीति निमार्ता तथा अनेक प्रतिष्ठित पेशेवर उपस्थित रहे।
राइजिंग स्टार अवार्ड कनाडा के उच्च शिक्षा क्षेत्र में दिया जाने वाला अत्यंत सम्मानित पुरस्कार माना जाता है। यह पुरस्कार उन युवा प्रोफेशनल्स को प्रदान किया जाता है जिन्होंने अपने करियर के शुरूआती वर्षों में असाधारण नेतृत्व क्षमता, नवाचार, उत्कृष्ट कार्यशैली तथा शिक्षा क्षेत्र में प्रभावशाली योगदान दिया हो।
विशेष बात यह है कि परिकांक्षित मोर ने अपने पेशेवर करियर के मात्र दो वर्षों के भीतर यह दुर्लभ



उपलब्धि हासिल की है, जिसे वैश्विक शिक्षा जगत में अत्यंत उल्लेखनीय माना जा रहा है। ग्लोबल एंगेजमेंट, अंतरराष्ट्रीय साझेदारी, एलुमनाई रिलेशन्स, स्ट्रेटेजिक कम्युनिकेशन तथा एडवांसमेंट सर्विसेज के क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट कार्यों को व्यापक सराहना मिली है।
कैनेडियन कौंसिल फॉर द एडवांसमेंट आफ एजुकेशन के अनुसार यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने नवाचारपूर्ण नेतृत्व एवं प्रभावी रणनीतियों के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई हो।

**शैक्षणिक उपलब्धियों का शानदार सफर**

परिकांक्षित मोर की उपलब्धि केवल पेशेवर उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका शैक्षणिक रिकॉर्ड भी अत्यंत प्रेरणादायक रहा है। वे इन्द्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी दिल्ली (आईआईटी दिल्ली) के पूर्व छात्र हैं, जहां उन्हें उनकी उत्कृष्ट परियोजना एवं शोध कार्य के लिए प्रतिष्ठित गोल्ड मेडल फॉर प्रोजेक्ट एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया था।
इसके अतिरिक्त उन्होंने अप्रैल 2024 में कनाडा के विश्व प्रसिद्ध शयूलिक स्कूल ऑफ बिजनेस टोरंटो से एमबीए की डिग्री विशिष्ट श्रेणी में प्राप्त की। उनकी शैक्षणिक यात्रा तकनीकी दक्षता, प्रबंधन कौशल, रणनीतिक सोच और वैश्विक दृष्टिकोण का अद्भुत संगम प्रस्तुत करती है।

# मीरी पीरी केस हाईकोर्ट से जीतने पर जत्थेदार दादूवाल जी का हरियाणा कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्यों और संगतों ने किया विशेष सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला:** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों, सदस्य साहिबान और सिख संगतों द्वारा आज गुरुद्वारा साहिब पातशाही दसवीं नाडा साहिब पंचकूला में पंथ प्रसिद्ध सिख प्रचारक, एम्बेसडर फॉर पीस जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल जी, चेयरमैन धर्म प्रचार हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का मीरी पीरी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल शाहाबाद मारकंडा का केस हाईकोर्ट से जीतकर हरियाणा कमेटी और हरियाणा की सिख संगत की झोली में डालने पर विशेष सम्मान किया गया। पदाधिकारियों, सदस्य साहिबान और सिख संगतों ने कहा कि जत्थेदार दादूवाल जी ने बहादुरी और दृढ़ संकल्प के साथ इस केस को मिशन बनाकर अच्छे वकीलों श्री गौरव चोपड़ा और रशपिंदर सिंह सोही को नियुक्त करके लड़ा तथा हाईकोर्ट से जीत हासिल कर हरियाणा कमेटी और हरियाणा की सिख संगतों की झोली में डाला है। इस कारण हम सभी जत्थेदार दादूवाल जी के आभारी हैं। हरियाणा सिख



गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पूर्व प्रधान जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध, सीनियर मीट प्रधान सरदार गुरमीत सिंह रामसर कालका, सरदार गुरबीर सिंह तलाकौर जूनियर मीट प्रधान, सरदार जगतार सिंह मान अंतरंग सदस्य, सरदार तेजिंदरपाल सिंह नारनौल अंतरंग सदस्य, जत्थेदार बलदेव सिंह हाबड़ी सदस्य, बीबी करतार कौर शाहाबाद मारकंडा सदस्य, सरदार दीदार सिंह नलवी सदस्य, जत्थेदार स्वर्ण सिंह बुंगा टिब्बी सदस्य, सरदार रजिंदर सिंह बराड़ा सदस्य, एडवोकेट गुरतेज सिंह अंबाला सदस्य, सरपंच भूपिंदर सिंह लाडी प्रधान सदस्य प्रतिनिधि बीबी कपूर कौर सौकड़ा, कैप्टन दिलबाग सिंह सज्जादपुर सदस्य, सरदार गुरप्रसाद सिंह फरीदाबाद पूर्व अंतरंग सदस्य, सरदार इंदरजीत सिंह वासुदेवा पूर्व सदस्य, सरदार बेअंत सिंह नलवी पूर्व सदस्य, सरदार काबल सिंह विरक पूर्व सदस्य, ज्ञानी जगजीत सिंह मुख्य ग्रंथी नाडा साहिब, जत्थेदार मनमोहन सिंह बलौली, जत्थेदार रजिंदर सिंह बकाला, सरदार लखविंदर सिंह बसंतपुरा, सरदार बरिंदर सिंह करणा पेंट प्रधान गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी करनाल, सरदार इंदरपाल सिंह करनाल, सरदार भूपिंदर सिंह सैणी, सरदार हरपाल सिंह धर्मी फौजी, ढाढी मलकीत सिंह मीत तथा सचिव सरबजीत सिंह जम्मू भी उपस्थित थे।

## न्यूज़ फ्लैश

### राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया



**इंद्री 14 मई(मैनपाल कश्यप)** सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परिणाम में गांव ब्याना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। विभिन्न संकायों में विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रधानाचार्य राम कुमार सैनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को फूलमालाएं पहनाकर, मिठाई खिलाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा, बलराज कांबोज, विनोद भारतीय, अनिल पाल, दिनेश कुमार, विवेक शर्मा, स्वर्णजीत शर्मा, संजीव कुमार, राजेश सैनी, संदीप कुमार, विनोद बुर्ज, सलिन्द्र मंढ़ाण, सन्नी चहल, महेश कल्याणी, राजेश कुमार सहित सभी अध्यापकों ने विद्यार्थियों को बधाई दी।
स्कूल में ओवरऑल महक ने 94.4 प्रतिशत अंक लेकर टॉप किया। यशिका ने 93.4 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और अक्षित ने 89.8 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।
निम्न विद्यार्थियों ने अलग-अलग संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
कला संकाय (अ१३२ र३१ीं) टॉपर
दिशा – 90% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान
परी – 89% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान
ज्योति – 88% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान
वाणिज्य संकाय (उड्ढीशू र३१ीं) टॉपर
महक – 94.4% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान
यशिका – 93.4% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान
मानसी शर्मा – 89.2% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान
नॉन मेडिकल संकाय (ठङ्कल्ल-टीॣि र३१ीं) टॉपर
अक्षित – 89.8% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान
मुस्कान पंचाल – 84.7% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान
गुरप्रीत – 83% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान
मेडिकल संकाय टॉपर
रितु – 82.3% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान
खुशी – 82% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान
हिमांशी – 78.6% अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान

### साहुवाला-द्वितीय की बेटियों ने 12वीं बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम, प्रीति बनी खंड टॉपर




**सिरसा, (रणबीर खटक)**
हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहुवाला-द्वितीय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए खंड नाथूसरी चौपटा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।
खंड शिक्षा अधिकारी सतबीर सिंह ढिढारिया के नेतृत्व में विद्यालय की छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल की। विद्यालय की प्राचार्या मंजू पूनिया ने बताया कि छात्रा प्रीति ने 480 अंक प्राप्त कर 96 प्रतिशत अंकों के साथ खंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं छात्रा निशा ने 479 अंक लेकर 95.8 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान तथा दिया ने 477 अंक हासिल कर 95.4 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।
प्राचार्या मंजू पूनिया ने मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी विद्यालय की छात्राओं ने दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में खंड स्तर पर तीनों शीर्ष स्थान प्राप्त किए थे।

# विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ कौशल का प्रदर्शन किया



**प्रतियोगिता**

### पतंजलि योगसूत्र के कंठस्थ, शुद्ध उच्चारण एवं पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** गीता मनीषी परम पूज्य स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के प्रेरणा दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग एवं विश्ववारा कन्या गुरुकुल, रुड़की, रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में श्री गीता ज्ञान संस्थानम में पतंजलि योगसूत्र के कंठस्थ, शुद्ध उच्चारण एवं पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । हरियाणा योग आयोग के माननीय अध्यक्ष डॉ जयदीप आर्य जी के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रतियोगिता में कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री ईश कुमार आर्य जी, प्रांतीय प्रभारी, पतंजलि योग समिति, हरियाणा ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर सी डी एस कौशल, निदेशक, हरियाणा साहित्य अकादमी संस्कृत प्रकोष्ठ रहे । कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर रामचंद्र, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने किया। कार्यक्रम में डॉ जितेंद्र चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे । निर्णायक मंडल में डॉ प्रमोद जी, हिसार, डॉ नवीन कौशिक, असिस्टेंट प्रोफेसर गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, हिसार व आर्ष गुरुकुल, कुरुक्षेत्र से आचार्य सत्यप्रकाश जी उपस्थित रहे । भारत सरकार द्वारा संस्कृत सेवा एवं वैदिक वांग्य के लिए पदम श्री से सम्मानित विदुषी आचार्या सुकामा जी ने इस पूरी प्रतियोगिता में हरियाणा योग आयोग के साथ संयोजक की भूमिका निभाई । प्रतियोगिता में प्रांत के विभिन्न गुरुकुलों से 60 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया । कुछ छात्राओं को पतंजलि योगदर्शन के सभी 195 योग सूत्र अनुक्रम ओर विपरीत क्रम में कंठस्थ थे । आचार्य सुकामा जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि भारतीय संस्कृति ऋषियों की संस्कृति है विद्यार्थी योग युक्त होकर ऋषि परम्परा का सफलता से पालन कर सकते हैं।

# पानीपत के गीता पब्लिक स्कूल शेरा के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन






**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 14 मई**। गीता पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, शेरा, पानीपत का सीबीएसई सीनियर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत शानदार रहा। विद्यालय के लगभग 40 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा सोनाक्षी पुत्री सतीश ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आंचल पुत्री लाभ सिंह ने 96 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान, माही पुत्री हरिकिशन ने 91 प्रतिशत तथा चिराग पुत्र जयकिशन ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य महाबीर सिंह ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को इस शानदार सफलता पर बधाई दी तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के अध्यक्ष धर्मपाल एवं निदेशक राकेश कौशिक ने भी विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देता रहेगा।

### ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह बदल दी

**गुरुग्राम।** दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे स्थित मानेसर बस स्टैंड पर एनएचएआई द्वारा नए फ्लाईओवर का निर्माण शुरू होते ही ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह बदल दी गई है। निर्माण कार्य कई महीने तक चलेगा, जिससे एनएच-48 पर ट्रैफिक दबाव बढ़ने की आशंका है। ट्रैफिक पुलिस ने जाम से निपटने के लिए विस्तृत एडवाइजरी जारी कर कई रूट डायवर्ट कर दिए हैं।

# डीडीपीओ बलजीत सिंह चहल ने समाधान शिविर में सुनी जनसमस्याएं

**सिरसा, (रणबीर खटक)**
वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जहां जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी बलजीत सिंह चहल ने लोगों की समस्याएं सुनीं। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।



डीडीपीओ बलजीत सिंह चहल ने उपस्थित विभागों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें और उन्हें एक ही स्थान पर सुविधाएं मिले, यही समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य है। सरकार का उद्देश्य है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित और पारदर्शी समाधान हो। उन्होंने कहा कि विभागाध्यक्ष शिकायतों के निपटान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और लोगों को सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाने के लिए गंभीरता से कार्य करें। इसके अलावा अपने कार्यालयों में आने वाली समस्याओं को भी तत्परता से निवारण करें।

# कार्यकर्ताओं के प्यार से जीत गए नवीन मंगला

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, (संजीव कौशिक)**
सोनीपत नगर निगम चुनाव के बाद आज मतगणना हुई जिसमें जनता ने भाजपा को मेयर पद और 17 वार्डों में भाजपा पार्षद अपना विश्वास व्यक्त किया। आज सबसे चौकाने वाला नतीजा वार्ड 16 में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला महामंत्री नवीन मंगला की केवल 30 मतों से हार हुई। उनके सामने हिंदू संस्था के कोषाध्यक्ष जयकुमार जैन के पुत्र अनुराग जैन थे। गौरतलब है कि जय कुमार जैन हिंदू संस्था और सहकारी बैंक के सदस्य है और हैवीवेट प्रत्याशी कांग्रेस ने घोषित किया था। लेकिन वार्ड 16 से भाजपा प्रत्याशी नवीन मंगला ने केवल 15 दिन में ही अपने व्यवहार और कुशल नेतृत्व से चुनाव को काफी ज्यादा रोचक



बना दिया। आज जब चुनावी नतीजे आए तो कांग्रेस प्रत्याशी को 2500 वोट और भाजपा प्रत्याशी को 2470 वोट मिले। इतना कड़ा मुकाबला देखकर जयकुमार जैन को भी काफी आश्चर्य हुआ आपस में खुसर फुसर कर कहने लगे की नवीन मंगला ने बहुत ज्यादा कड़ा मुकाबला किया।
आज वार्ड 16 के ग्रुप में कई भाजपा कार्यकताओं ने भीतराघात का आरोप लगाया और कहा कि भाजपा के पूर्व पार्षद ने पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ काम किया है। और शहर में यह भी चर्चा है कि मेयर के प्रत्याशी होने का दम भरने वाले समाजसेवी ने चुनाव वाले दिन अपने मत का प्रयोग ही नहीं किया और चुनाव वाले दिन वह परिवार सहित शहर से बाहर चले गए ग्रुप यह भी मैसेज वायरल हो रहा है कि शहर में शंकराचार्य का प्रोग्राम करने वाले भाजपा नेता ने भी उसे दिन मत का प्रयोग नहीं किया। ग्रुप में कार्यकताओं का रोष देखा गया और ग्रुप आपस में कार्यकर्ता नवीन मंगला को सांत्वना देते हुए कहने लगे कि आप हारे नहीं आपको जानबूझकर हराया गया है, आप ही हमारे पार्षद है 30 मतों से हार कोई हार नहीं होती।

# सोनू नोल्टा हत्याकांड का मास्टरमाइंड और पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गोपाल कुमार गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला/14 मईः-** पंचकूला पुलिस की डिटेक्टिव स्टाफ टीम ने अमरावती क्षेत्र में हुए चर्चित सोनू नोल्टा हत्याकांड में फरार चल रहे मुख्य आरोपियों में शामिल गोपाल कुमार को गिरफ्तार कर मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोपाल निवासी गांव सुखोमाजरी, थाना पिंजौर, जिला पंचकूला के रूप में हुई है। आरोपी को 12 मई को गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद 13 मई को अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया। रिमांड अवधि के दौरान पुलिस ने आरोपी से गहन पूछताछ करते हुए उसके मोबाइल फोन सहित घटना से जुड़े कई महत्वपूर्ण तथ्यों की जांच की तथा मोबाइल फोन भी बरामद किया गया। पुलिस अब यह भी पता लगाने में जुटी है कि इस हत्या की साजिश में और कौन-कौन लोग शामिल थे।



पुलिस प्रवक्ता के अनुसार, 5 जून 2025 को पंचकूला के अमरावती क्षेत्र स्थित मॉल के बाहर हथियारबंद युवकों द्वारा सोनू नोल्टा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस वारदात के बाद पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। यह मामला थाना पिंजौर में दर्ज है तथा मामले की जांच लगातार जारी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी गोपाल कुमार ने इस हत्याकांड में बेहद अहम भूमिका निभाई थी। आरोपी ने मुख्य शूटर पीयूष पिपलानी और अंकुश सोलंकी को छिपने में मदद करने के साथ-साथ वारदात से पहले रैकी करवाई थी। इतना ही नहीं, आरोपियों को हथियार उपलब्ध करवाने, सोनू की लोकेशन बताने के साथ हत्या की पूरी योजना तैयार करने तथा साजिश को अंजाम तक पहुंचाने में भी उसकी मुख्य भूमिका रही।
पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी लंबे समय से आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय रहा है तथा राजनीतिक गतिविधियों में भी शामिल रहा है। आरोपी पूर्व में कालका विधानसभा चुनाव भी लड़ चुका है। एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के अनुसार आरोपी गोपाल कुमार के खिलाफ वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 2022 तक पंचकूला, हिमाचल प्रदेश तथा अंबाला क्षेत्र के विभिन्न थानों में हत्या के प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट, माइनिंग एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और जेल एक्ट सहित कई संगीन धाराओं के तहत 12 से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 73476708
वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम।
रूद्राक्ष 9815119633, 9855577523
कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# चंडीगढ़ युवा आर्किटेक्ट्स को नया मंच देने के लिए लांच किया 'यंग आर्किटेक्ट्स फोरम'

**रणनीति**

**इंडस्ट्री के दिग्गजों ने ह्यइन्स एंड आउट्स-2026ह्ल एक्सपो पर बनाई रणनीति**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़।**
युवा आर्किटेक्ट्स को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के चंडीगढ़ चैप्टर ने ह्यनेटवर्क फॉर पीपल ऑफ कंस्ट्रक्शनह्ल के सहयोग से मोहाली में ह्ययंग आर्किटेक्ट्स फोरमह्ल लॉन्च किया।

इस पहल का उद्देश्य खास तौर पर युवा आर्किटेक्ट्स के लिए एक ऐसा गतिशील मंच तैयार करना है, जहां वह आपस में जुड़ सकें,मिलकर काम कर सकें और तेजी से बदलते आर्किटेक्चर और कंस्ट्रक्शन सेक्टर में अपने नए-नए विचार साझा कर सकें।




यह फोरम शिक्षा जगत, इंडस्ट्री और प्रोफेशनल्स के बीच की खाई को पाटने का प्रयास करता है, साथ ही उभरते हुए आर्किटेक्ट्स के बीच रचनात्मकता, स्थिरता और आधुनिक डिजाइन सोच को बढ़ावा देता है।

पीएचडीसीसीआई की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, सुश्री भारती सूद ने युवा आर्किटेक्ट्स का इस फोरम में शामिल होने पर स्वागत करते हुए कहा कि यह एक सक्रिय इंडस्ट्री संस्था है, जो इंडस्ट्री के विकास को मजबूत करने, नीतियों की वकालत करने, व्यावसायिक नेटवर्क बनाने और विभिन्न क्षेत्रों के प्रोफेशनल्स व उद्यमियों के लिए आपसी सहयोग वाले मंच तैयार करने की दिशा में लगातार काम कर रही है।

कार्यक्रम के दौरान पीएचडीसीसीआई द्वारा प्रस्तुत ह्यइन्स एंड आउट्स-2026ह्ल के बारे में प्रस्तुति देते हुए बताया कि यह एक्सपो आर्किटेक्चर और कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री के लिए इस क्षेत्र के सबसे प्रमुख मंचों में से एक के रूप में उभरा है। आधुनिक आर्किटेक्चर के भविष्य को समझना की थीम पर आधारित यह कार्यक्रम आर्किटेक्ट्स, डिजाइनरों और इंडस्ट्री से जुड़े अन्य लोगों के लिए नई-नई टेक्नोलॉजी, टिकाऊ समाधान, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर और आधुनिक डिजाइन के नए रुझानों को प्रदर्शित करेगा।

पीएचडीसीसीआई चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष रजनीश बंसल ने उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया और आर्किटेक्चर व कंस्ट्रक्शन सेक्टर के युवा प्रोफेशनल्स के बीच आपसी जुड़ाव, सहयोग और इनोवेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 'यंग आर्किटेक्ट्स फोरम के लॉन्च की सराहना की। ह्ययंग आर्किटेक्ट्स फोरमह्ल के अध्यक्ष और जाने-माने आर्किटेक्ट सुकुमार जेरथ ने इस बात पर जोर दिया कि इंडस्ट्री के साथ सीधे संवाद, ज्ञान के आदान-प्रदान और व्यावसायिक विकास के माध्यम से युवा आर्किटेक्ट्स को तराशने में इस तरह के मंच की कितनी अहम भूमिका होती है।

चंडीगढ़ चैप्टर के सह-अध्यक्ष सुव्रत खन्ना ने सभी गणमान्य व्यक्तियों, आर्किटेक्ट्स, उद्योग से जुड़े लोगों और प्रतिभागियों का उनकी उत्साहपूर्ण उपस्थिति और बहुमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में चैंबर के पंजाब राज्य चैप्टर के मोहाली क्षेत्र के संयोजक इंजीनियर रवजीत सिंह और ट्रेड फेयर सलाहकार हरदीप सिंह समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# हिमगिरी स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**समालखा(संजय नरवाल)**
हिमगिरी पब्लिक स्कूल समालखा ने एक बार फिर शानदार परीक्षा परिणाम देकर सफलता का नया इतिहास रचा है। इस वर्ष विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 95% रहा। विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम, अनुशासन एवं शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।कला संकाय से विधि ने 93%,विज्ञान संकाय से लक्ष्य दुहन ने 90%, वाणिज्य संकाय से अंशिका ने 87%अंक प्राप्त किए।आसना,अंशु,माही,अंजलि,इशका,आरजू,जया,खुशी,प्रिंस सोनी,रिया,वंशिका,सिमरन,तनिष,अवनी,धृती,अमृता, रवि किशन, भावना, निष्ठा,स्मृति इन सभी विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।चिराग ने अंग्रेजी विषय में 97 अंक विधि ने इतिहास95 , राजनीति विज्ञान विषय में 96 अंक माही ने हिंदी विषय में 97 अंक और जया लक्ष्मी ने 96 अंक प्राप्त किए।परिणाम घोषित होने के उपरांत विद्यालय परिसर में हर्ष एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी व्यक्त की तथा इस शानदार सफलता का उत्सव मनाया। विद्यालय परिवार सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएँ देता है।इस अवसर पर विद्यालय की मैनेजर विजयलक्ष्मी राठी, चेयरमैन राजबीर राठी (सेवानिवृत्त उप जिला शिक्षा अधिकारी), प्रधानाचार्य प्रमोद राठी, उप-प्रधानाचार्या रितु लठवाल, शालू कालडा, निशा गौतम,सोनिया गुप्ता, आकाश वर्मा, सुमित राठी, नमन, अंकिता आदि समस्त शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।





# जैन निरामयम केन्द्र इलाके के लिए बहुत बड़ी सौगात - स्पीकर हरविन्द्र कल्याण

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री 13 मई (मैनपाल कश्यप )श्री** आत्म मनोहर जैन मंदिर में नवनिर्मित निरामयम केन्द्र में स्थापित लिफ्ट का उद्?घाटन भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी के सान्निध्य में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने विधिपूर्वक किया। कार्यक्रम के पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष का पगड़ी पहनाकर व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि यह प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र सम्पूर्ण उत्तर भारत तथा विशेष रूप से जी. टी. रोड बैल्ट के इलाके के लिए वरदान है। इस केंद्र से अत्याधुनिक उपकरणों से शरीर की जांच के उपरान्त मिट्टी-पानी, योगासन,एक्यूप्रेशर, प्राणायाम एक्यूपंक्चर, ध्यान, मंत्र थेरेपी, ओजोन चिकित्सा, कोलोन मशीन, रंग चिकित्सा, अरोमा थेरेपी, मालिश, शिरोधारा, षट्कर्म, इन्फ्रा साउना, आहार चिकित्सा के माध्यम से असन्तुलन को दूर कर शरीर को स्वस्थ तथा रोगरहित बनाने में मदद मिलेगी।



उन्होंने कहा कि इस केंद्र में प्राकृतिक उपचार में प्रकृति के मूल तत्त्वों को जागृत कर शरीर को राहत पहुंचाते हुए उत्तम स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जाता है जो प्राचीन भारतीय चिकित्सा शास्त्र की संसार को सबसे बड़ी देन है। उन्होंने कहा कि संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी ने एलोपैथिक मल्टीस्पैशलिटी हस्पताल के उपरान्त इस जैन निरामयम केन्द्र के माध्यम से इस अंचल के निवासियों का विशेष स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने का कल्याणकारी कार्य किया है जिसके लिए सारा समाज कृतज्ञ है। विधानसभा अध्यक्ष का अभिनंदन निरामयम केन्द्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कृष्ण मौर्य, डॉ. समीर केशवाणी, डॉ. श्वेता शर्मा, समाजसेवी सुशील जैन ईडन, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय वित्त नियंत्रक डॉ. नवीन जैन, अजित जैन आदि ने किया।

# VSP चैरिटेबल ट्रस्ट की टी बी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बड़ी पहल

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)**
समालखा के 200 से अधिक टीबी रोगियों को लिया गोद, इलाज पूर्ण होने तक मिलेगा पौष्टिक आहार VSP चैरिटेबल ट्रस्ट ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत एक सराहनीय कदम उठाते हुए समालखा ब्लॉक के सभी टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार के लिए गोद लिया है। ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में आज समालखा के 200 टीबी रोगियों को पौष्टिक भोजन की किट वितरित की गई।

इस अवसर पर ट्रस्ट के प्रख्यात समाज सेवक श्री पाला राम एवं श्री महेन्द्र वशिष्ठ ने उपस्थित सभी रोगियों को दवाई के साथ साथ प्रोटीन युक्त डाइट लेने का आग्रह किया बीमारी को हराने के लिए नियमित जांच और समय पर पौष्टिक आहार लेना अनिवार्य है।

# तेज आंधी और बारिश से बिजली व्यवस्था प्रभावित, कई पोल टूटे



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 14 मई (कुलदीप सैनी)** : बुधवार रात आई तेज आंधी और बारिश से मौसम में ठंडक बढ़ गई, लेकिन लोगों को कई परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। तेज हवाओं के कारण जगह-जगह पेड़ और बिजली के पोल टूट गए, जिससे बिजली व्यवस्था प्रभावित रही। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए बिजली निगम कर्मचारियों को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। काफी प्रयासों के बाद ग्रामीण क्षेत्रों के अधिकांश घरेलू फीडरों तथा शहरी क्षेत्र की बिजली सप्लाई चालू कर दी गई, जबकि कृषि फीडरों पर लंबे समय तक कट लगा रहा। गुरुवार दोपहर तक भी कई कृषि फीडरों की बिजली आपूर्ति बाधित रही। बिजली निगम से मिली जानकारी के अनुसार रादौर और जठलाना क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक बिजली पोल टूट गए हैं, जिन्हें ठीक करने का कार्य जारी है। वहीं कई स्थानों पर पेड़ गिरने से यातायात भी प्रभावित हुआ। बिजली निगम के एसडीओ दीपांशु ने बताया कि रादौर क्षेत्र में करीब छह पोल टूटे हैं तथा कई जगह बिजली की तारों पर पेड़ और टहनियां गिरने से सप्लाई बाधित हुई थी। कर्मचारियों ने अधिकांश क्षेत्रों में

## न्यूज फ्लैश

### हांगकांग भेजने के नाम पर युवक से 5.25 लाख की ठगी, मामला दर्ज

**रादौर, 14 मई (कुलदीप सैनी)** : हांगकांग भेजने के नाम पर एक युवक से लाखों रुपये की ठगी करने का मामला सामने आया है। थाना रादौर पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी एवं इमिग्रेशन एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जसविंद्र सिंह निवासी बाबैन ने बताया कि वह इन दिनों गांव बसंतपुरा में रह रहा है। वह वर्क परमिट पर हांगकांग जाना चाहता था। इसी दौरान उसकी मुलाकात एजेंट का काम करने वाले जोगिंद्र सिंह और निकुंज कौर निवासी देहरादून से हुई। आरोप है कि दोनों ने उसे जल्द हांगकांग भेजने का झांसा देकर अलग-अलग तारीखों में ऑनलाइन व नकद कुल 5 लाख 25 हजार रुपये ले लिए। शिकायतकर्ता के अनुसार काफी समय बीतने के बाद भी न तो वर्क परमिट मिला और न ही आरोपियों ने पैसे लौटाए। पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने कथित रूप से धमकियां दीं और संपर्क बंद कर दिया। आर्थिक अपराध शाखा की जांच के बाद थाना रादौर में आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं एवं इमिग्रेशन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### बैंक शाखा से जनरेटर की बैटरी चोरी, मामला दर्ज

**रादौर, 14 मई (कुलदीप सैनी)** : गांव गुंदियाना में को-ऑपरेटिव बैंक की शाखा से जनरेटर की बैटरी चोरी होने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शाखा प्रबंधक राजेंद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 3 मई की रात बैंक शाखा में लगे साइलेंट जनरेटर की बैटरी अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### महाराजा अग्रसेन विद्यालय के 12वीं कक्षा के शानदार परीक्षा परिणाम पर विद्यार्थी सम्मानित किए




**समालखा (संजय नरवाल)** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (उइरए) द्वारा कक्षा बारहवीं का परीक्षा परिणाम 13 मई बुधवार को घोषित किया गया। जिसमें महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत - प्रतिशत रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपने अभिभावकों तथा विद्यालय की कीर्ति में चार चाँद लगा दिए।

पेंटिंग में मुक्ति ने 100 अंक और गणित में ऋषित ने 100 अंक प्राप्त किए। 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को प्रबंधन समिति ने सम्मानित किया।

विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान शिव कुमार गर्ग, उप प्रधान गौतम गर्ग, मैनेजर धीरज मित्तल, सचिव प्रदीप मित्तल, कोषाध्यक्ष प्रदीप मित्तल तथा प्राचार्या अलका शर्मा और कोऑर्डिनेटर रजनी बरेजा ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया है। प्राचार्या अलका शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# ग्लोब हेरिटेज स्कूल में 90 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान पर रही छात्रा वंशिका



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 14 मई (कुलदीप सैनी)** : ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय की प्रधानाचार्या रीतू सिंगला ने बताया कि कला संकाय की वंशिका ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय की रमनदीप कौर 86 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरे तथा तनीषा 85 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। विद्यालय के आठ विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। इनमें मितांशु, महक, परनीत कौर, कृति और यशिका सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विभिन्न विषयों में भी विद्यार्थियों ने शानदार अंक हासिल किए। योग विषय में तनीषा ने 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की, जबकि अंग्रेजी, शारीरिक शिक्षा और हिंदी विषय में भी कई विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की।

विद्यालय प्रबंधक समिति की प्रधान रंजना गोयल, महासचिव संजीव अग्रवाल और निदेशक सारिका अग्रवाल ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्टाफ को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय भविष्य में भी शिक्षा एवं सर्वांगीण विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित

**मॉक ड्रिल**

**सायरन बजते ही सजग हुआ प्रशासन, अलर्ट मोड में हुआ राहत एवं बचाव कार्य**

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री 14 मई(मैनपाल कश्यप )**
जिला में संभावित बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को लेकर वीरवार को उपायुक्त डॉ आनंद शर्मा के मार्गदर्शन में इंद्री के गांव जपती छपरा में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सायरन बजते ही प्रशासन अलर्ट मोड में नजर आया और तुरंत प्रभाव से बाढ़ की स्थिति से पैदा हुई आपदा में राहत कार्य में जुट गया। इस दौरान एडीसी डॉ. राहुल रईया ने प्रभावित स्थल व गांव कलसौरा के पंचायत घर में बने स्टेजिंग एरिया का दौरा करते हुए आपदा प्रबंधन का जायजा लिया। मॉक एक्सरसाइज की लाइव स्ट्रीमिंग की गई। मॉक एक्सरसाइज का सुपरविजन सेना की टीम द्वारा किया गया। इस दौरान प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, एसडीआरएफ, पुलिस, फायर विभाग, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य विभागों ने संयुक्त रूप से राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया। मॉक ड्रिल के दौरान आपदा की स्थिति में 5 घायलों को रेस्क्यू किया गया।



जिला में आयोजित फ्लड मॉक एक्सरसाइज के दौरान भारी बारिश और बाढ़ की काल्पनिक स्थिति बनाकर राहत एवं बचाव कार्यों का अभ्यास किया गया। मॉक सीनारियो के अनुसार गांव जपती छपरा में बाढ़ का पानी खेतों में आ जाने से किसान बाढ़ के पानी में फंस गए थे। घटना के तुरंत बाद जिला प्रशासन ने इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर सक्रिय किया और एनडीआरएफ, पुलिस, फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य एजेंसियों ने संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाकर किसानों को सुरक्षित बाहर निकालकर इंद्री नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां गंभीर घायलों का उपचार किया गया तथा अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद राहत केंद्र भेजा गया। राहत शिविरों में भोजन, पानी और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई तथा विभिन्न विभागों ने आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान एडीसी ने बताया कि जिला में संभावित बाढ़ आपदा से बचाव की तैयारियों के लिए आज गांव जपती छपरा में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान राहत कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के लिए गांव कलसौरा में स्टेजिंग एरिया (मुख्य केंद्र) स्थापित किया गया है। यहां से सभी बचाव कार्यों की मॉनिटरिंग और समन्वय किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुबह 10.08 बजे आपदा की सूचना का अलर्ट जारी किया गया और मात्र 14 मिनट के भीतर, सुबह 10.22 बजे राहत और बचाव दल मौके पर पहुंच गए। मॉक ड्रिल के दौरान आपदा में फंसे 5 लोगों को चिन्हित कर उनके सुरक्षित रेस्क्यू का डमी ऑपरेशन किया गया। उन्होंने बताया कि बाढ़ की दृष्टि से चिन्हित साइट पर रिटनिंग वॉल (सुरक्षा दीवार) बनाने और आवश्यक बंदिशें लगाने का कार्य प्राथमिकता पर किया जाएगा।

# एसडीएम के मार्गदर्शन में समालखा में बाढ़ आपदा को लेकर मेगा मॉक ड्रिल आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)** बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से समालखा प्रशासन द्वारा बुधवार को मेगा मॉक ड्रिल आयोजित की गई। सुबह 9 बजे स्टेजिंग एरिया में सायरन बजते ही मॉक ड्रिल की शुरूआत हुई। इस दौरान गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिहोली को इंसिडेंट साइट बनाया गया, जहां बाढ़ के कारण स्कूल भवन की दीवार गिरने और उसके नीचे कुछ लोगों व बच्चों के दबकर घायल होने की काल्पनिक स्थिति तैयार की गई।

घटना की सूचना मिलते ही विभिन्न विभागों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और संयुक्त रूप से रेस्क्यू अभियान चलाया गया। राहत दलों द्वारा घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर मेडिकल सहायता उपलब्ध करवाई गई। पूरी मॉक ड्रिल एसडीएम समालखा अमित श्रीवाल के मार्गदर्शन एवं देखरेख में संपन्न हुई।



मॉक ड्रिल को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए तीन अलग-अलग साइट निर्धारित की गई थीं। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बिहोली को इंसिडेंट साइट, मिनी सचिवालय समालखा को स्टेजिंग एरिया तथा पंचायत भवन बिहोली को रिलीफ कैंप एवं मेडिकल एड पोस्ट बनाया गया था।

रेड क्रॉस के स्वयंसेवकों एवं मेडिकल स्टाफ ने भी मॉक ड्रिल में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घायल लोगों को प्राथमिक उपचार देने, उन्हें सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने तथा राहत शिविर में आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने का कार्य मेडिकल टीम द्वारा किया गया। स्वयंसेवकों ने लोगों को जागरूक करने और राहत कार्यों में प्रशासन की सहायता करने का कार्य भी किया।एसडीएम अमित श्रीवाल ने कहा कि भविष्य में यदि इस प्रकार की कोई आपदा आती है तो लोगों को घबराने के बजाय प्रशासन के साथ मिलकर हालात का सामना करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सतर्कता, आपसी सहयोग और समय पर सूचना देना किसी भी आपदा में बेहद महत्वपूर्ण होता है।

वहीं सेना से कैप्टन समक्ष दुबे ने कहा कि मॉक ड्रिल काफी प्रभावी रही, लेकिन किसी भी स्थिति में केवल एक योजना पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। यदि प्लान-ए काम न करे तो प्लान-बी और प्लान-सी भी पहले से तैयार होने चाहिए, ताकि किसी भी परिस्थिति में राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी रह सकें।मौके पर डीएसपी हेडक्वार्टर सतीश वत्स, सेना से कैप्टन समक्ष दुबे, बीईओ समालखा सरिता ,नायब तहसीलदार कैलाश चंद्र, बीडीपीओ शक्ति सिंह, मेडिकल स्टाफ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर का 12वीं परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 14 मई (कुलदीप सैनी)** : डीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा 12वीं के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के बाद विद्यार्थियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर अपनी सफलता का जश्न मनाया।



विद्यालय के प्रिंसिपल रमन कुमार शर्मा ने बताया कि खुशी राधान ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। इशिता बंसल ने 98.2 प्रतिशत अंक लेकर दूसरा तथा प्राची सैनी ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा पलवी काम्बोज, निधि शर्मा, पलक, प्रियंका, हिमांशी, अरमान, शौर्य पांडे, विप्राश काम्बोज, अभिनव, करुणा देवी, हर्षिता संधूजा और सागर सहित कई विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विषयवार प्रदर्शन में अकाउंट्स में खुशी और इशिता, जबकि म्यूजिक में पलक और नव्या ने 100 में से 100 अंक हासिल किए। इकोनॉमिक्स में खुशी ने 99, बायोलॉजी में हर्षिता ने 98 तथा बिजनेस स्टडीज में इशिता ने 98 अंक प्राप्त किए। प्रिंसिपल रमन कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि छात्रों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह शानदार सफलता संभव हुई है।

## संपादकीय

# संकट में संयम की अपील

**खाड़ी** युद्ध से उपजे हालात व बाधित वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के बीच प्रधानमंत्री का ईंधन के उपयोग व सोने की खरीद में संयम बरतने का आह्वान निस्संदेह, वक्त की जरूरत है। ऐसे सवाल यह है कि क्या भारत आर्थिक संकट की ओर बढ़ रहा है? क्या आर्थिक आपातकाल के आसार हैं और भारत सरकार कुछ कड़े और बड़े फैसले ले सकती है? क्या कुछ पाबंदियां भी चस्पां की जा सकती हैं? देश की आर्थिक सेहत का मूल्यांकन करने वाली संस्थाओं-रिजर्व बैंक, मूडीज, एसएंडपी, विश्व बैंक, फिच और एशियन डेवलपमेंट बैंक-ने भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर घटा दी है। जाहिर है कि हमारी अर्थव्यवस्था में संकुचन आया है। खुद प्रधानमंत्री ने माना है कि कोरोना महामारी वैश्विक संकट थी, तो ईरान युद्ध इस दशक का सबसे बड़ा संकट है। दरअसल युद्ध और होर्मुज जलमार्ग बंद होने के कारण ऊर्जा-संकट दुनिया भर में है। कच्चा तेल महंगा मिलने के कारण भारत को हर रोज 1619 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करने पड़ रहे हैं। आयात बिल में खाद्य तेल पर 1.86 लाख करोड़ और खाद पर 1.38 लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। बाजार में यूरिया, डीएपी की कीमतें दोगुनी बढ़ा दी गई हैं। इसके अलावा, सरकार को खाद पर करीब 2 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी किसानों को देनी पड़ रही है। नतीजतन बुनियादी ढांचे और विकास पर किया जाने वाला पूंजीगत खर्च कम करना पड़ रहा है। चालू खाते का घाटा बढ़ सकता है। तमाम आयातों पर विदेशी मुद्रा खर्च होती है। यह ह्यअकालह्ण हम 1990-92 के दौर में झेल चुके हैं, जब देश का 67 टन सोना गिरवी रखना पड़ा था। प्रधानमंत्री मोदी ने आर्थिक संकट और पेट्रो उत्पादों की कमी के कारण देश से अपील नहीं की है। वह न ही किसी तरह के ह्यदानह्ण के पक्ष में हैं, जैसा कि जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री कालों के दौरान किया गया था। प्रधानमंत्री आयात कम करने के पक्षधर हैं, ताकि विदेशी मुद्रा को बचाया जा सके। ईरान युद्ध की शुरूआत में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 720 अरब डॉलर का था, लेकिन युद्ध के करीब 75 दिन के बाद यह भंडार घट कर 690 अरब डॉलर हो गया है, लिहाजा प्रधानमंत्री ने उन खर्चों को कम करने की अपील की है, जिनमें डॉलर खर्च करने पड़ते हैं। करीब 80 फीसदी कच्चे तेल और 70 फीसदी से अधिक सोने के आयात डॉलर में ही किए जाते हैं। डॉलर के मुकाबले भारतीय मुद्रा रुपए में 95.28 तक की ऐतिहासिक गिरावट ने संकट को गहरा दिया है। इस समय रुपया दुनिया की दूसरी सबसे कमजोर मुद्रा है, जिसमें 12 फीसदी अवमूल्यन हुआ है। प्रधानमंत्री ने एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की है, लेकिन भारत सरकार ने विदेशों से 168 टन सोना खरीदा है। अब भारत के पास सोने का कुल भंडार 880 टन का है। इसे ह्यराष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ कर आंका जा रहा है। निस्संदेह, हालात काफी दिनों से चुनौतीपूर्ण बने हैं, रुपये में तेज गिरावट व महंगे कच्चे तेल के आयात की वजह से हमारा विदेशी मुद्रा भंडार काफी दबाव में रहा है। आलोचक सवाल उठा रहे हैं कि इस घोषणा के लिये विधानसभा चुनाव परिणामों का इंतजार क्यों किया गया।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# आर्थिक आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

सुनील कुमार महला

> "वास्तव में प्रधानमंत्री की यह कटौती की नहीं, बल्कि स्मार्ट लाइफ स्टाइल की सलाह है, और हम मिलकर ये सब आसानी से कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि समझदारी से खर्च बनेगा देश के लिए आर्थिक रूप से बहुत ही सहायक सिद्ध हो सकता है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार यह नहीं कह रहे कि कोई संकट है, जिसमें हमें खर्च घटाने हैं, बल्कि उन्होंने तो यह अपील की हैं कि युद्ध के इस दौर में हमें ऐसे खर्च कम करने हैं, जिससे देश की विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। हम स्मार्ट लाइफ स्टाइल अपनाकर इस बबार्दी को रोक सकते हैं"

हाल ही में हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से पेट्रोल-डीजल की बचत करने, अनावश्यक विदेश यात्राओं से बचने, 'वर्क फ्रॉम होम'(जैसा कि हमने कोविड काल के दौरान इसे अमल में लाया था) जैसे उपाय अपनाने तथा एक वर्ष तक गैर-जरूरी सोना नहीं खरीदने की अपील की है। वास्तव में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह अपील पश्चिम एशिया संकट, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और भारत के विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव के संदर्भ में की गई है। पिछले कुछ समय से हमारे देश के साथ ही साथ पूरे विश्व ने पश्चिम एशिया संकट का सामना किया। मसलन, युद्ध के कारण पूरे विश्व में खाद्य पदार्थों में जहां एक ओर महंगाई का सामना करना पड़ा, वहीं दूसरी ओर तेल-गैस संकट के बादल भी मंडराए। गैस के लिए लंबी-लंबी कतारें हमें हर कहीं पर देखने को मिलीं,कई स्थानों पर तो तेल के लिए भी कमोबेश यही स्थिति देखने को मिली। इस क्रम में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अपनी जरूरत का अधिकांश कच्चा तेल और बड़ी मात्रा में सोना आयात करता है। ऐसे में पेट्रोल-डीजल और सोने पर अधिक खर्च से विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव बढ़ता है तथा व्यापार घाटा भी बढ़ सकता है। इसलिए हमें यह चाहिए कि हम हर क्षेत्र में बचत को महत्व दें। वास्तव में मनुष्य के जीवन में बचत का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। बचत केवल हमारे अर्थ(धन) को ही सुरक्षित रखने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह हमारे भविष्य की सुरक्षा, हमारी आत्मनिर्भरता और संतुलित जीवन का आधार भी बनता है। हमें यह याद रखना चाहिए कि मनुष्य के जीवन में कभी भी अचानक बीमारी, आर्थिक संकट, बेरोजगारी या अन्य कठिन परिस्थितियाँ आ सकती हैं। ऐसे समय में बचत ही मनुष्य का सबसे बड़ा सहारा बनती है। यही कारण है कि कहा जाता है- 'बूंद-बूंद से घड़ा भरता है।' छोटी-छोटी बचतें भविष्य में बड़ी शक्ति बन जाती हैं।हमारी सनातन भारतीय संस्कृति में बचत की परंपरा प्राचीन काल से रही है। कहना गलत नहीं होगा कि हमारे यहां तो लोग सदैव सादा जीवन, उच्च विचार और विवेकपूर्ण खर्च को महत्व देते आए हैं। प्राचीन काल गांवों में लोग अनाज, घी, धन और अन्य आवश्यक वस्तुओं का संग्रह करके रखते थे, ताकि कठिन समय में परिवार सुरक्षित रह सके।



गृहिणियाँ भी घर के खर्च से थोड़ा-थोड़ा बचाकर भविष्य के लिए संचित करती थीं। यही पारिवारिक बचत भारतीय समाज की आर्थिक मजबूती का आधार रही है।हमारे बुजुर्ग हमेशा यह शिक्षा देते थे कि आय से कम खर्च करना चाहिए और अनावश्यक दिखावे से बचना चाहिए। भारतीय परिवारों में बच्चों को भी छोटी उम्र से ही गुल्लक में पैसे जमा करने की आदत डाली जाती रही है। यह केवल आर्थिक शिक्षा नहीं, बल्कि संयम और दूरदर्शिता का संस्कार भी है। बहरहाल, यहां यह कहना चाहूंगा कि बचत की प्रेरणा हमें चींटियों से लेनी चाहिए। वास्तव में, चींटियां हमें बचत, परिश्रम और दूरदर्शिता की अद्भुत प्रेरणा देती हैं। छोटी-सी दिखाई देने वाली चींटी अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर मेहनत करती रहती है। वह अनुकूल समय में भोजन के छोटे-छोटे कण इकट्ठा करके अपने बिल में जमा करती है, ताकि विपरीत परिस्थितियों में उसे कठिनाई न हो। यही कारण भी है कि चींटी को बचत और अनुशासन का प्रतीक माना जाता है। कहना गलत नहीं होगा कि थोड़ी-थोड़ी बचत भविष्य में बड़े संकटों से बचा सकती है। जिस प्रकार चींटी कभी आलस्य नहीं करती और लगातार अपने लक्ष्य में लगी रहती है, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में परिश्रम, संयम और बचत की आदत अपनानी चाहिए। चींटियां यह संदेश देती हैं कि भविष्य की चिंता केवल सोचने से नहीं, बल्कि आज से तैयारी करने से दूर होती है। उनका जीवन हमें सिखाता है कि छोटी कोशिशें और छोटी बचतें ही आगे चलकर बड़ी ताकत बनती हैं। इसलिए कहा जा सकता है कि चींटियां केवल प्रकृति का जीव नहीं, बल्कि जीवन प्रबंधन की एक महान शिक्षक भी हैं।आज उपभोक्तावाद और दिखावे की बढ़ती प्रवृत्ति के कारण बचत की आदत कमजोर होती जा रही है, जबकि वर्तमान समय में इसकी आवश्यकता और भी अधिक बढ़ गई है। बचत व्यक्ति को आत्मविश्वास देती है और देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत बनाती है। इसलिए हमें अपनी पुरानी परंपराओं से प्रेरणा लेते हुए बचत को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाना चाहिए। हाल फिलहाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से सार्वजनिक परिवहन, कारपूलिंग, इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग और 'लोकल फॉर वोकल' को बढ़ावा देने की भी अपील की। साथ ही विदेश यात्राओं, डेस्टिनेशन वेडिंग और गैर-जरूरी खर्चों को टालने का आग्रह किया।'लोकल फॉर वोकल' से देश का पैसा देश में ही रहेगा और देश और अधिक आर्थिक तरक्की तथा आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर होगा। हाल फिलहाल, प्रधानमंत्री की यह अपील आर्थिक अनुशासन, विदेशी मुद्रा संरक्षण और वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच देश की आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। आज हम अनावश्यक खर्च करते हैं। हम संसाधनों का सही व विवेकपूर्ण इस्तेमाल करें और जहां तक हो सके बचत को जीवन में अपनाएं। वास्तव में प्रधानमंत्री की यह कटौती की नहीं, बल्कि स्मार्ट लाइफ स्टाइल की सलाह है, और हम मिलकर ये सब आसानी से कर सकते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि समझदारी से खर्च बनेगा देश के लिए आर्थिक रूप से बहुत ही सहायक सिद्ध हो सकता है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार यह नहीं कह रहे कि कोई संकट है, जिसमें हमें खर्च घटाने हैं, बल्कि उन्होंने तो यह अपील की हैं कि युद्ध के इस दौर में हमें ऐसे खर्च कम करने हैं, जिससे देश की विदेशी मुद्रा की बचत हो सके। हम स्मार्ट लाइफ स्टाइल अपनाकर इस बबार्दी को रोक सकते हैं, ताकि देश के सामने आर्थिक संकट न आए।कोविड काल में हमने बचत के बड़े उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। मसलन, घर से कामकाज किया, तेल की बचत हुई, पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिली।हमारी उत्पादकता (प्रोडेक्टिविटी) में अभूतपूर्व बढ़ोत्तरी देखने को मिली। जब संकट आए तब ही हम बचत क्यों करें, जीवन के हर पलों में हमें बचत करनी चाहिए, ताकि कभी कोई संटक आए ही नहीं।पीएम ने वर्क फ्रॉम होम की सलाह दी है, जो संसाधनों की बचत के साथ आर्थिक नजरिये से भी फायदेमंद है। ऐसे ऑर्गनाइजेशन जहां, 100-200 या ज्यादा स्टाफ है, वहां लोगों को वर्क फ्रॉम होम या हाइब्रिड मॉडल में काम की सुविधा दी गई तो तेल का खर्च बचेगा। यात्रा की थकान कम होगी और प्रोडक्टिविटी भी बढ़ेगी। प्रधानमंत्री ने विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग से बचने और गैर-जरूरी विदेश यात्रा टालने को कहा है। आंकड़े बताते हैं कि देश की तुलना में विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग में 30-36% तक ज्यादा खर्च होता है। इसमें देश का बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भंडार खर्च होता है। एक उपलब्ध जानकारी के अनुसार अभी भारत की हर 100 डेस्टिनेशन वेडिंग में 15 विदेश में होती है। भारत में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात, गोवा, हिमाचल और कश्मीर जैसी कई जगहें हैं, जिनका चुनाव किया जा सकता है। आज इलेक्ट्रिक गाड़ी सबसे प्रभावी विकल्प है,बचत का। इससे पाल्यूशन भी नहीं होता,तेल की भी बचत होती है।सरल शब्दों में कहें तो इलैक्ट्रिक व्हीकल (ई-व्हीकल) पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। ये वाहन पेट्रोल-डीजल की तुलना में कम प्रदूषण फैलाते हैं, जिससे वायु गुणवत्ता बेहतर होती है। ई-व्हीकल चलाने में खर्च भी कम आता है, क्योंकि बिजली की लागत ईंधन से सस्ती होती है। इसके अलावा, ध्वनि प्रदूषण भी कम होता है और देश की तेल पर निर्भरता घटती है।

# नीट पेपर लीक विवाद और टूटता परीक्षा व्यवस्था पर भरोसा

**महेन्द्र तिवारी**

**देश** में हर साल करोड़ों छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठते हैं। कोई डॉक्टर बनना चाहता है, कोई इंजीनियर, कोई सरकारी अधिकारी। इन परीक्षाओं के साथ केवल अंक नहीं जुड़े होते, बल्कि परिवारों की उम्मीदें, कई वर्षों की मेहनत और भविष्य की दिशा भी जुड़ी होती है। यही कारण है कि जब किसी बड़ी परीक्षा में पेपर लीक होने की खबर आती है तो केवल एक परीक्षा प्रभावित नहीं होती, बल्कि पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो जाते हैं। हाल के वर्षों में नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा को लेकर जो विवाद सामने आए, उन्होंने लाखों छात्रों का भरोसा हिला दिया। फिजिक्स वाला के संस्थापक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अलख पांडे ने दावा किया कि बच्चों से लगातार ऐसी बातें सुनने को मिल रही थीं कि 50,000 रुपये में पेपर उपलब्ध कराया जा रहा है। बाद में अलग अलग जांचों और मीडिया रिपोर्टों में इससे भी बड़े दावों की चर्चा हुई। कुछ जगहों पर कथित तौर पर 10 लाख से 25 लाख रुपये तक में प्रश्नपत्र बेचे जाने की बात सामने आई। बिहार पुलिस की शुरूआती जांच में यह भी कहा गया कि कुछ अभ्यर्थियों से 30 लाख से 50 लाख रुपये तक लिए गए। यह पूरा मामला केवल एक परीक्षा का विवाद नहीं रहा, बल्कि इसने देश की परीक्षा प्रणाली की कमजोरियों को उजागर कर दिया। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब परीक्षा केंद्र के बाहर छात्रों की इतनी कड़ी जांच होती है तो फिर प्रश्नपत्र लीक कैसे हो जाता है। परीक्षा देने पहुंचे छात्र को कई स्तरों की जांच से गुजरना पड़ता है। प्रवेश पत्र की जांच होती है। पहचान पत्र मिलाया जाता है। बायोमेट्रिक सत्यापन होता है। मेटल डिटेक्टर से जांच होती है। जूते तक उतरवाए जाते हैं। लड़कियों के हेयर क्लिप और लड़कों की बेल्ट तक जांची जाती है। कई जगहों पर पानी की बोतल तक पारदर्शी रखने की शर्त होती है। छात्रों को घड़ी, मोबाइल, ब्लूटूथ, पेन ड्राइव जैसी चीजें ले जाने की अनुमति नहीं होती। इतनी सख्ती के बाद भी यदि पेपर लीक हो जाता है तो इसका अर्थ साफ है कि समस्या परीक्षा केंद्र के बाहर कम और व्यवस्था के भीतर ज्यादा है।

असली कमजोरी वहां है जहां प्रश्नपत्र तैयार होता है, छपता है, पैक होता है, भेजा जाता है और परीक्षा शुरू होने तक सुरक्षित रखा जाता है।

एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा का प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया बहुत लंबी होती है। सबसे पहले विशेषज्ञों की टीम प्रश्न तैयार करती है। फिर उनका चयन और संपादन होता है। उसके बाद अंतिम प्रश्नपत्र तैयार किया जाता है। फिर उसे गोपनीय तरीके से छपाई केंद्र तक भेजा जाता है। वहां प्रिंटिंग होती है। इसके बाद पैकेजिंग और सीलिंग होती है। फिर अलग अलग राज्यों और जिलों तक ट्रांसपोर्ट के जरिए पहुंचाया जाता है।

## विचार

# चैरिटी बिगिन्स फ्रॉम होमः अपील नहीं, एक्शन

**अनिकेत सिंह**

**प्रधानमंत्री** ने बेफिक्र होकर जी रही जनता को देश के प्रति जिम्मेदारी का अहसास कराते हुए शांत पानी में पत्थर फेंका है। ह्यचैरिटी बिगिन्स फ्रॉम होमह्ण कहावत को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ने अपने कार काफिले को छोटा कर दिया है। उसी तरह गुजरात के मुख्यमंत्री भी अब केवल दो कारों के साथ बाहर जाने लगे हैं। भाजपा शासित राज्यों में पेट्रोल-डीजल बचाने के लिए कुछ अनिवार्य आत्म-अनुशासन लागू किए जा रहे हैं। यदि इनका सख्ती से पालन होगा तो सरकार की प्रशंसा होगी। जनता को सलाह देने के बजाय लोग इस बात की प्रतीक्षा कर रहे हैं कि सरकार अपने प्रशासनिक खर्चों में कटौती की घोषणा करे। केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिति तेल की बढ़ती कीमतों के कारण फिसल रही है। सड़क पर गिरे तेल से दोपहिया वाहन फिसल न जाएं, इसके लिए उस पर मिट्टी या रेत डाली जाती है, जो तेल को सोख लेती है। लेकिन आर्थिक व्यवस्था के फिसलने से बचाने के लिए कोई रेत या मिट्टी नहीं होती। उसे संकट से निकालने के लिए डायवर्जन देना पड़ता है। प्रधानमंत्री मोदी ने पेट्रोल-डीजल के उपयोग को कम करने की बात करके ऐसा ही एक डायवर्जन देने का प्रयास किया है। सरकार अपनी प्रशंसा के लिए बारबार जो भारी खर्च करती रहती है, उस पर पूर्ण विराम लगना चाहिए। इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) खरीदने वालों को अधिक सब्सिडी दी जानी चाहिए या घर और कार्यालय में सोलर पैनल लगाने वालों को अधिक राहत मिलनी चाहिए। सरकार ने जिम्मेदारी जनता के सिर पर डालकर मामले को और गंभीर बना दिया है। सरकारी कार्यक्रमों और भोजों में होने वाले खर्च को कम करके भी करोड़ों रुपए बचाए जा सकते हैं। भारत ने तीन मुद्दों पर पहल की है, जिसकी आसान समझ यहां दी गई हैः

1- आर्थिक देशभक्ति (इकोनामिक पैट्रियोटिज्म)
स्वेच्छा से पेट्रोल-डीजल का उपयोग कम करके रेलवे, एसटी बस जैसी सार्वजनिक परिवहन सेवाओं का उपयोग करना। इस मुद्दे पर व्यक्तिगत स्तर पर जागरूकता जरूरी है।

2- आयात बिल
जनता को आयात बिल पर भी नजर रखनी चाहिए, क्योंकि हम जो उपभोग करते हैं, वह विदेशों से मंगाया जाता है। जब 85 प्रतिशत तेल बाहर से मंगाया जाता हो तो आयात बिल में वृद्धि होना स्वाभाविक है।

3- फारेक्स रिजर्व
देश के पास मौजूद डालर के भंडार को फारेक्स रिजर्व कहा जाता है। भारत जो तेल खरीदता है, उसका भुगतान डालर में करना पड़ता है, इसलिए इस भंडार को सुरक्षित रखना जरूरी है। सैनिक सीमा पर मोर्चा संभालते हैं, जबकि जनता को आर्थिक मोर्चा संभालना पड़ेगा। अमेरिका-ईरान-इजराइल युद्ध समाधान से दूर जाता दिखाई दे रहा है, ऐसे में भारत के लिए तेल पर अधिक पैसा चुकाने का समय आ गया है। जब युद्ध शुरू हुआ था, तब तेल की कीमत 65 डालर प्रति बैरल थी, जो आज 115 डालर को पार कर चुकी है।

यदि खाड़ी क्षेत्र की स्थिति फिर सामान्य भी हो जाए, तब भी तेल के मामले में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य सरकार को रखना ही पड़ेगा। जब 80 प्रतिशत तेल आयात करना पड़ता हो, तब भारत का असहाय बने रहना स्वाभाविक है। सरकार बारबार आत्मनिर्भर बनने पर जोर दे रही है, जिसके चलते विभिन्न क्षेत्रों में प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना लागू की गई है और उसका लाभ भी लिया जा रहा है। जैसे वृक्षारोपण के लिए सरकार अभियान चलाती है, उसी तरह हर घर में सोलर पैनल लगाने के लिए भी अभियान चलाना चाहिए। हाई-राइज और लक्जरी फ्लैट बनाने वाली रियल एस्टेट कंपनियों के लिए सोलर पैनल अनिवार्य किए जाने चाहिए। नई योजनाओं में फ्लैट खरीदने वाले लोगों को भी कंबाइंड सोलर पैनल की मांग करनी चाहिए। सरकार को अपने वाहनों में ईवी का उपयोग बढ़ाना होगा और लोगों को भी उसी दिशा में प्रेरित करना होगा। ईवी की सबसे बड़ी समस्या चार्जिंग स्टेशनों की कमी है। बेंगलुरु का एक स्टार्टअप वाहन के ऊपर ही सोलर पैनल लगाने पर शोध कर रहा है। यदि सूरज की गर्मी ही चलते वाहन को चार्ज करती रहे तो मामला आसान हो जाएगा।

नई ईवी संबंधी रिसर्च पर सरकार को निवेश करना होगा और स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित करना पड़ेगा। खाड़ी देश अपने स्वभावगत युद्ध करते रहेंगे और अमेरिका जैसे देश बीच में पड़कर युद्ध को और भड़काते रहेंगे।

# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर - 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# अनियंत्रित ओटीटी प्लेटफॉम पर बढ़ती अभद्रता

संजीव

डिजिटल युग ने मनोरंजन की दुनिया में आमूल चूल परिवर्तन कर दिया है। पहले जहां सिनेमा, दूरदर्शन और पारिवारिक धारावाहिक मनोरंजन के प्रमुख और आदर्श साधन थे, वहीं आज ओटीटी प्लेटफॉर्म ने हर व्यक्ति के हाथ में निजी मनोरंजन का खुला एवं मयार्दाविहीन संसार दे दिया है। मोबाइल फोन और सस्ती इंटरनेट सेवाओं ने वेब सीरीज और फिल्मों को घर-घर, गांव गांव तक पहुंचा दिया है। यह गंभीर परिवर्तन तकनीकी दृष्टि से जितना उपयोगी और आधुनिक दिखाई देता है, उतना ही चिंताजनक उसका दूसरा पक्ष भी है। अनेक ओटीटी मंचों पर अश्लीलता, अत्यधिक नग्नता, हिंसा, गाली-गलौज और विकृत संबंधों को जिस प्रकार परोसा जा रहा है, उसने विशेष रूप से टीनएजर युवक युवतियों की मानसिकता और सामाजिक सोच को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। और ऋणात्मक प्रभाव पैदा करना शुरू कर दिया है। ओटीटी मंचों का मूल उद्देश्य मनोरंजन और रचनात्मक स्वतंत्रता था, किंतु धीरे-धीरे कुछ निमार्ताओं ने लोकप्रियता और त्वरित आर्थिक लाभ के लिए उत्तेजना आधारित सामग्री को अधिक महत्व देना प्रारंभ कर दिया। आज अनेक वेब सीरीज ऐसी हैं जिनमें कहानी से अधिक महत्व अंतरंग दृश्यों, असंयमित भाषा और उच्छृंखल जीवनशैली को खोलकर परोसा जाता है।

समस्या केवल नग्नता दिखाने की नहीं है, बल्कि उसे आधुनिकता, स्वतंत्रता और प्रगतिशीलता का प्रतीक बनाकर प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति अधिक खतरनाक है।

युवा अवस्था स्वयं में संवेदनशील और जिज्ञासापूर्ण होती है। इस आयु में व्यक्ति अपने व्यक्तित्व, नैतिकता और सामाजिक व्यवहार का निर्माण कर रहा होता है। जब किशोर और युवा लगातार ऐसी सामग्री देखते हैं जिसमें संबंधों की गंभीरता के स्थान पर केवल शारीरिक आकर्षण को महत्व दिया जाता है, तब उनके मन में जीवन और रिश्तों के प्रति भ्रम उत्पन्न होने लगता है। धीरे-धीरे वे वास्तविक जीवन और आभासी मनोरंजन के बीच का अंतर समझने में कठिनाई अनुभव करने लगते हैं।

# सत्ता की खट्टी चाशनी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**उस** दिन घर के स्टोर-रूम के सबसे अंधेरे कोने में, जहाँ मकड़ियों ने अपनी नई रियासत बसाई थी, एक दिल दहलाने वाला हादसा हुआ। घर की नई बहू ने कबाड़ साफ करते हुए एक भारी, आयताकार पत्थर को पैर से ठेल दिया। वह पत्थर, जो कभी इस घर की रसोई का भीष्म पितामह था, जिस पर मेरी दादी ने अपनी पूरी जवानी घिस दी थी और जिसकी रगड़ से निकली खुशबू मोहल्ले के आवारा कुत्तों की भूख भी जगा देती थी, आज अपनी ही औलादों के घर में अछूत हो गया था। सिलबट्टा मरता नहीं है, वह बस चुप हो जाता है। उसकी यह चुप्पी किसी भी संवेदनशील व्यक्ति की संवेदनाओं से साक्षात्कार करने लगती है। आज के इस ग्लास-फिनिश वाले जमाने में, जहाँ रिश्ते भी इंस्टेंट नूडल्स की तरह दो मिनट में बनते और बिगड़ते हैं, वह सिलबट्टा उस पुराने, वफादार मजदूर की तरह कोपभवन में पड़ा है, जिसे जबरन वीआरएस के बाद घर के बाहर वाले कमरे में खटिया दे दी गई हो। सिलबट्टे का जाना दरअसल हमारे घर की ममता का अंत है। हमें याद है, माँ जब उस पर लाल मिर्च और लहसुन का इंसाफ करती थी, तो पत्थर और बट्टे की जो जुगलबंदी होती थी, वह किसी रूहानी संगीत से कम नहीं थी। वह सूँ-सूँ की आवाज... वह पत्थर का पत्थर से टकराना... वह केवल मसाला नहीं पिस रहा होता था, बल्कि माँ अपने दिन भर की सारी थकान, सारा गुस्सा और सारा प्यार उस सिल पर उंडेल देती थी। सारा गुस्सा सिलबट्टे पर उंडेल देने से घरवालों से लड़ाई-झगड़ा करने का मन ही नहीं होता था। सिलबट्टे से चटनी नहीं बनती थी, वह माँ के हाथ का रक्तचाप होता था जो हमारे पेट में जाकर हमें सुकून देता था। आज की मिक्सी तो कैंसर की मशीन है। वह चलती है तो ऐसा लगता है जैसे घर में कोई इलेक्ट्रिक कटर चल रहा हो। इस आवाज का दिमाग पर भी असर होता है। इस आवाज के चलते छोटी-छोटी बातें कब पहाड़ बन कर अनबन कर दें, पता ही नहीं चलता है। मिक्सी मसालों को पीसती नहीं है, उनके अरमानों का कत्ल कर देती है। मिक्सी के ब्लेड मसालों को इतनी बेरहमी से काटते हैं कि बेचारे धनिये का डीएनए बदल जाता है।

## न्यूज फ्लैश

### डी पी एस पानीपत सिटी के विद्यार्थियों ने बारहवीं कक्षा के बोर्ड परिणाम में किया बेहतरीन प्रदर्शन

**समालखा (संजय नरवाल)**
डी पी एस पानीपत सिटी के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का सत्र 2025-26 के बोर्ड परिणाम में कला ,विज्ञान एवं कॉमर्स तीनों संकाय में विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा । कनिका 97 प्रतिशत अंकों के साथ वाणिज्य संकाय में , दिवा 94प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान संकाय में तथा वंशिका 93प्रतिशत अंकों के साथ ह्यूमैनिटीज में विद्यालय के टॉपर रहे । इसके साथ साथ भव्य गोयल ने वाणिज्य संकाय में 93प्रतिशत,आर्यन आहूजा ने विज्ञान संकाय में 92प्रतिशत,तनिष्का ने वाणिज्य संकाय में 89.4प्रतिशत, मनप्रीत ने ह्यूमैनिटीज में 89प्रतिशत, काजल ने वाणिज्य संकाय में 88 प्रतिशत निशका ने ह्यूमैनिटीज में 87.4 प्रतिशत,हरिओम ने विज्ञान संकाय में 87प्रतिशत , गीतिश ने विज्ञान संकाय में 86.4 प्रतिशत, यशिता ने ह्यूमैनिटीज में 86प्रतिशत और प्रीतम ने विज्ञान संकाय में 85प्रतिशतअंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया । दिवा, रशमी और तनिष्का ने पेंटिंग में 100 अंक , भव्य गोयल ने अकाउंटस में 98 अंक, मोक्षिका ने म्यूजिक में 98अंक, कनिका ने बिजनेस स्टडीज में97अंक ,वंशिका ने जियोग्राफी में 96अंक, दिवा ने अंग्रेजी में 96अंक कनिका ने फिजिकल एजुकेशन में 96अंक, तथा अर्थशास्त्र में 95अंक, भव्या ने गणित में 94अंक प्राप्त किए । विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन अमित राणा, विद्यालय हेड सोनिया तोमर, उपप्रधानाचार्या आभा विशाद , मुख्याध्यापिका सरिता विज ने इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यार्थियों ,अभिभावकों एवम शिक्षक वर्ग को बधाई दी ।

### संघौर की रहने वाली तृषा सांगवान नें दसवीं में 98.2 प्रतिशत अंक लेकर बनी जिला की टॉपर

**बाबैन, 14 मई (विजय कौशिक) : बाबैन खंड के गांव संघौर की रहने वाली छात्रा तृषा सांगवान ने 10वीं** बोर्ड परीक्षा में 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कुरुक्षेत्र जिले में टॉप कर अपने गांव व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तृषा सांगवान मंगौली जाटान स्थित सर छोटू राम हाई स्कूल की छात्रा थी जिसनें 10वीं कक्षा में जिला भर के स्कूलों में टॉप किया है। तृषा सांगवान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हिंदी में 96, इंग्लिश में 99, सोशल साइंस में 97, साइंस में 99 तथा पंजाबी विषय में 100 में से 100 अंक हासिल किए है। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद स्कूल, परिवार व गांव में खुशी का माहौल है तथा तृषा सांगवान को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। तृषा सांगवान के पिता रोबिन सांगवान खेती-बाड़ी का कार्य करते हैं, जबकि माता सोनिया गृहिणी हैं। परिवार की साधारण पृष्ठभूमि के बावजूद तृषा ने अपनी मेहनत और लगन से यह मुकाम हासिल किया है। तृषा सांगवान का छोटा भाई फिलहाल 6 वीं कक्षा में पढ़ाई कर रहा है। तृषा सांगवान की माता सोनिया ने बताया कि उनकी बेटी शुरू से ही पढ़ाई में मेहनती रही है। उसने बिना किसी कोचिंग के यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि तृषा सांगवान प्रतिदिन 7 से 8 घंटे पढ़ाई करती थी और पढ़ाई के प्रति पूरी तरह समर्पित रहती थी। उन्होंने बताया कि करीब एक सप्ताह पहले ही तृषा सांगवान ने बाबैन के सरकारी स्कूल में मेडिकल स्ट्रीम में 11वीं कक्षा में दाखिला लिया है। संघौर के लोगों ने तृषा सांगवान की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उसकी सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी। वहीं तृषा का सपना भविष्य में मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाकर देश सेवा करने का है।



### चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढाकरनाल।** जिला पुलिस की टीम द्वारा चोरी की वारदात में संलिप्त चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हैरो बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अकित उर्फ कुआरका पुत्र राजकुमार, विरेन्द्र उर्फ लीलू पुत्र स्व. सत्यवान पुत्र सुरजमल, अमन उर्फ दीपू पुत्र मुकेश व अनिल उर्फ लीला पुत्र सोरण सिंह पुत्र अन्तु राम निवासी गांव बल्ला, थाना मुनक जिला करनाल के रूप में हुई है। पुलिस चौकी बल्ला इंचार्ज सहायक उप निरीक्षक रोहतास कुमार ने बताया कि आरोपियान के खिलाफ थाना मुनक में मामला दर्ज किया गया था।

# शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को एक जिम्मेदार, अनुशासित नागरिक बनाना है: कैलाशो

**परीक्षा परिणाम**

- भारत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाबैन में 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा



**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, 14 मई (विजय कौशिक )** : भारत पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल बाबैन में सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान, कॉमर्स और आर्ट्स संकाय में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया तथा विद्यार्थियों ने नाच-गाकर अपनी सफलता का जश्न मनाया। विज्ञान संकाय में पारस सैनी ने प्रथम, पार्थ दुआ ने द्वितीय तथा शिवांग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स संकाय में किरनप्रीत ब्लॉक टॉपर रही है, जबकि पलक ने द्वितीय तथा नीरज ने तृतीय स्थान हासिल किया। आर्ट्स संकाय में जशन ने टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। अन्य विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम भी सराहनीय रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रेसिडेंट एवं पूर्व सांसद प्रोफेसर कैलाशो सैनी, वाइस प्रेसिडेंट भारत सैनी व प्रिंसिपल सुनीता खन्ना ने मेधावी विद्यार्थियों को कैश प्राइज देकर व फूल मालाएं डाल कर उन्हें सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया। पूर्व सांसद प्रोफेसर कैलाशो सैनी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को एक जिम्मेदार, अनुशासित और समर्पित नागरिक बनाना है ताकि वे देश की समर्पित भाव से सेवा कर सके । उन्होंने विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता का श्रेय स्कूल प्रिंसिपल सुनीता खन्ना, अध्यापकगण एवं विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और अभिभावकों के सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन भविष्य में भी बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए बच्चों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा। वाइस प्रेसिडेंट भारत सैनी ने विद्यार्थियों को सफलता का मूलमंत्र देते हुए कहा कि छात्र सोशल मीडिया से दूरी बनाकर मेहनत करें तो जीवन में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी होनहार विद्यार्थियों के सम्मान में रोड शो का आयोजन कर उन्हें सम्मानपूर्वक उनके घरों तक छोड़ा। इस दौरान अभिभावकों ने विद्यालय की प्रिंसिपल व अध्यापकगण का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षकों की मेहनत और मार्गदर्शन के कारण ही उनके बच्चे यह शानदार सफलता प्राप्त कर पाए हैं।

## करनाल के युवक की अमेरिका में एक्सीडेंट में मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** अमेरिका के इंडियाना राज्य के प्लेनफील्ड इलाके में 12 मई को हुए सडक हादसे में करनाल के युवक की मौत हो गई। वह रेड लाइट पर खड़ा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार कार ने उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को मोर्चरी हाउस भिजवाया गया। मृतक युवक की पहचान 40 वर्षीय प्रवीन निवासी शिव कॉलोनी, करनाल के रूप में हुई है।
प्रवीण करीब तीन साल पहले अमेरिका गया था और वहां अमेजन कंपनी में डिलीवरी का काम कर रहा था। प्रवीन अपने परिवार का इकलौता बेटा था और दो बच्चों का पिता था। उसकी एक बहन भी है। परिवार के आर्थिक हालात सुधारने के लिए उसने अमेरिका जाने का फैसला लिया था और इसके लिए 30 से 35 लाख रुपए का कर्ज लिया था। वहां पहुंचने के कुछ महीनों बाद उसे नौकरी मिल गई थी और वह नियमित काम कर रहा था। मृतक के मामा चरणजीत ने बताया कि परिजनों को अमेरिका से कॉल के जरिए हादसे की सूचना मिली। 12 मई की सुबह प्रवीन डिलीवरी के लिए जा रहा था और प्लेनफील्ड में क्वेकर बुलेवार्ड और स्टाउट हेरिटेज पार्कवे के चौराहे पर रेड लाइट पर खड़ा था। इसी दौरान पीछे से एक तेज रफ्तार कार आई और उसकी डिलीवरी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी।
हादसे में टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि प्रवीन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। घटना को देख आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### गाड़ी की टक्कर से डीआइपीआरओ ड्राइवर की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** नेशनल हाईवे पर नीलकंठ ढाबे के नजदीक एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत डायल-112 पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर करनाल के मोर्चरी हाउस में रखवा दिया है।

## योगेन्द्र राणा ने राहड़ा गांव को दी 4 करोड़ 50 लाख की सौगात

**शिलान्यास**

- 11 लाख रुपये की लागत से बनने वाले चमार चौपाल निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हलका असंध के विधायक योगेन्द्र राणा ने क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए गांव राहड़ा में देर सायं 4 करोड़ 50 लाख 82 हजार रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया। विधायक योगेन्द्र राणा ने गांव राहड़ा में राजबीर के घर से मल्ली रोड के डेरे तक लगभग 43 लाख रुपये की लागत से बनने वाली प्लाटी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके साथ ही रामकुमार के खेत से कृष्ण के खेत तक लगभग 58 लाख 73 हजार रुपये, राजपाल पुत्र बदना के खेत से सुरेश के खेत तक लगभग 28 लाख 37 हजार रुपये तथा पीडब्ल्यूडी रोड से ऋषिपाल के डेरे तक लगभग 53 लाख 1 हजार रुपये की लागत से बनने वाली प्लाटियों का भी शिलान्यास किया गया।
इसी क्रम में विधायक द्वारा राहड़ा-पंघाला रोड से असली राणा-नकली राणा के डेरे तक लगभग 13 लाख 18 हजार रुपये की लागत से बनने वाली प्लाटी का शिलान्यास किया गया। गांव में लगभग 80 लाख रुपये की लागत से बनने वाले कम्युनिटी सेंटर, 64 लाख 59 हजार रुपये की लागत से बनने वाली फिरनी, 55 लाख 55 हजार रुपये की लागत से बनने वाले सब हेल्थ सेंटर तथा 11 लाख रुपये की लागत से सरकारी स्कूल में बनने वाले सुलभ शौचालय का शिलान्यास किया गया। इसके अतिरिक्त बाबा लखी मंदिर से गौशाला रोड तक लगभग 25 लाख 38 हजार रुपये की लागत से बनने वाली सडक, 3 लाख रुपये की लागत से गांव में अम्बेडकर भवन की चारदीवारी निर्माण कार्य, रविन्द्र कुमार के घर से जोरा के घर तक लगभग 4 लाख रुपये की लागत से बनने वाली आईएलपीबी गली तथा 11 लाख रुपये की लागत से बनने वाले चमार चौपाल निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया।

### नहर में डूबने से जींद के व्यक्ति की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में पश्चिमी यमुना नहर में बड़ौता और जैणी गांव के बीच मिले अज्ञात शव की पहचान हो गई है। युवक अपने भाई के साथ इलाज के लिए करनाल आया था और मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया गया है। दवाई लेने के बाद वह अपने भाई को चकमा देकर गायब हो गया। बाद में नहर में उसका शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है और आज शव परिजनों को सौंपा जाएगा। काबरछा गांव के दलबीर सिंह (39) के रूप में मृतक की पहचान हुई है। वह जींद का निवासी था।
बुधवार को गोताखोर सुभाष को सूचना मिली थी कि नहर में काई के बीच एक शव फंसा हुआ है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकालकर किनारे लगाया। बताया गया कि शव पानी के बहाव के साथ पीछे से आता हुआ काई में फंस गया था। इसके बाद सुभाष ने डायल-112 पर सूचना दी, जिस पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मौके पर शव की पहचान नहीं हो सकी थी। पुलिस ने शव को मोर्चरी हाउस में रखवाकर पहचान के प्रयास शुरू किए। बाद में परिजन वहां पहुंचे और दलबीर सिंह के रूप में उसकी शिनाख्त की।

## सांसद जिन्दल की यशस्वी छात्रवृत्ति योजना के विस्तार से विद्यार्थियों को मिलेगी बड़ी राहत



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा, 14 मई (विजय कौशिक)** सांसद नवीन जिन्दल द्वारा आरंभ की गई नवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजना का विस्तार कर दिया गया है। अब यह योजना केवल 12वीं के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि विशेष परिस्थितियों में प्राइमरी से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस योजना से जरूरतमंद छात्रों को लाभान्वित करने के लिए नवीन जिन्दल फाउंडेशन की टीम ने लाडवा पहुंचकर कार्यकताओं को विस्तृत जानकारी दी।
उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिन्दल द्वारा इस योजना के अंतर्गत सिंगल मदर्स, विधवा महिलाओं के बच्चों तथा अनाथ बच्चों की शिक्षा को निरंतर और सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। योजना के अनुसार सिंगल मदर्स एवं विधवा महिलाओं के बच्चों की स्कूल फीस का 50 प्रतिशत तथा अनाथ बच्चों की स्कूल फीस का 100 प्रतिशत खर्च नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा वहन किया जाएगा।
भाजपा गुढ़ा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह दबखेड़ा ने इस निर्णय के लिए सांसद नवीन जिन्दल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के इस महायज्ञ में सांसद नवीन जिन्दल लगातार समाज के कमजोर वर्गों के साथ खड़े होकर नई मिसाल कायम कर रहे हैं। इस योजना के विस्तार से कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के सैकड़ों विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिलेगी और वे आत्मविश्वास के साथ अपने सपनों को साकार कर सकेंगे।
सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि पिछले दो वर्षों से ह्लनवीन जिन्दल यशस्वी छात्रवृत्ति योजनाह्व के माध्यम से सैकड़ों विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। अब इस नई पहल से समाज के उन बच्चों तक भी सहायता पहुंचेगी जिन्हें सबसे अधिक आवश्यकता है।

## संस्कार, उत्साह एवं पुरस्कार वितरण के साथ सम्पन्न हुआ बाल संस्कार शिविर




**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल**)उत्तरांचल प्रभारी, गीता परिवार, मीनाक्षी गुप्ता की देखरेख में आशादीप आदर्श हाई स्कूल, करहंस, समालखा में आयोजित बाल संस्कार शिविर का समापन श्रद्धा, उत्साह एवं संस्कारमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। शिविर के अंतिम दिवस की शुरूआत प्रार्थना, प्रेरणादायक गीत एवं हनुमान चालीसा के पाठ के साथ की गई, जिससे सम्पूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं ऊजार्वान बन गया। इस अवसर पर हरियाणा राज्य सचिव गीता परिवार डॉ. राजेश भारद्वाज ने बच्चों को भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों एवं अच्छे संस्कारों का महत्व बताते हुए कहा कि संस्कारवान बच्चे ही समाज एवं राष्ट्र का उज्ज्वल भविष्य होते हैं। उन्होंने बच्चों को अपने जीवन में अनुशासन, सेवा भावना एवं सदाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। गीता सेवी प्रदीप द्वारा बच्चों के लिए सूर्य नमस्कार, योग एवं ध्यान का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिन तीन विद्यार्थियों ने सूर्य नमस्कार को पूरी विधि से किया ,उनको गीता परिवार पानीपत द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### 8.25 ग्राम स्मैक सहित महिला आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** थाना इंद्री पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक महिला आरोपी बंतो पत्नी धर्मपाल निवासी इंद्री को काबू किया। तलाशी के दौरान आरोपी महिला के कब्जे से 8.25 ग्राम स्मैक नशीला पदार्थ बरामद की गई। अनुसंधान अधिकारी ने बताया कि आरोपी महिला के विरुद्ध थाना इंद्री में एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी महिला को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## समाधान शिविर में आईं 11 शिकायतें, समाधान के निर्देश




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** हरियाणा सरकार द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से आज आयोजित समाधान शिविर में आज पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर डॉ. सतीश खोला विशेष रूप से जिला सचिवालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने तथा उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए।
डॉ. सतीश खोला ने अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश हैं कि किसी भी नागरिक की शिकायत लंबित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह संवेदनशील है। हर अधिकारी का दायित्व है कि वह अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी और तत्परता से निभाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायत लेकर आने वाले नागरिकों के साथ व्यवहार विनम्र और सकारात्मक होना चाहिए, ताकि लोगों का प्रशासन पर विश्वास और मजबूत हो सके। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। कई नागरिकों ने समस्याएं रखीं, जिनमें परिवार पहचान पत्र में त्रुटियां, योजनाओं का लाभ न मिलना तथा दस्तावेजों से संबंधित शिकायतें शामिल थीं। संबंधित विभागों के अधिकारियों ने मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई करते हुए शिकायतों का निवारण किया।
समाधान शिविर के बाद डॉण सतीश खोला ने फैमिली आईडी कर्मचारियों के साथ एक बैठक भी की। बैठक में उन्होंने योजनाओं की प्रगति, आमजन से मिल रहे फीडबैक तथा कार्यप्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी कर्मचारी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

## मानव मंगल स्कूल में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
अजय कुमार घांघस, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला ने बताया कि आज मानव मंगल स्कूल में एक विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर पूरे पंचकूला जिले के स्कूलों में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य 'यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012' (POCSO Act) के प्रावधानों और प्रभावों के बारे में जानकारी देना था।
इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों में उनके कानूनी अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा और कानून के तहत मिलने वाली सुरक्षा के प्रति जागरूकता पैदा करना था। स्कूल प्रशासन ने श्री अजय कुमार घांघस का गर्मजोशी से स्वागत किया और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला द्वारा इतने महत्वपूर्ण सामाजिक और कानूनी मुद्दे पर छात्रों को जागरूक करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।
शिविर के दौरान, घांघस ने POCSO अधिनियम के प्रावधानों पर एक जानकारीपूर्ण व्याख्यान दिया और वर्तमान समय में बाल संरक्षण कानूनों के महत्व को समझाया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि 'यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012' बच्चों को यौन हमले, यौन उत्पीड़न और अश्लील सामग्री से जुड़े अपराधों से बचाने के लिए बनाया गया है। साथ ही, इसका उद्देश्य नामित विशेष न्यायालयों के माध्यम से अपराधों की रिपोर्ट करने, सबूत दर्ज करने, जांच करने और त्वरित सुनवाई के लिए बच्चों के अनुकूल तंत्र उपलब्ध कराना है।
उन्होंने आगे समझाया कि कानून की नजर में किसी नाबालिग की सहमति मान्य नहीं होती है, और ढडउरड अधिनियम के दायरे में आने वाला कोई भी कृत्य गंभीर दंडात्मक परिणामों को आमंत्रित करता है, जिसमें कठोर सजा भी शामिल है। उन्होंने छात्रों को ऐसे मामलों में शामिल बच्चों और परिवारों पर पड़ने वाले सामाजिक, शैक्षिक और मनोवैज्ञानिक प्रभावों के बारे में जागरूक किया, और छात्रों को अपने आचरण में सतर्क और जिम्मेदार बने रहने की सलाह दी।सुरक्षित व्यवहार, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया के जिम्मेदार उपयोग और ऑनलाइन शोषण तथा दुर्व्यवहार से सुरक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया। छात्रों को अपराधों की रिपोर्ट करने और कानूनी सहायता प्राप्त करने के लिए उपलब्ध विभिन्न तंत्रों के बारे में जानकारी दी गई।

## हत्या की वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** पुलिस चौकी जुण्डला की टीम द्वारा हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को प्रदीप उर्फ बच्ची पुत्र रामपाल निवासी गांव जुण्डला जिला करनाल को गिरफ्तार किया है।
चौकी इंचार्ज ने बताया कि शिकायतकर्ता भगवान दास ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह पिछले कुछ वर्षों से अनाज मंडी जुण्डला में चाय की दुकान चलाता है तथा रामकिशन पुत्र मांगे राम निवासी जुण्डला उसके पास कार्य करता था। 4 मई की शाम कार्य समाप्त करने के बाद रामकिशन मंडी स्थित किराए की दुकान पर चला गया था। 5 मई की सुबह जब रामकिशन काम पर नहीं पहुंचा तो शिकायतकर्ता ने चौकीदार को उसे बुलाने भेजा। मौके पर जाकर देखा गया कि रामकिशन दुकान के अंदर खून से लथपथ मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। शिकायत के आधार पर थाना सदर करनाल में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा आस पास में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई तथा तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान कर उसे पिचोलिया रोड, जुण्डला से गिरफ्तार किया गया। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि 4-5 मई की रात वह अनाज मंडी स्थित दुकान पर पहुंचा, जहां रामकिशन खाना खा रहा था। दोनों साथ बैठ गए और इसी दौरान रामकिशन ने अपना पर्स दुकान में रखे लोहे के संदूक में रख दिया। कुछ समय बाद आरोपी ने मौके का फायदा उठाकर पास में रखी लाठी-डंडे से रामकिशन के सिर पर कई वार किए। गंभीर चोट लगने से उसकी मृत्यु हो गई।

## न्यूज फ्लैश

### न्यू सरस्वती स्कूल जगूड़ी का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**रादौर, 14 मई (कुलदीप सैनी) :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में न्यू सरस्वती सीनियर सेकेंडरी स्कूल जगूड़ी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय का परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा, जिससे स्कूल में खुशी का माहौल बना रहा। दसवीं कक्षा में छात्रा रजनी ने 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की, जबकि 12वीं कक्षा में छात्रा तनिशा ने 91.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन नरेंद्र कुमार तथा मुख्याध्यापिका ममता सैनी ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### स्टार वे पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ का 10वीं व 12वीं परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**रादौर, 14 मई (कुलदीप सैनी) :** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणामों में स्टार वे सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ का 10वीं एवं 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी का माहौल बना रहा। 12वीं कक्षा में स्कूल के 44 विद्यार्थियों में से 25 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जबकि अन्य विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। छात्र कपिल ने 500 में से 459 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। युवराज और ईशा ने 447, विशाखा ने 445 तथा मुस्कान ने 440 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं 10वीं कक्षा में सभी 36 विद्यार्थी परीक्षा में सफल रहे, जिनमें से 13 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। छात्रा निधि चौहान ने 464 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्तिक ने 458, सिमरन ने 441 तथा नैन्सी ने 435 अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधक नरेंद्र सैनी एवं संजय सैनी ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और अध्यापकों के मार्गदर्शन से विद्यालय ने शानदार परिणाम हासिल किया है।

### पूरी सरकार के जुटने के बाद भी उकलाना में बुरी तरह हारी भाजपा : राजेन्द्र सोरखी

**हांसी(दिनकर गावड़ी):** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि ट्रिपल इंजन की दुहाई देकर देश व प्रदेश की भोली-भाली जनता को बरगलाने वाली भाजपा के राज में एक भी वायदा धरातल पर पूरा नहीं हुआ है। वायदों व घोषणाओं की सरकार से हरियाणा की जनता अब अच्छी तरह से रुबरु हो गई है। इसके परिणाम भी आने लगे हैं। ताजा उदाहरण उकलाना में नगर पालिका के चेयरमैन के चुनाव में जनता ने भाजपा को सच का आईना दिखाने का काम किया है। प्रेस को जारी बयान में पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सोरखी ने कहा कि उकलाना में लोकल स्तर के इस चुनाव में मुख्यमंत्री सहित पूरी केबिनेट के अलावा अनेक बड़े नेता चुनाव प्रचार में लगे हुए थे। पूरी तरह से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया गया। इसके बावजूद वहां की बहादुर जनता ने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ वोट देते हुए निर्दलीय प्रत्याशी को जीताने का काम किया।

# स्वदेशी खरीददारी करके भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दें नागरिक : आचार्य

**राज्यपाल ने नागरिकों से मौजूदा समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तेल का कम प्रयोग करने के आह्वान को अपनाने की अपील की**

**अपील**

**नागरिक स्वदेशी खरीददारी करके भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दें : देवव्रत**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत ने कहा कि देश की मुद्रा स्फीति को मजबूत बनाने की बात ध्यान में रखते हुए नागरिक स्वदेशी खरीददारी करके भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान दें। ऐसा करने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश को विकसित भारत बनाने के लक्ष्य को जल्दी हासिल किया जा सकेगा। राज्यपाल ने नागरिकों से मौजूदा समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तेल का कम प्रयोग करने के आह्वान को अपनाने की अपील की। गुजरात के राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत वीरवार को रेलवे स्टेशन कुरुक्षेत्र पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले गुजरात के राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत ने नागरिकों के समक्ष ईंधन बचाने का एक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए गुजरात से कुरुक्षेत्र रेलवे स्टेशन तक ट्रेन में सफर किया और शताब्दी एक्सप्रेस से सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर स्टेशन पर पहुंचे। यहां पर नागरिकों और गुरुकुल परिवार के लोगों ने राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत का जोरदार स्वागत किया। इसके उपरांत राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत साइकिल चलाकर गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पहुंचे। इस दौरान राज्यपाल का शहर के नागरिकों ने जगह जगह स्वागत किया।

इस साइकिल यात्रा में उनके साथ ओएसडी डा. राजेन्द्र विद्यालंकार, गौरव आर्य सहित साई के खिलाड़ी, आर्य समाज और गुरुकुल परिवार के साथ साथ आम नागरिक सहित लगभग 200 साईकिलिस्ट शामिल हुए। राज्यपाल आचार्य डा. देवव्रत के नेतृत्व में यह साइकिल यात्रा रेलवे रोड, छठी पातशाही गुरुद्वारा, पैनोरमा चौक, महाराणा प्रताप चौक, एलएनजेपी अस्पताल व कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से होते हुए गुरुकुल कुरुक्षेत्र में पहुंची, यहां पहुंचने पर गुरुकुल के विद्यार्थियों ने परम्परा अनुसार स्वागत किया। इस दौरान भारत माता के जयघोष से पूरा गुरुकुल गूंज उठा। राज्यपाल ने सभी नागरिकों का साईकिल यात्रा में शामिल होने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ईंधन को बचाने के लिए हवाई जहाज व हेलीकॉप्टर के सफर को देश में सामान्य स्थिति होने तक बंद कर दिया गया है और काफिला भी 3 वाहनों तक सीमित कर दिया गया है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की है कि प्रधानमंत्री के ईंधन बचाने का संदेश घर घर तक पहुंचाए। इससे कोरोना काल की तरह देश इस विकट स्थिति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में फिर से विकास की राह पर तेजी से आगे बढेगा। आचार्य डा. देवव्रत ने कहा कि गुजरात के सभी विश्वविद्यालयों को पत्र लिखकर सप्ताह में एक दिन व्हीकल का प्रयोग बंद करने के लिए कहा गया है। इस दिन विश्वविद्यालयों में सार्वजनिक वाहनों से सफर किया जाए। साइकिल, इलेक्ट्रिक वाहन को यात्रा में शामिल किया जाए।

## होम्योपैथिक डिस्पेंसरी का ज्ञानानंद जी ने किया उद्घाटन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 14 मई (बिजेंद्र सिंह)।** श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता सेवा समिति पानीपत द्वारा फ्री होम्योपैथिक डिस्पेंसरी का उद्घाटन गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने किया। महाराज जी के पावन आशीर्वाद से समस्त जनता के लिए निशुल्क जांच एवं दवाई डॉक्टर केदार बत्रा द्वारा (गायत्री हॉस्पिटल) किया जाएगा। महाराज श्री ने हवन यज्ञ करके पूर्ण विधान से शुभारंभ किया। बरसत रोड, बिचपड़ी चौक, वाणी फीड्स, अरोड़ा फीड वाली गली में स्थापित निशुल्क होम्योपैथिक डिस्पेंसरी प्रत्येक रविवार प्रातः 10 बजे से दोपहर बाद 2 बजे तक मरीज को जांच करके निशुल्क दवाई प्रदान करेगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बडे भाई हरपाल ढांडा, चेयरमैन सुरेश अरोड़ा, चंद्रशेखर शर्मा, विभु पालीवाल, सुनील ग्रोवर, भीम सचदेवा, अंकुश बंसल, विपिन सरदाना, हरीश अरोड़ा, सुभाष गुलाटी, धीरज बत्रा, राजेश बत्रा, अवनीश ठाकुर, पंकज वर्मा, गुलशन बत्रा, पार्षद अनीता परुथी, सुनील थम्मन, ओम प्रकाश सचदेवा, रमेश सतीजा, गुलशन चुघ, गौरव गांधी, सुनील मिगलानी, नवीन बत्रा, चमन गुलाटी, हरबंस आनंद व कंवर रविंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।

## सरकार मेवात के सेंटर में बनाए यूनिवर्सिटी: खूबी चौपान की सरपंच ने की मांग

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** मेवात में लंबे समय से यूनिवर्सिटी की मांग एक बार फिर चर्चा में है। समाजसेवी खूबी सरपंच चोपान की ने मांग उठाई है कि सरकार द्वारा मंजूर की गई यूनिवर्सिटी मेवात के सेंटर में बनाई जाए, ताकि पूरे इलाके के छात्रों को इसका सीधा फायदा मिल सके।खूबी सरपंच चोपानकी ने कहा कि मेवात के लोग कई दशकों से यूनिवर्सिटी की मांग कर रहे हैं। इसके लिए कई बार धरना-प्रदर्शन हुए और मुख्यमंत्री तक लोगों ने अपनी बात पहुंचाई। अब सरकार ने यूनिवर्सिटी को मंजूरी तो दे दी है, लेकिन इसे नूंह के इंडरी में बनाने की चर्चा चल रही है, जिस पर लोगों में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि यूनिवर्सिटी अगर मेवात के मुख्य सेंटर में बनेगी तो छात्रों को आने-जाने में सुविधा मिलेगी और पूरे क्षेत्र के युवाओं को बेहतर शिक्षा का अवसर मिलेगा। इस संबंध में मौलाना उमेर इलियासी से भी बातचीत की गई है और जल्द ही मेवात के लोग एक प्रतिनिधिमंडल के साथ उनसे मुलाकात करेंगे। खूबी सरपंच ने मेवात की शिक्षा व्यवस्था पर चिंता जताते हुए कहा कि हाल ही में आए 12वीं के कमजोर रिजल्ट ने शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

## आपात स्थिति से निपटने के लिए नागरिक अस्पताल में की मॉक ड्रिल



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग हरियाणा तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन विभाग के सौजन्य से जिले में मॉक ड्रिल आयोजित करवाई गई ताकि यदि कहीं पर भी कोई आपात स्थिति उत्पन्न होती है तो उससे निपटने के लिए क्या-क्या किया जा सकता है, यह तमाम कार्य करवाए गए। इसी कड़ी में नागरिक अस्पताल अम्बाला शहर में मॉक ड्रिल करवाई गई जिसमें एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार की अध्यक्षता में तमाम गतिविधियों का परीक्षण किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान प्राकृतिक आपदा के तहत नागरिक अस्पताल की बिल्डिंग अचानक टुटने के चलते वहां पर कई लोग भवन में फस गए जिसे मौके पर रैस्क्यू टीम ने पहुंचकर निकाला। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, गृहरक्षी, पुलिस विभाग तथा फायर ब्रिगेड विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित कार्य की मॉक ड्रिल की। इस दौरान घायलों को रैस्क्यू टीम ने सुरक्षित भवन से निकालकर उन्हें प्राथमिक उपचार दिलवाया। इसके साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घायलों का समय रहते उपचार करते हुए उनके जीवन को सुरक्षित किया।

इस मौके पर एसडीएम दर्शन कुमार ने बताया कि आज हरियाणा के 13 जिलों में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सौजन्य से मॉक ड्रिल आयोजित करवाई गई है जिसमें अम्बाला शहर का नागरिक अस्पताल भी शामिल है। यहां पर अचानक भवन की बिल्डिंग टुट गई थी जिसके चलते घायलों को बाहर निकाला गया और मॉक ड्रिल के दौरान यह तमाम गतिविधि दिखाई गई। एसडीएम ने यह भी बताया कि सभी टीमों ने अपना कार्य बेहतर तरीके से किया है और इस घटना में सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। उन्होंने यह भी बताया कि जो व्यक्ति घायल हो गए थे उन्हे यहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद पंचायत भवन अम्बाला शहर के सभागार में रिलिफ सैंटर में दाखिल करवाया गया जहां डाक्टरों द्वारा उनका उपचार किया गया। एसडीएम ने इस अवसर पर यह भी बताया कि रैडक्रास व उनकी टीम में शामिल विद्यार्थियों ने भी इस आपदा के समय जो कार्य किए जाने थे।

## आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 14 मई।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष बेहद शानदार रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत और लगन के बल पर 100 प्रतिशत परिणाम हासिल कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के 14 छात्रओं ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान



भारत भूषण, प्रबंधक अजय गोयल ,कोषाध्यक्ष वेद मित्र, प्राचार्य मनीष घनघस तथा प्रबंधक समिति के सदस्य कृष्ण , सुमित्रा अहलावत व अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर उनका उत्साहवर्धन किया और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कठिन मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर हर परिस्थिति को पार किया जा सकता है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल बना हुआ है।

**उपलब्धि**

**कठिन मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर हर परिस्थिति को पार किया जा सकता है**

## अपोलो विद्यालय का 12वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**समालखा (संजय नरवाल**
केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सीबीएसई की कक्षा बारहवीं का रिजल्ट गत बुधवार को घोषित हुआ जिसमेंअपोलो इंटरनेशनल स्कूल, पट्टी कल्याणा के विद्यार्थियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर सफलता का परचम लहरा दिया ।विद्यालय का 12वीं कक्षा का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम सुनकर विद्यार्थियों, अभिभावकों और स्कूल प्रशासन के चेहरे पर खुशी साफ देखी जा सकती थी।

कक्षा 12वीं के छात्र दिव्यम जैन ने कॉमर्स संकाय से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।वही छात्रा जिया, सानवी,कृतिक ने 90% से ज्यादा अंक हासिल कर




विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के करीब 20 बच्चों ने 80% से ज्यादा अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया । परीक्षा परिणाम आते ही विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल हो गया। छात्रों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए केमिस्ट्री विषय में 99,गणित में 94, कंप्यूटर में 98,अंग्रेजी विषय में 98, और राजनीतिक विज्ञान और बिजनेस स्टडी में 97, मे/अकाउंट्स मे 96 अंक लेकर सर्वोच्च प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य अलका टंडन ने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि स्टाफ ,अभिभावक और बच्चों की मेहनत से विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार और शत प्रतिशत रहा।

### 152 डी पर मिला महिला का नग्न शव, हत्या की आशंका

**रोहतक।** कलानौर थाना के अंतर्गत 152 डी के पास झाडियों में पुलिस को एक महिला का नग्न शव पड़ा हुआ मिला है। पुलिस ने महिला की हत्या की आशंका जताई है और मौके पर मौजूद लोगों के ब्यान दर्ज कर शव को पीजीआई भेज दिया। पुलिस का कहना है कि अभी महिला के शव की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। यह भी हो सकता है कि महिला की हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई हो और शव को खुर्द-बुर्द करने की नीयत से यहां पर फेंका गया है। पुलिस के अनुसार गुरुवार दोपहर को राहगीरों ने 152 डी के समीप झाडियों में एक महिला का शव पड़ा देखा।

## यशिता शर्मा ने 12वीं मानविकी संकाय में बनी जिला टॉपर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** एम एम इंटरनेशनल स्कूल सादोपुर अंबाला के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत उत्कृष्ट रहा तथा विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर विद्यालय की शैक्षणिक श्रेष्ठता को पुनः सिद्ध किया।

विद्यालय की प्राचार्या डॉ. निशा शर्मा ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, शिक्षकों के समर्पण तथा



अभिभावकों के सहयोग का प्रतिफल है। उन्होंने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं संस्कारयुक्त वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

विद्यालय की छात्रा यशिता शर्मा ने 98 % अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा मानविकी संकाय में टॉपर रहीं। कॉमर्स संकाय में स्नेहा खरबंदा ने 97.4% अंक प्राप्त कर तथा वंशिका गर्ग ने 96.2 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया ।विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों मेंशत-प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया। यशिता शर्मा ने इतिहास में 100 में से 98 अंक व मनोविज्ञान में 100 मे से 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया। विद्यालय प्रबंधन समिति एवं समस्त स्टाफ ने विद्यार्थियों की इस अभूतपूर्व सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी विद्यार्थियों को बधाई दी। विद्यालय परिसर में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला तथा विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी

**शैक्षणिक**

**उल्लेखनीय सफलता अर्जित कर विद्यालय की शैक्षणिक श्रेष्ठता को पुन: सिद्ध किया**

## थैलेसीमिया दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**अवतार सिंह चुघ**
**यमुनानगर, 14 मई**
मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर में अन्तर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर थैलेसिमीया विषय पर अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ तथा जिले की आशा कार्यकर्ताओं के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के दौरान उप-सिविल सर्जन डॉ. दिव्या मंगला, उप-सिविल सर्जन डॉ राजेश परमार, थैलेसीमिया नॉडल अधिकारी डॉ. नीशा गुरावा तथा बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सपना कम्बोज के साथ-साथ राज्य मुख्यालय से आये विशेष-सलाहकार मनीष भी उपस्थित रहे।

कार्यशाला के दौरान मनीष ने सभी थैलेसिमीया ग्रस्त मरीजों को फैरेटाईन टैस्ट कराने की सलाह दी। उन्होने बताया कि फैरेटाईन टैस्ट कराने से रक्त में आईरन की मात्रा का पता चलता है तथा लगातार रक्त चडाने के कारण थैलेसिमीया के मरीजों में आईरन की मात्रा बड जाती है, जिससे मरीज को विभिन्न प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पडता है।

अतः समय पर जॉच द्वारा रक्त में आईरन की मात्रा को नियंत्रीत किया जा सकता है। इसके साथ उन्होने कहा कि आमजन को भी विवाह आदि से पूर्व लडका-लडकी का थैलेसीमिया टैस्ट कराना चाहिये ताकि यदि कोई भी इससे ग्रस्त हो तो आने वाली



पीडी को इस बिमारी से बचाया जा सके।

कार्यशाला के दौरान उप-सिविल सर्जन डॉ. दिव्या मंगला ने बताया कि सिविल अस्पताल यमुनानगर में थैलेसीमिया के मरीजों के लिये विशेष थैलेसीमिया वार्ड है, जहॉ मरीजों को रक्त चढाया जाता है तथा अस्पताल में ही सरकारी नियमानुसार रक्तकोष द्वारा थैलेसीमिया के मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही समय-समय पर मरीजों के लिये कार्यशालाओं का भी आयोजन किया जाता है, जिससे की बिमारी के लक्षण, उपचार व दवाओं बारे जानकारी प्रदान की जा सके।

इस अवसर पर डॉ. निशा ने बताया कि अस्पताल में थैलेसिमीया के मरीजों के लिये रक्त की पूर्ण व्यवस्था है तथा मरीजों के रक्त में आईरन नियंत्रण के लिये मरीजों को अस्पताल से चिलेशन दवायें भी प्रदान की जाती हैं।

कार्यशाला के दौरान अस्पताल से बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सपना कम्बोज ने बताया कि मुकन्द लाल जिला नागरिक अस्पताल में लगभग 150 थैलेसिमिया के मरीज पंजीकृत हैं, जिनका उपचार थैलेसीमिया वार्ड में किया जाता है।

**चर्चा**

**जिले की आशा कार्यकर्ताओं के लिये एक कार्यशाला का आयोजन किया गया**

## आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, वीर भवन का 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 14 मई।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा सत्र 2025-26 की बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, वीर भवन, पानीपत की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय की कुल 25 छात्राओं ने मेरिट सूची में स्थान बनाया, जबकि 45 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। रीतिका ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान और सुनैना ने 90 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा अन्य छात्राओं का भी परीक्षा परिणाम बेहतरीन रहा।



आंचल एवं दिया ने 89 प्रतिशत, अदिति ने 86.4 प्रतिशत, समृद्धि, रिया, अंजलि एवं पायल ने 85 प्रतिशत, नीशु ने 83 प्रतिशत तथा नेहा ने 82 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनु आर्य ने छात्राओं की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्राओं की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन समिति ने भी सभी सफल छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई दी।

# नयाबांस गांव को मिली विकास कार्यों की सौगात

## विधायक देवेंद्र कादियान ने किए करीब 1 करोड़ के कार्यों का नारियल फोड़कर शिलान्यास

**शिलान्यास**

ग्रामीणों ने विधायक का फूलमाला के साथ स्वागत कर आभार जताया।



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** हलके के विधायक देवेंद्र कादियान ने गुरुवार को नयाबांस गांव में करीब 1 करोड़ रुपए की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विधायक का फूलमाला के साथ स्वागत कर आभार जताया। विधायक ने गांव में 10.09 लाख रुपए की लागत से धर्मपाल पूर्व सरपंच से इंद्र पूर्व सरपंच तक खेतों के रास्ते, 9.62 लाख रुपए से बिजेंद्र से सूरजमल पूर्व सरपंच तक खेतों के रास्ते, 20.59 लाख रुपए से बीपीएल प्लॉट बस्ती में गली निर्माण, 5 लाख रुपए से बीसी चौपाल रिपेयर एवं नवनिर्माण, 10 लाख रुपए से सरकारी स्कूल में पत्थर लगाने व नवीनीकरण तथा 15 लाख रुपए से सरढाना रोड पर पार्क निर्माण समेत अन्य विकास कार्यों की आधारशिला रखी। विधायक ने गांव के सरकारी स्कूल का भी निरीक्षण किया और बच्चों की पढ़ाई को लेकर शिक्षकों से चर्चा की। उन्होंने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर जोर देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। विधायक ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। विधायक कादियान ने कहा कि गन्नौर हलके के प्रत्येक गांव में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे है। इस अवसर पर विकास जेई, हेड मास्टर नवीन, ब्लॉक समिति अध्यक्ष अनिल कुमार, प्रदीप सरपंच नयाबांस, गुरमेल सरपंच, नरेंद्र यादव सरपंच प्रतिनिधि, इंद्र पूर्व सरपंच, धर्मपाल पूर्व सरपंच, विकास जेई, नवीन मास्टर, नरेंद्र शर्मा, सुरेंद्र, विनोद, सतबीर, सुरेश, चांद, बलवान आदि मौजूद रहे।

# आहुलाना की जय भारत स्कूल की छात्रा अंजलि ने जिले में दसवीं कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**परीक्षा परिणाम**

यूपीएससी परीक्षा पास कर देश की सेवा करना अंजलि का है सपना



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में जय भारत पब्लिक स्कूल खेड़ी गुज्जर की छात्रा अंजलि ने 500 में से 495 अंक लेकर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल व अपने गांव आहुलाना का नाम रोशन किया है। मेधावी छात्रा अंजलि ने बताया कि उसका सपना यूपीएससी की परीक्षा पास करके इस बनकर देश की सेवा करना है इसी सपने को साकार करने के लिए उसने दिन रात मेहनत की और उसकी शुरूआत में ही सपना पूरा हो गया अब उम्मीद है कि वह जरूर यूपीएससी परीक्षा पास कर लेगी। छात्रा अंजलि ने बताया कि उनकी सफलता में सबसे बड़ा योगदान उनके स्कूल के प्रधानाचार्य देवेंद्र पहल का है जो समय-समय पर क्लास में आकर किसी प्रकार की परेशानी के बारे में पूछते रहते थे और उसका समाधान करते थे। उन्होंने बताया कि इस सफलता में मेरे पिता सुरेश वर्मा व मां पुष्पा मैं भी बहुत सहयोग किया थकावट होने पर मां बीच-बीच में चाय व काफी देती रहती थी। जिससे हौसला बढ़ता था।
मेधावी छात्रा अंजलि ने बताया कि उसकी बड़ी बहन जो एम में अंग्रेजी है उसने घर पर पूरा मार्गदर्शन किया। उसी का परिणाम है कि आज उनकी सफलता रंग लाई है ।

**बेहतर सफलता के लिए ट्यूशन जरूरी नहीं : अंजली**

--- जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली अंजलि ने बताया कि उनका मानना है कि बेहतर अंक प्राप्त करने के लिए ट्यूशन जरूरी नहीं है

**न्यूज फ्लैश**

## हाईटेंशन लाइन मुआवजे को लेकर किसानों का खरखौदा एसडीएम कार्यालय पर धरना कर सौंपा ज्ञापन

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
खरखौदा : बिजली की नरेला-सीकर हाईटेंशन लाइन के उचित मुआवजे की मांग को लेकर शुक्रवार को किसान बड़ी संख्या में खरखौदा एसडीएम कार्यालय पहुंचे। भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धूपुर के जिला प्रधान बेदी दहिया के नेतृत्व में किसानों ने धरना दिया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।किसानों ने मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि सोनीपत के निजामपुर, सोहटी, किड़ौली, प्रह्लादपुर गांवों से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के लिए किसानों को उचित मुआवजा नहीं दिया जा रहा। आरोप है कि सोहटी में मुआवजा दिए बिना ही कंपनी ने काम शुरू कर दिया, जो हरियाणा सरकार के 30 जनवरी 2026 के गैजेट नोटिफिकेशन का उल्लंघन है। धरने में जिला उपाध्यक्ष समुंदर तोमर, कोऑर्डिनेटर इंदरजीत राणा, युवा जिला प्रधान प्रवीण दहिया, विकेश दहिया, नवीन राणा, स्वदेश दहिया, विकास राणा, कैप्टन बिजेंद्र दहिया, दिनेश सोहटी सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। नोटिफिकेशन में अग्रिम एवं एकमुश्त मुआवजे का प्रावधान है। किसानों की दूसरी मांग 29 अप्रैल 2026 के गैजेट नोटिफिकेशन को लेकर है। इसमें मार्केट वैल्यू निकालने के लिए लॉटरी व्यवस्था का प्रावधान है, जिसे किसान पारदर्शी नहीं मानते। उनका कहना है कि इससे किसानों के वैल्यूएटर की रिपोर्ट बेअसर हो जाएगी। यूनियन ने मांग की है कि वैल्यू तय करते समय किसान पक्ष के वैल्यूएटर की रिपोर्ट को भी प्रक्रिया में शामिल किया जाए और नियम तोड़ने वाली कंपनी पर एफआईआर दर्ज हो।

## एसडीएम ने एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर कुंजपुरा ब्लॉक के सभी निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** एसडीएम देवेंद्र शर्मा ने वीरवार को एचपीवी वैक्सीनेशन को लेकर कुंजपुरा ब्लॉक के सभी निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ अपने कार्यालय में बैठक की। बैठक में एसडीएम ने स्कूल प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए कि 14-15 वर्ष की आयु की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए चलाए जा रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाएं। बच्चियों और उनके अभिभावकों को ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण के लिए जागरूक करें, ताकि जिला की कोई भी पात्र बच्ची टीकाकरण से वंचित न रहे।
उन्होंने कहा कि भारत सरकार की ओर से 14 व 15 वर्ष की आयु की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस आयु वर्ग की लड़कियों को जब ये टीकाकरण हो जाएगा तो वे इस घातक बीमारी से बच सकेंगी। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के लिए जान लेवा व खतरनाक बीमारी है। इस बीमारी में महिलाओं को बहुत ही ज्यादा परेशानी व पीड़ा का सामना करना पड़ता है। भारत सरकार द्वारा बेटियों के स्वस्थ व उज्जवल भविष्य के लिए 14.15 वर्ष की लड़कियों को एचपीवी का टीका निशुल्क लगाया जा रहा है।
उन्होंने अपील की कि उक्त आयु वर्ग की बेटियों को यह टीकाकरण अवश्य करवाएं। इससे महिलाओं व लड़कियों के स्वास्थ्य पर किसी प्रकार का कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है। यह टीका बेटियों को भविष्य में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि स्कूली स्तर पर बच्चीयों व अभिभावकों को जागरूक करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाए। बैठक में डीईओ रोहताश वर्मा व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी कुंजपुरा डॉ. संदीप सहित कुंजपुरा ब्लॉक के विभिन्न निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# शौर्य बंसल ने 97.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में किया टाप

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । सीबीएसई 12वीं कक्षा के घोषित परीक्षा परिणाम में गढ़ी झंझारा रोड स्थित जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य सुनील शर्मा ने बताया कि वाणिज्य संकाय में शौर्य बंसल ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय में सोनल ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि कला संकाय में इशिता जैन व दीपिका ने 97.4 प्रतिशत अंक, इसके अलावा वाणिज्य संकाय
में हर्षिता व यश ने 93.4 , यश मित्तल ने 93.2 अंक लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने



उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने अकाउंटेंसी, इकोनामिक्स, म्यूजिक व आईपी विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। प्राचार्य ने इस उपलब्धि पर विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को बधाई देते हुए इसे मेहनत, अनुशासन व समर्पण का परिणाम बताया।

# पापा सॉरी... 11वीं और 12वीं के पैसे बर्बाद कर दिए, भावुक नोट लिख किशोर लापता

**गन्नौर** । गांव अहीर माजरा में एक 19 वर्षीय किशोर घर से जाते समय भावुक नोट छोड़ गया। नोट पढ़कर परिवार के होश उड़ गए। नोट में लिखा था, पापा सारी मैंने आपके 11वीं और 12वीं में लगाए पैसे बर्बाद कर दिए हैं। मैं कहीं का नहीं रहा। शायद ही मैं आपसे कभी मिल पाऊं। इसके बाद पिता ने इस संबंध में थाना गन्नौर में गुमशुदगी की शिकायत दी। शिकायत में अहीर माजरा गांव के नृत्यगोपाल ने बताया कि 13 मई की शाम व चुलकाना धाम गए हुए थे। पीछे से विष्णु घर से बिना बताए कहीं चला गया। जब परिवार के लोगों ने उसकी तलाश की तो कमरे में एक नोट मिला। नोट में लिखा था, पापा सारी, मैंने आपके 11वीं और 12वीं में लगाए पैसे बर्बाद कर दिए हैं। मैं कहीं का नहीं रहा। शायद ही मैं आपसे कभी मिल पाऊं। यह पढ़ते ही परिवार के लोगों के पैरों तले जमीन खिसक गई। उन्होंने तुरंत रिश्तेदारों व आसपास के क्षेत्रों में तलाश शुरू की, लेकिन देर रात तक विष्णु का कोई सुराग नहीं लगा। नृत्यगोपाल ने बताया कि उसकी तीन बेटियां और विष्णु को उन्होंने अपने भाई सुभाष से गोद लिया हुआ है।

# समाधान शिविर में लोगों की समस्याओं की हुई सुनवाई



**गन्नौर** । समाधान शिविर में एसडीएम प्रवेश कादियान ने लोगों की शिकायतें सुनी और उनके समाधान के अधिकारियों को निर्देश दिए। दरबार में दूषित पानी की समस्या, बिजली के टूटे पोल को बदलने, अवैध कब्जा व राशन कार्ड कटने, आय संबंधी व परिवार पहचान पत्र संबंधी समस्या पहुंची। समाधान शिविर में अधिकारियों को आदेश देते हुए एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा कि आने वाली समस्याओं को संबंधित अधिकारी गंभीरता से लें और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान सुनिश्चित करें ओर साथ ही मौके पर जाकर निरीक्षण भी करे। लोगों की शिकायतों के निवारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें और हर शिकायत पर तत्परता से कार्य करें। इस मौके पर उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद थे ।

# पी एस पब्लिक स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, विद्यार्थियों ने बढ़ाया मान










**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पीएस पब्लिक स्कूल, भुर्री का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के निदेशक संजीव कुमार ने बताया कि कला संकाय में प्रिया ने 98.4 प्रतिशत, वाणिज्य संकाय में यशविंद्र कौशिक ने 71.4 प्रतिशत, मेडिकल संकाय में स्नेहा ने 94.6 प्रतिशत व नान मेडिकल संकाय में स्नेहा ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल के 24 छात्रों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के निदेशक संजीव कुमार ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग व शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों व स्टाफ को बधाई दी।

# लाभ सिंह आत्महत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

**लाड़वा 14, मई (विजय कौशिक)** : जिला पुलिस ने लाभ सिंह आत्महत्या मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग दर्शन में अपराध अन्वेषण शाखा-लाडवा की टीम ने लाभ सिंह आत्महत्या मामले में आरोपी संदीप उर्फ संदीप पंजेटा वासी कडामी जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 5 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली थी कि लाभ सिंह वासी हलालपुर ने जहरीला पदार्थ खा लिया है जो ईलाज के लिए सैक्टर-32 चंडीगढ़ में दाखिल है।

# स्वामी चेतना स्कूल का दसवीं व 12वीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**प्रथम स्थान**

विद्यालय की छात्रा शिवानी ने 486/500 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया



**गन्नौर** । स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, टेहा का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में प्रदर्शन शानदार रहा। विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार शर्मा, प्रधानाचार्या डिंपल शर्मा ने बताया कि विद्यालय की छात्रा शिवानी ने 486/500 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं पायल ने 485/500 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सोनम एवं निधि ने 476/500 अंक लेकर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के कुल 65 विद्यार्थियों में से 40 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया, जबकि शेष सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण रहे। उपप्रधानाचार्या संयोगिता शर्मा ने बताया कि विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में सोनम ने हिंदी में सोनम ने 99/100 अंक प्राप्त किए। वहीं पायल , निधि एवं शिवानी ने अंग्रेजी में 97/100 अंक हासिल किए। कंप्यूटर विषय में साक्षी, वारिका, निधि और उदय ने 100 में से 100 अंक प्राप्त किए । जबकि दीपांशु शर्मा ने शारीरिक शिक्षा में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। पायल, शिवानी व दक्ष शर्मा ने विज्ञान विषय में 100 में से 97 उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए।
स्कूल का बारहवीं कक्षा का बोर्ड परीक्षा परिणाम
स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का बोर्ड का बाहरवी कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय में कशिश ने 484/500 प्राप्त कर विज्ञान संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त किया । दिव्या त्यागी ने 477/500 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा चेतना व प्रिंस ने 469/500 अंक प्राप्त किए। इनके अतिरिक्त स्थान तीसरा स्थान बच्चों ने 54 प्राप्त किया ।

# अंकित मल्होत्रा बने भाजपा युवा मोर्चा के जिला सचिव



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर** । भाजपा युवा मोर्चा में संगठन विस्तार के तहत अंकित मल्होत्रा को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। अंकित मल्हौत्रा की नियुक्ति के बाद कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। युवा मोर्चा पदाधिकारियों ने अंकित मल्हौत्रा को नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीन दहिया ने कहा कि संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं अंकित मल्होत्रा ने प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, जिलाध्यक्ष अशोक भारद्वाज व युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीन दहिया का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।

# जिला में संभावित बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को लेकर मॉक ड्रिल आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला में संभावित बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को लेकर वीरवार को उपायुक्त डॉ.आनंद शर्मा के मार्गदर्शन में इंद्री के गांव जपती छपरा में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। सायरन बजते ही प्रशासन अलर्ट मोड में नजर प्रबंधन का पहला चरण है। इसके बाद प्रशासन द्वारा आसपास के अन्य गांवों का भी दौरा किया जाएगा, ताकि सुरक्षा प्रबंधों का पुख्ता जायजा लिया जा सके।
एडीसी डॉ राहुल रईया ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी भी आपदा की स्थिति में घबराएं नहीं और अफवाहों से बचें। उन्होंने कहा कि किसान भारी बारिश व बाढ़ की स्थिति में जलभराव वाले क्षेत्रों में जाने से बचें। यदि कोई व्यक्ति कहीं फंस जाता है या आपात स्थिति उत्पन्न होती है, तो तुरंत जिला कंट्रोल रूम पर संपर्क कर सकता है, 10 मिनट के अंदर सहायता पहुंच जाएगी।



**राहत शिविरों में उपलब्ध करवाई गई आवश्यक सुविधाएं**

मॉक ड्रिल के दौरान प्रशासन द्वारा राहत शिविर स्थापित कर प्रभावित लोगों के लिए भोजन, पेयजल, प्राथमिक उपचार और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। अधिकारियों ने शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि वास्तविक आपदा की स्थिति में राहत शिविरों के माध्यम से प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

**आपदा प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क**

एडीसी डॉ. राहुल रईया ने कहा कि मॉक ड्रिल का उद्देश्य केवल अभ्यास करना नहीं बल्कि सभी एजेंसियों की तैयारियों और समन्वय क्षमता का मूल्यांकन करना भी है। इससे भविष्य में किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

नोट : समाचार से सम्बंधित

# रतिराम मेमोरियल स्कूल, खूबडू का बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रतिराम मेमोरियल स्कूल, खूबडू का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय के निदेशक रविंद्र धनखड़ ने बताया कि छात्रा शीतल ने नान मेडिकल में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में पहला स्थान हासिल किया।
खुशी ने मेडिकल में 86.6 प्रतिशत व दीपिका ने नान मेडिकल में 86.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा रौनक, तन्नु, कीर्ति, बरखा, हर्षित, अनामिका व अंकित ने भी अच्छे अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि स्कूल का हर वर्ष परीक्षा परिणाम बेहतर रहता है। यह स्कूल के लिए बड़े गर्व की बात है।

## न्यूज फ्लैश

### मॉक ड्रिल को सफल बनाने के लिए विभागों में आपसी तालमेल होना बहुत जरूरी:विश्राम कुमार मीणा

**शाहबाद (प्रदीप कुमार)उपायुक्त** विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि मॉक ड्रिल को सफल बनाने के लिए विभागों में आपसी तालमेल होना बहुत जरूरी है। आपदा के समय जिले में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से संबंधित क्षेत्र में बातचीत की जा सकती है तथा वहां क्या हो रहा है उसके बारे में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। एफएम और टेलीफोन के जरिए सूचना पहुंचाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल के दौरान ड्रोन का इस्तेमाल होना चाहिए और मॉक ड्रिल के समय प्रेस ब्रीफिंग होना भी बहुत जरूरी है।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों से मॉक ड्रिल की समीक्षा कर रहे थे। इससे पहले राष्ट्रीय आपदा प्राधिकरण (एनडीएमके) के

सलाहकार बिगेडियर ग्रौउंग ने वीसी के थ्रू आज हुई मॉक ड्रिल की समीक्षा की और संबंधित जिलों के उपायुक्त से फीडबैक लिया। वीसी में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि जिले के पिहोवा उपमंडल के गांव झांसा और शाहाबाद के गांव तंगोर में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

शाहाबाद एसडीएम शंभू राठी ने कहा कि गांवों में सायरन होने चाहिए, ताकि ग्रामीणों को अलर्ट करने में उनका इस्तेमाल हो सके और समय-समय पर पेट्रोलिंग भी बहुत जरूरी है। हरियाणा रोडवेज के जो चालक और कंडक्टर संबंधित जगह से वाकिफ होने चाहिए, ताकि आपदा के समय कोई समस्या ना आए। जो अधिकारी मॉक ड्रिल के समय हो या प्रशिक्षण के दौरान हो उनका ट्रांसफर नहीं होना चाहिए।

पिहोवा एसडीएम अनिल कुमार दून ने कहा कि आपदा के समय फ्लड लाइट होना बहुत जरूरी है। हर गांव में लोकल टीम होनी चाहिए, ताकि आपदा के समय वह काम कर सके और उसे अपने क्षेत्र की पूरी जानकारी होनी चाहिए। सिंचाई विभाग के जो कर्मचारी हैं, उनके पास लाइव जैकेट होनी चाहिए। कर्नल नीतीश ने कहा कि जो मॉक ड्रिल आज दिन के समय की गई है, ऐसी ही प्रैक्टिस रात के समय में भी होनी चाहिए। मॉक ड्रिल के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर सही होना चाहिए और संबंधित अधिकारी को इसके लिए प्रशंसा पत्र या पुरस्कार देकर सम्मानित भी करना चाहिए। आपदा के समय रोड सही होने चाहिए और छोटे विकल का प्रयोग करना चाहिए।

मेजर वरुण ने कहा कि आपदा के समय क्या-क्या करना है उसके बारे में सभी जानकारी होनी चाहिए। सभी को बारीकी से सभी नियमों का पता होना चाहिए। इसके साथ ही सभी विभागों के कलर कोड होने चाहिए, ताकि आपदा के समय पहचान हो सके। आपदा के समय एक चेकलिस्ट होनी चाहिए कि हमें किस-किस चीजों की जरूरत है ताकि कोई समस्या ना आए।

इस मौके पर मॉक ड्रिल के ऑब्जर्वर कर्नल नीतीश, अंबाला कैंट से मेजर वरुण, शाहाबाद के एसडीएम शंभू राठी, पिहोवा के एसडीएम अनिल दून, जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी, नगराधीश आशीष कुमार, जिला दमकल अधिकारी संदीप ग्रेवाल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पिता का सपना बना बेटे की ताकत – नरवाना के वंश ने 497 अंक लेकर हरियाणा में हासिल किया तीसरा स्थान

**नरवाना, 14 मई राहुल**

नरवाना कहते हैं अगर इरादे मजबूत हों तो मुश्किल हालात भी रास्ता नहीं रोक सकते। नरवाना की भगत सिंह कॉलोनी के रहने वाले वंश ने यह साबित कर दिखाया है। पांच साल पहले पिता का साया सिर से उठ गया, लेकिन बेटे ने उनके सपनों को टूटने नहीं दिया।

हरियाणा बोर्ड की 10वीं परीक्षा में 500 में से 497 अंक हासिल कर वंश ने प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

अब पूरे इलाके में इस होनहार बेटे की चर्चा हो रही है। रिजल्ट घोषित होते ही वंश के घर में खुशी का माहौल छा गया। ढोल-नगाड़ों की आवाज के बीच रिश्तेदार और मोहल्ले के लोग बधाई देने पहुंचने लगे। मिठाइयां बांटी गईं और परिवार ने बेटे की सफलता का जश्न मनाया। वंश की इस उपलब्धि के पीछे उसकी मां सरोज की मेहनत और संघर्ष भी साफ नजर आया।

पिता के निधन के बाद मां ने ही बेटे और बेटी दोनों को संभाला और पढ़ाई में कभी कोई कमी नहीं आने दी। - वंश ने बताया कि उसने ज्यादा घंटे पढ़ाई करने के बजाय पूरी एकाग्रता और फोकस के साथ पढ़ाई की।

सोशल मीडिया का इस्तेमाल भी केवल पढ़ाई से जुड़े डाउट और जानकारी के लिए किया।

# मथुरा: अब मेरो मथुरा एप से मिलेंगी नगर निगम की अनेक सुविधाएं

**लोकार्पण**

- मेरो मथुरा ऐप स्थानीय नागरिकों को सुविधा देने के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा**। सांसद हेमामालिनी ने गोवर्धन परिक्रमा मार्ग में 500 सोलर स्ट्रीट लाइट एवं ह्यमेरो मथुराह्न ऐप का लोकार्पण किया। मथुरा-वृंदावन विकास प्राधिकरण और नगर निगम की इन दोनों परियोजनाओं को सीएसआर फंड के तहत



एचडीएफसी बैंक द्वारा पूरा कराया गया है।

गुरुवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद सभागार में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद हेमा मालिनी ने परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, नगर आयुक्त जग प्रवेश, सीईओ लक्ष्मी नागप्पन तथा एचडीएफसी बैंक के जोनल हेड प्रवीण गुप्ता और आशीष श्रीवास्तव की उपस्थिति में रिमोट दबाकर सोलर स्ट्रीट लाइट एवं ह्यमेरो मथुराह्न ऐप का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर सांसद हेमा मालिनी ने एचडीएफसी बैंक, नगर निगम और विकास प्राधिकरण के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि मथुरा कोई साधारण स्थान नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण की पावन भूमि है। यहां देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। उन्होंने कहा कि ह्यमेरो मथुराह्न ऐप स्थानीय नागरिकों को आवश्यक सुविधा देने के साथ-साथ पर्यटकों के लिए भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा।

विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने कहा कि ऐप बनने के बाद नगर निगम की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। अब इसके माध्यम से न केवल शिकायतें आएंगी बल्कि जन्म मृत्यु, सम्पत्ति टेक्स, पंजीकरण जैसी विभिन्न आवश्यकताओं के लिए इसका उपयोग किया जाएगा। इसकी नियमित निगरानी नगर निगम द्वारा सुनिश्चित की जानी चाहिए तथा इसके लिए किसी एक अधिकारी की जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि ह्यमेरो मथुराह्न ऐप को ह्यमेरो ब्रजह्न ऐप से भी जोड़ा जाए, जिसमें ब्रज क्षेत्र से जुड़े साहित्य, मंदिरों और ऐतिहासिक स्थलों की जानकारी उपलब्ध है।

### आर्यन पब्लिक स्कूल हथो का कक्षा 10वीं परिणाम शत-प्रतिशत, खुशप्रीत ने किया टॉप




**नरवाना, 14 मई राहुल**

आर्यन पब्लिक स्कूल हथो का कक्षा दसवीं का वार्षिक परीक्षा परिणाम वीरवार को घोषित किया गया, जिसमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता का नया इतिहास रच दिया। विद्यालय ने इस वर्ष भी अपनी श्रेष्ठ शैक्षणिक परंपरा को कायम रखते हुए शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी और उत्साह का माहौल बन गया।

विद्यालय की छात्रा खुशप्रीत पुत्री संतराम ने 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं समीर पुत्र दिनेश तथा अंतिम पुत्री प्रदीप ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रभजोत पुत्री महावीर ने 93.2 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

परिणाम की विशेष उपलब्धि यह रही कि छात्रा अंतिम ने सामाजिक विज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए, जबकि समीर ने सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान दोनों विषयों में शत-प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय के इतिहास

### सीआईए सिरसा पुलिस ने 2 मामलों में दो अवैध हथियार सहित दो युवक को दबोचा

**सिरसा(शुभम.खटक)**..एसपी दीपक सहारन के दिशा निदेर्शानुसार सिरसा पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला की सीआईए सिरसा पुलिस की दो टीमों ने गश्त व चेकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते नाथूसरी चौपटा थाना क्षेत्र से 2 युवकों को दो अवैध पिस्तौल व 4 जिंदा कारतूस सहित काबू करने में सफलता हासिल की है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान नाथूसरी चौपटा से गांव नहराना की तरफ जा रही थी । इस दौरान पुलिस पार्टी जब गांव नहराना की गउशाला के नजदीक पंहुची तो गउशाला की तरफ से एक नौजवान युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया । उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुड़कर गांव की गउशाला में घूसने का प्रयास किया तो पुलिस पार्री ने शक आधार पर आरोपी युवक पंकज पुत्र राम निवास निवासी गांव नहराना को गिरफ्तार कर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 32 बोर का अवैध पिस्तौल व 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए । वहीं एक अन्य घटना में सीआईए सिरसा की दूसरी पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव चाहरवाला से कागदान की तरफ जा रही थी । इस दौरान पुलिस पार्टी जब गांव कागदान की मेड़ी के नजदीक पंहुची तो सामने से एक युवक आता दिखाई दिया उक्त युवक ने सामने पुलिस पार्टी को देखकर वापस मुड़कर भागने का प्रयास किया तो पुलिस पार्टी ने आरोपी युवक शिव कुमार पुत्र रणधीर सिंह निवासी दयैड़ तहसील भट्टू जिला फतेहाबाद को काबू कर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 32 बोर का अवैध पिस्तौल व 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए । सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी ने

### ढाबा मालिक की थार पर फायरिंग, शीशे टूटे मिले

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। जिले के मंगलौरा गांव के पास देर रात एक ढाबा मालिक की थार गाड़ी पर फायरिंग की संदिग्ध घटना सामने आई है। गाड़ी के शीशे टूटे हुए मिले हैं, जिससे फायरिंग की आशंका जताई जा रही है। घटना के बाद पुलिस तुरंत हरकत में आई और जांच शुरू की। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि वास्तव में गोली चली थी या कोई अन्य कारण था।

करनाल के ज्योतिनगर निवासी प्रवीण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह यूपी में अमर के नाम से ढाबा चलाता है। बीती रात करीब 12.15 बजे वह अपनी थार गाड़ी से यूपी से करनाल लौट रहा था। जब वह मंगलौरा गांव के पास अमर ढाबा के पास पहुंचा

### खाद्य विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल के आह्वान पर मथुरा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार पिंटू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम संबोधित 12 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्ट्रेट में खाद्य विभाग के डीआई धीरेंद्र प्रताप सिंह को सौंपा।जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार पिंटू ने ज्ञापन देते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत सैंपल भरते समय रिटेलर के साथ निमार्ता को भी पार्टी बनाया जाता है, लेकिन निमार्ता को जारी किया गया फार्म 5-क नहीं भेजा जाता जो नियमों के विपरीत है। उन्होंने मांग की कि निमार्ता को पार्टी बनाए जाने की स्थिति में फार्म 5-क



पंजीकृत डाक से भेजना अनिवार्य किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि सैंपलों की जांच रिपोर्ट महीनों में प्राप्त होती है, जबकि अधिनियम के अनुसार 14 दिनों के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जानी चाहिए। इसलिए प्रदेश की सभी सरकारी प्रयोगशालाओं को निर्धारित समय सीमा में रिपोर्ट देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

व्यापार मंडल ने मांग की कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम की धारा 69 के तहत मामूली मामलों में शमन (कम्पाउंडिंग) की व्यवस्था लागू की जाए, जिससे व्यापारियों को त्वरित न्याय मिल सके और अनावश्यक मुकदमों का बोझ कम हो।

नगर अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद लोधी ने प्राइवेट लैब से जांच कर निमार्ताओं के खिलाफ की जा रही कार्रवाई को गलत बताते हुए इसे समाप्त करने की मांग उठाई। वहीं जिला उपाध्यक्ष भगवती चतुर्वेदी ने सैंपल रिपोर्ट को सार्वजनिक करने और नए सिरे से मानक तय करने की बात कही।

### जनगणना कार्य में मुकेश कुमार की कार्यनिष्ठा बनी अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणा

**सम्मान**

- जनगणना कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर जेबीटी शिक्षक मुकेश कुमार सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 14 मई राहुल**

उपमंडल नरवाना में जनगणना 2027 के हाउस लिस्टिंग कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जीपीएस दातासिंहवाला के जेबीटी शिक्षक मुकेश कुमार को वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में



सम्मानित किया । इस अवसर पर एसडीएम जगदीश चंद्र एवं तहसीलदार विजय कुमार ने संयुक्त रूप से उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनकी सराहना की।

गौरतलब है कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में मुकेश कुमार ने न केवल अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाया, बल्कि निर्धारित समय से भी पहले कार्य पूर्ण कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया। उपमंडल नरवाना (ग्रामीण) में कुल 66 सुपरवाइजर ब्लॉक बनाए गए हैं, जिनके अंतर्गत लगभग 380 प्रगणक जनगणना कार्य में जुटे हुए हैं। ऐसे प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में सुपरवाइजर ब्लॉक-13 के एचएलबी-78 के प्रगणक मुकेश कुमार का सबसे कम समय में कार्य पूर्ण करना उनकी कार्यनिष्ठा, समर्पण और दक्षता का परिचायक है।

एसडीएम जगदीश चंद्र ने मुकेश कुमार की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि उनका यह प्रदर्शन अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे भी इसी प्रकार जिम्मेदारी और लगन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, ताकि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके।

सुपरवाइजर नरेंद्र गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके अधीन कुल 6 प्रगणक कार्य कर रहे हैं, जिनमें से मुकेश कुमार ने सबसे पहले और समयबद्ध तरीके से अपना कार्य पूरा किया। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों का परिणाम है, बल्कि पूरी टीम के लिए गर्व का विषय भी है।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी मुकेश कुमार की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

### राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय बेलरखा में नशा विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 14 मई राहुल**

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेलरखा में गुरुवार को नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कुलदीप सिंह ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों, नारी सुरक्षा तथा नए कानूनों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने कहा कि ह्लनशा हमारा दुश्मन है और शिक्षा हमारी मित्र।ह्व उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, परिवार, शिक्षा और पूरे समाज को बर्बाद कर देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को मेहनत और शिक्षा के माध्यम से अपने परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।इस दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस अधीक्षक से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे, जिनका उन्होंने सरल एवं प्रभावशाली ढंग से उत्तर दिया। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नशे से दूर रखते हुए बेहतर शिक्षा दिलाएं। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति ही समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नशा करने वाले व्यक्तियों की सूचना ऑनलाइन माध्यम से भी दी जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को मोबाइल एवं इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने, साइबर ठगी से सतर्क रहने तथा ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय भी बताए। उन्होंने डिजिटल अरेस्ट जैसी चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि विभिन्न बैंकों द्वारा शीघ्र ही ड्यूल ओटीपी सिस्टम लागू किया जाएगा

### गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल के 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में गुरु हरकृष्ण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय, अभिभावकों और शिक्षकों का नाम गर्व से ऊंचा कर दिया। विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम इस वर्ष के उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों में साफ दिखाई दिया।

विद्यालय के निर्देशक सरदार जसबीर सिंह गुलाटी ने बताया कि रश्मि सहगल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। श्रेया ने 95.4 प्रतिशत, उर्वी अग्रवाल ने 97 प्रतिशत, वंशिका सचदेवा ने 89 प्रतिशत तथा खुशी कश्यप ने 86.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

### बोर्ड परीक्षाओं में नूंह, पलवल के खराब नतीजे चिंताजनक: अकरम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली):**

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किए गए 10वीं व 12 वीं के परीक्षा परिणाम में नूंह जिला प्रदेश में सबसे पीछे रहा। लगातार चौथी साल परीक्षा परिणाम के मामले में दसवीं में सबसे पिछले पायदान पर रहने के कारण शिक्षा की मजबूती पर सवाल उठने लगें हैं। वहीं पलवल जिले के नतीजे भी ठीक नहीं रहे हैं। बोर्ड परीक्षाओं में खराब नतीजे इलाके में चर्चा का विषय बने हुए हैं।

सहायक प्रोफेसर डॉक्टर वसीम



अकरम ने बातचीत में बताया कि 12वीं और 10 वीं कक्षा में खराब नतीजों के कई कारण हैं फिर चाहे वो विद्यार्थी, शिक्षण प्रणाली, और पारिवारिक व सामाजिक वातावरण से जुड़े हो सकते हैं।

प्रोफेसर वसीम अकरम ने कहा कि नूंह जिला प्रदेश में सबसे फिसड्डी रहा है और ऐसा कई सालों से हो रहा है। वहीं पलवल जिले में हथीन खंड की भी यही स्थिति है। उन्होंने कहा कि लगातार खराब नतीजे ये दशार्ते हैं कि मेवात में शिक्षकों की कमी है, स्कूलों में साइंस और गणित के शिक्षकों की कमी प्रमुख समस्या रही है। लगभग 51 फीसदी शिक्षकों के रिक्त पद भी खराब नतीजों का एक बड़ा कारण है। स्कूलों में जरूरी सुविधाएं भी बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की गैर शिक्षण कार्यों में ड्यूटी लगना भी छात्रों की पढ़ाई प्रभावित करता है।

डॉक्टर वसीम अकरम ने बताया कि इसके अलावा छात्रों में अध्ययन की सही रणनीति का अभाव भी रह जाता है, समय प्रबंधन में भी कमी कई बार रह जाती है, रटने पर ज्यादा जोर और समझ की कमी व महत्वपूर्ण टॉपिक्स पर फोकस न करना ऐसे कारण हैं जो अपेक्षा अनुसार अच्छे नतीजे नहीं दे पाते।

प्रोफेसर वसीम अकरम ने बताया कि विषय में रुचि की कमी भी मुख्य कारण है, छात्रों को जिन विषयों में रुचि नहीं होती, उसमें अच्छा प्रदर्शन करना मुश्किल होता है,

### समाधान शिविर की शिकायतों को हल्के में लेने वाले अधिकारी होंगे जवाबदेह: एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना 14 मई राहुल**

समाधान शिविर में आई शिकायतों को अधिकारी हल्के में ना लें, बल्कि समस्या के जमीनी स्तर तक पहुंच कर हर कीमत पर उसका समाधान सुनिश्चित करें और अपडेट रिपोर्ट प्रस्तुत करें। एसडीएम जगदीश चंद्र ने यह निर्देश वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए दिए।

एसडीएम ने स्पष्ट तौर पर कहा कि ऐसे अधिकारी जो समाधान शिविर में आई शिकायतों के प्रति गंभीरता नहीं दिखाते वे स्वयं तौर पर जवाबदेह होंगे। एसडीएम ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं



समाधान शिविर प्रकोष्ठ की निगरानी कर रहे हैं और उनके स्पष्ट निर्देश है कि जनता के प्रति अधिकारियों की माकूल जवाबदेही बनती है इसमें किसी भी ढिलाई या कोताही के लिए संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होगा।

एसडीएम जगदीश चंद्र ने कहा कि आमजन समाधान शिविर में काफी उम्मीद के साथ अपनी बात रखने आता है और समस्या के समाधान के प्रति आश्वस्त होता है।

आमतौर पर संज्ञान में आ रहा है कि कुछ अधिकारी बिना ठोस तर्क अथवा समस्या के समाधान में अड़चन डाल रही तकनीकी कारण बताएं बिना समस्या को लंबित रख देता है जो पूर्णतया न्याय संगत नहीं है और इसमें अधिकारी की कार्यशैली के प्रति उदासीनता झलकती है, लिहाजा अधिकारी जनसेवा में समर्पणभाव एवं प्रतिबद्धता के साथ अपनी ड्यूटी निभाए ताकि आमजन को प्रत्याशित राहत मिले और समाधान शिविर के उद्देश्य की सार्थकता भी बनी रहे। एसडीएम ने आमजन से भी अनुरोध किया कि वे भी हर समय तैयार है ऐसी कोई भी समस्या जिसको कोई भी अधिकारी जानबूझकर अन-सुना करें या फरियादी को संतोषजनक उत्तर ना मिले इसकी सूचना शिकायतकर्ता उन्हें यानी एसडीएम को दे सकते हैं। एसडीएम जगदीश चंद्र ने बताया कि राज्य सरकार के निदेर्शानुसार प्रदेश के सभी जिला एवं उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि यह शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक निरंतर आयोजित किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन की शिकायत एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का बराबर लाभ मिल सके और समस्याओं के समाधान से जनसाधारण को राहत पहुंचे। वीरवार को लगे समाधान शिविर में कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुई जिसका समाधान मौके पर ही संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से करवाया गया।

### डीसी राहुल नरवाल ने एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर जनप्रतिनिधियों से की अपील

**टीम एक्शन इंडिया**

**हांसी(दिनकर गावड़ी):झ्र** डीसी राहुल नरवाल ने जिले में चल रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला के पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे आम नागरिक सहित विशेषकर महिलाओं को टीकाकरण अभियान के प्रति जागरूक करें ।

डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने महिला जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने गांवों में



अभिभावकों को जागरूक करें और पात्र किशोरियों का समय पर टीकाकरण करवाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म या अन्य माध्यमों से फैलाई जा रही भ्रांतियों और अफवाहों पर ध्यान न दें तथा लोगों को भी सही और वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध करवाएं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा यह अभियान पूरी सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों के अनुरूप चलाया जा रहा है।

**गांव स्तर पर जनजागरूकता बढ़ाने पर जोर**

डीसी राहुल नरवाल ने महिला जनप्रतिनिधियों से कहा गया कि वे पंचायत स्तर पर बैठकों, महिला समूहों और सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से एचपीवी टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाएं ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक इस अभियान का लाभ पहुंच सके।

# मेयर का चुनाव जीतते ही एक्शन मोड में नजर आए राजीव जैन

**सोनीपत( संजीव कौशिक )।** मेयर का चुनाव लगातार दूसरी बार जीतने के बाद राजीव जैन अगले ही दिन पूरे एक्शन मोड में नजर आए। वीरवार को सुबह साढ़े पांच बजे उन्होंने पार्षदों को साथ लेकर शहर के वाटर बूस्टिंग स्टेशनों का जायजा लिया और अधिकारियों से कहा कि आगामी गर्मी के सीजन में पेयजल की आपूर्ति किसी कीमत पर बाधित नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कालूपुर चुंगी के समीप नव निर्मित बूस्टिंग स्टेशन से कई माह के बाद भी पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं होने के कारण फोन पर ही अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने सीधे तौर पर कहा कि अधिकारी वाटर बूस्टिंग स्टेशनों का निरीक्षण करें और अगले दो दिनों के भीतर छोटी- मोटी कमियों को दूर कर उन्हें अवगत करवाएं। विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की



लापरवाही का खमियाजा यहां की जनता भुगते इसे वे कतई स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने पार्षदों से भी आग्रह किया कि अपने -अपने वार्ड के बूस्टिंग स्टेशनों पर पैनी नजर रखें।

वीरवार को सुबह राजीव जैन अपने साथ पार्षद संजय ठेकेदार तथा राजकुमार शर्मा को लेकर कालूपुर स्थित नए बने बूस्टिंग स्टेशन पर पहुंचे। यहां का ताला बंद देखकर राजीव जैन भड़क उठे और अधिकारियों की फोन पर जमकर क्लास लगाई। अधिकारियों ने बताया कि यहां दोनों मोटर 25 हॉर्स पावर क्षमता की है जो प्रेशर से पानी नहीं उठा पाती। उन्होंने तुरंत दोनों मोटरें 40 हॉर्स पावर क्षमता की लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा मुरथल गांव स्थित पम्प हाउस पर सात में से दो ट्यूबवेल ही चलते पाए गए, तीन ट्यूबवेल ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण नहीं चल रहे थे और बताया गया कि दो का वाटर लेवल नीचे जा चुका है। उन्होंने अधिकारियों को सातों ट्यूबवेल चालू हालत में करने के निर्देश दिए ताकि जाजल में बरसात के दिनों में आने वाली समस्या के दौरान ट्यूबवेलों से शहर की पेयजल सप्लाई निर्बाध ढंग से हो सके।

राजीव जैन ने महलाना रोड स्थित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पर खराब पड़े ट्रांसफार्मर को भी ठीक करवाने के निर्देश दिए ताकि गर्मी में एक ट्रांसफार्मर जलने पर पेयजल आपूर्ति न रुके। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी शुरू होने से पहले इन सभी कमियों को दूर कराया जाए ताकि लोगों को पेयजल की किल्लत न हो।

## कोटक सॉलिटेयर अपने मैन्युफैक्चरिंग एवं इंजीनियरिंग बूम के जरिए फरीदाबाद के समृद्ध वर्ग की मदद करेगा

**फरीदाबाद।** कोटक महिंद्रा बैंक ने फरीदाबाद के संस्थापक परिवारों और प्रोफेशनल्स के लिए अपना इनविटेशन-ऑनली एफ्लुएंट प्रोग्राम 'सॉलिटेयर' पेश किया है। बैंक ने यह कदम ऐसे समय उठाया है जब हरियाणा की औद्योगिक अर्थव्यवस्था तेजी से फैल रही है और फरीदाबाद उत्तर भारत के एक प्रमुख मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। फरीदाबाद में मिश्रित इंजीनियरिंग एमएसएमई, ऑटो कंपोनेंट इकोसिस्टम और प्रमुख ओईएम कंपनियों के सप्लायर्स मौजूद हैं। यहां तेज क्रेडिट, बेहतर ट्रेजरी समाधान और प्रीमियम वेल्थ सेवाओं की बढ़ती मांग देखी जा रही है, जिसे कोटक सॉलिटेयर के माध्यम से पूरा करने का लक्ष्य है। कोटक महिंद्रा बैंक के प्रेसिडेंट और चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर प्रणव मिश्रा ने कहा, फरीदाबाद के उद्यमी उत्तर भारत की औद्योगिक मजबूती की रीढ़ हैं। ये उद्यमी हर मुश्किल हालात में टिके रहने वाले हैं, पीढ़ी-दर-पीढ़ी अपना व्यापार चला रहे हैं और अपने काम को बड़े स्तर पर ले जाने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। यहां पुरानी इंजीनियरिंग फैक्ट्रियों से लेकर नई तकनीक वाली कंपनियां और राष्ट्रीय व वैश्विक ओईएम कंपनियों से जुड़े सप्लायर नेटवर्क मौजूद हैं। अब फरीदाबाद उद्यम-आधारित विकास के एक नए दौर में प्रवेश कर रहा है।

कोटक सॉलिटेयर का डिजाइन इसी गति को समर्थन देने के लिए किया गया है। यह पारिवारिक संबंधों को पहचानता है, क्रेडिट तक आसान पहुंच देता है और व्यस्त कारोबारियों को हाई-टच सेवा मुहैया कराता है, जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों वित्तीय जरूरतों को संतुलित करते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### सही मटेरियल के साथ सही एसी का चयन इस गर्मी में आपकी बचत बढ़ा सकता है

**नई दिल्ली।** गर्मी का मौसम फिर आ गया है और इसके साथ ही घरों को ठंडा रखने के लिए एयर कंडीशनर की मांग भी बढ़ रही है। एसी खरीदते या बदलते समय हममें से कई लोग कीमत या ब्रांड को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन स्टार लेबल, निर्माण वर्ष और आईइसईईआर (इंडियन सीजनल एनर्जी एफिशिएंसी रेशियो) वैल्यू की जांच करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। ये कारक बिजली के बिल में बचत करने और कुल ऊर्जा खपत को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आपके एयर कंडीशनर पर लगा स्टार लेबल उसकी ऊर्जा दक्षता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता है, जिससे आप अधिक किफायती और पर्यावरण के अनुकूल विकल्प चुन सकते हैं। इस वर्ष, 1 जनवरी 2026 से, ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई ) ने एयर कंडीशनर्स सहित कई उपकरणों की स्टार रेटिंग के लिए संशोधित मानदंड लागू किए हैं। ये अद्यतन मानक भारत में ऊर्जा दक्षता बढ़ाने और बिजली की खपत कम करने के लिए बीईई द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले सुधारों का हिस्सा हैं।

संशोधित मानदंडों के तहत, एयर कंडीशनर्स (और अन्य उपकरणों) के लिए लेबल अवधि अब 1 जनवरी 2026 से 31 दिसंबर 2027 तक मान्य होगी। एयर कंडीशनर की ऊर्जा दक्षता को मापने वाला आईइसईईआर मूल्य भी महत्वपूर्ण रूप से अपडेट किया गया है। इसके अनुसार, 2026 में निर्मित 5-स्टार स्प्लिट एसी का आईइसईईआर मूल्य 5 .6 होना चाहिए, जबकि 2026 में निर्मित 5-स्टार विंडो एसी का आईइसईईआर मूल्य 3 .7 होना चाहिए। ये नए मानक 2026 में निर्मित एसी को 2025 या उससे पहले निर्मित एसी की तुलना में 10 प्रतिशत अधिक ऊर्जा दक्ष बनाते हैं।

### ऑक्सिलो ने देशभर में घरेलू शिक्षा ऋण सेवाओं का किया विस्तार

**नई दिल्ली:** भारत की अग्रणी शिक्षा-केंद्रित एनबीएफसी , ऑक्सिलो फिनसर्व ने अपने घरेलू शिक्षा ऋण व्यवसाय इंडिया-एड का विस्तार करते हुए एक नई सुविधा शुरू की है। इसके तहत अब देशभर के पंजीकृत स्कूलों और कॉलेजों को सीधे फीस भुगतान की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह कार्यक्रम स्कूली शिक्षा से लेकर स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के इंजीनियरिंग, मेडिकल व मैनेजमेंट जैसे सभी प्रमुख पाठ्यक्रमों को कवर करता है। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया है कि ऋण की पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी और लोन की स्वीकृति मिलने के मात्र 48 घंटों के भीतर राशि सीधे संबंधित शैक्षणिक संस्थान के खाते में ट्रांसफर कर दी जाएगी। अनुसंधान रिपोर्टों के अनुसार, भारत में शिक्षा की लागत प्रतिवर्ष अनुमानित 10-12■ की दर से बढ़ रही है, जो सामान्य उपभोक्ता महंगाई दर की तुलना में काफी अधिक है। इसके परिणामस्वरूप परिवारों पर वित्तीय बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। दूसरी ओर, शैक्षणिक संस्थानों के लिए समय पर फीस का संग्रह करना उनके सुचारू संचालन, कर्मचारियों के समय पर वेतन भुगतान और नियोजित विकास कार्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है।

ऑक्सिलो फिनसर्व के 'इंडिया-एड' विभाग के मुख्य व्यवसाय अधिकारी, आनंद सुब्रमण्यम ने कहा, अधिकांश स्कूल और कॉलेज अपनी आय के मुख्य स्रोत के रूप में पूरी तरह फीस पर निर्भर रहते हैं। फीस संग्रह में होने वाली देरी से न केवल वेतन भुगतान का चक्र प्रभावित होता है, बल्कि बुनियादी ढांचे में होने वाला निवेश भी टल जाता है और भविष्य की शैक्षणिक योजनाओं पर बुरा असर पड़ता है।

### सीएनएच इंडिया ने ग्रेटर नोएडा प्लांट से निकाला 8 लाखवां ट्रैक्टर

**ग्रेटर नोएडा।** खेती और निर्माण उपकरण बनाने वाली वैश्विक कंपनी सीएनएच इंडिया ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कंपनी ने अपने ग्रेटर नोएडा स्थित प्लांट से 8 लाखवां ट्रैक्टर रोल आउट किया है। कंपनी का कहना है कि यह उपलब्धि किसानों के भरोसे और भारत में बढ़ती कृषि जरूरतों का नतीजा है। ग्रेटर नोएडा का यह प्लांट साल 1999 से काम कर रहा है। यहां न्यू हॉलैंड और कैसे आईएच ब्रांड के ट्रैक्टर बनाए जाते हैं, जिन्हें भारत के साथ-साथ विदेशों में भी भेजा जाता है। खास बात यह है कि कंपनी ने 2024 में 7 लाखवां ट्रैक्टर बनाया था और उसके बाद सिर्फ रिकॉर्ड समय में अगले 1 लाख ट्रैक्टर तैयार कर लिए। फिलहाल इस प्लांट में हर साल करीब 60 हजार ट्रैक्टर बनाए जाते हैं। कंपनी अब इसकी क्षमता बढ़ाकर 70 हजार ट्रैक्टर सालाना करने की तैयारी में है। यहां छोटे से लेकर बड़े और अलग-अलग जरूरतों के हिसाब से कई मॉडल तैयार किए जाते हैं।

## निजी आईटीआई में लिए दाखिले के लिए अगले सप्ताह खुलेगा पोर्टल

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** जिले के निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिले के लिए विभाग की ओर से अगले सप्ताह पोर्टल खोला जाएगा। इसके लिए संस्थानों में तैयारी शुरू हो गई है। फिलहाल संस्थानों हेल्प डेस्क बनाए गए हैं। अब 17 मई तक 10वीं और 12वीं कक्षा का परिणाम घोषित किया जाएगा। इसके बाद युवाओं की शंका दूर होगी और परिणाम में फेल व पास का भी पता चल जाएगा। इसके बाद युवा आईटीआई में दाखिला ले सकते हैं। पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट की जा रही है।
और इसमें प्रशिक्षुओं को दी जाने

## सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहेंगे

**सिरसा (शुभम.खटक)** मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के संभावित दौरे को लेकर प्रशासन और जिला पुलिस ने तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है । इस अवसर पर मुख्यमंत्री तख्त सचखंड श्री हजूर साहिब नांदेड़, महाराष्ट्र के लिए निःशुल्क तीर्थ यात्रा पर जाने वाली ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे । इस अवसर पर जिला उपायुक्त शांतनु शर्मा, सिरसा पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन, अतिरिक्त जिला उपायुक्त अर्पित संगल ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए पुलिस लाइन सिरसा से रेलवे स्टेशन तक सभी रूटों का निरीक्षण किया और वैकल्पिक मार्गों का भी अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल की बैरिकेडिंग, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था, सफाई, मोबाइल टॉयलेट्स, वीवीआईपी और मीडिया गैलरी, चेकिंग पॉइंट, हेलीपैड और आपात परिस्थितियों से निपटने की तैयारियों की बारीकी से समीक्षा की गई। एसपी दीपक सहारन ने उपस्थित फायर ब्रिगेड, डॉक्टरों की टीम और एंबुलेंस की तैनाती का भी निरीक्षण किया और स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं।पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों से कहा कि आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार बनाए रखें और असामाजिक व संदिग्ध व्यक्तियों पर पैनी नजर रखें। उन्होंने बताया कि सिरसा पुलिस के करीब 650 अधिकारी और कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए पूर्ण रूप से अलर्ट रहेंगे। एसपी ने ड्यूटी पर तैनात सभी पुलिस कर्मियों को निर्देश दिए कि वे चप्पे-चप्पे की जांच करें और किसी भी प्रकार की सुरक्षा चूक बर्दाश्त न की जाए।

## हैप्पी कार्ड के लिए 65 किमी दूर नारनौल जाने को मजबूर लोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ ।** सामाजिक संगठनों ने हैप्पी कार्ड वितरण को लेकर समाधान शिविर में जिला उपायुक्त को लिखित ज्ञापन सौपा। सौपे गए ज्ञापन के माध्यम से सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत बनने वाले 'हैप्पी कार्ड' के वितरण को लेकर महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिला उपायुक्त को पत्र लिखकर कार्ड वितरण की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर करने की पुरजोर मांग की है। 7000 लाभार्थियों की बढ़ी मुश्किलेंमामले के अनुसार, महेंद्रगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 104 गांवों के लगभग 7000 नए हैप्पी कार्ड बनकर रोडवेज विभाग के पास पहुंच चुके हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा इनका वितरण केंद्र 65 किलोमीटर दूर नारनौल को बनाया गया है। इस निर्णय के कारण लाभार्थियों, विशेषकर गरीब वर्ग और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आर्थिक और मानसिक परेशानीग्रामीणों का कहना है कि एक कार्ड प्राप्त करने के लिए उन्हें पूरा दिन बर्बाद करना पड़ता है और आने-जाने का किराया उनकी जेब पर भारी पड़ रहा है। जनहित को ध्यान में रखते हुए, सामाजिक

## नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की कोताही ना बरतें अधिकारी

**हांसी(दिनकर गावड़ी):** डीसी राहुल नरवाल के मार्गदर्शन में जिला लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम राजेश खोथ ने की। इस दौरान एसडीएम राजेश खोथ ने विभिन्न विभागों से संबंधित नागरिकों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़े मामलों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए।



एसडीएम ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों को लंबित रखने की बजाय तुरंत प्रभाव से कार्रवाई करें, ताकि आमजन को राहत मिल सके।
समाधान शिविर के दौरान गांव गढ़ी निवासी बिमला देवी ने अपनी वृद्धावस्था पेंशन बनवाने की मांग रखी थी। संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित समयावधि में उनकी पेंशन बनवाने पर उनके पति जगदीश फौगाट ने समाधान शिविर में पहुंचकर जिला प्रशासन का मिठाई खिलाकर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविरों का उद्देश्य जरूरतमंद नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्हें राहत प्रदान करना है।
एसडीएम ने कहा कि प्रत्येक सोमवार और वीरवार को जिला मुख्यालय तथा उपमंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में नागरिकों की शिकायतों को सुनकर मौके पर ही समाधान करने का प्रयास किया जाता है, ताकि लोगों को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।
उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित मामलों में गंभीरता दिखाएं और शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें।

## डीसी ने एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर जनप्रतिनिधियों से की अपील

**हांसी (दिनकर गावड़ी):** डीसी राहुल नरवाल ने जिले में चल रहे एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से जिला के पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की है कि वे आम नागरिक सहित विशेषकर महिलाओं को टीकाकरण



अभियान के प्रति जागरूक करें । डीसी राहुल नरवाल ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने महिला जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने गांवों में अभिभावकों को जागरूक करें

## जांजडियावास में दादी सती का मेला व भंडारा 16 को

**महेंद्रगढ़।** गांव जांजडियावास में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 मई को अमावस्या के पर दादी सती माता मंदिर में देसी घी के भंडारे तथा मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में 15 मई को रात्रि को जागरण होगा जिसमें मुख्य कलाकार डॉ. ऋषिपाल, भूपसिंह लोहार नारनौल व मनोज जांगड़ा म्यूजिकल ग्रुप, नरेंद्र मास्टर, संदीप निराला द्वारा दादी सती माता की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

## 2 मामलों में दो अवैध हथियार व 4 जिंदा कारतूस सहित दो युवक काबू

**सिरसा(शुभम.खटक)** एसपी दीपक सहारन के दिशा निर्देशानुसार सिरसा पुलिस द्वारा अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जिला की सीआईए सिरसा पुलिस की दो टीमों ने गश्त व चेकिंग के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते नाथूसरी चौपटा थाना क्षेत्र से 2 युवकों को दो अवैध पिस्तौल व 4 जिंदा कारतूस सहित काबू करने में सफलता हासिल की



है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईए सिरसा पुलिस टीम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुखजीत सिंह ने बताया कि सीआईए सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान नाथूसरी चौपटा से गांव नहराना की तरफ जा रही थी । इस दौरान पुलिस पार्टी जब गांव नहराना की गउशाला के नजदीक पंहुची तो गउशाला की तरफ से एक नौजवान युवक पैदल आता हुआ दिखाई दिया । उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक वापस मुड़कर गांव की गउशाला में घूसने का प्रयास किया तो पुलिस पार्री ने शक आधार पर आरोपी युवक पंकज पुत्र राम निवास निवासी गांव नहराना को गिरफ्तार कर नियमानुसार तलाशी ली तो उसके कब्जा से 32 बोर का अवैध पिस्तौल व 2 जिंदा कारतूस बरामद हुए ।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा**

वरिष्ठ मंडल अभियंता–समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जो कि उन कार्यों के सामने दी गई तिथि को 15:00 बजे तक खुली रहेंगी और उसके बाद खोली जाएंगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (₹) | अग्रिम राशि (₹) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहायक मंडल अभियंता/सरहिंद के अधीन एनएलडीएम–यूएचएल खंड के पुल सं. 228, 238 एवं 243 तथा सीएचटीएल–एडीआर खंड के पुल सं. 320, 331, 353 एवं 357 सहित कुल 7 प्रमुख पुलों का सुदृढ़ीकरण कार्य, जिसमें एबटमेंट के आसपास सेस संरक्षण हेतु रिटेनिंग वॉल का निर्माण, एबटमेंट पर फिल्टर मीडिया सहित स्टोन पिचिंग, पुल एप्रोच के कटिंग भाग का ढाल संरक्षण तथा एनएलडीएम–यूएचएल एवं सीएचटीएल–एएडीआर खंड में जल निकासी का कार्य। | ₹5,40,98,954/- | ₹10,82,000/- | 12 महीने | 08.06.2026 |
| 2. | सहायक मंडल अभियंता/सरहिंद के अधीन यूएचएल–सीएचटीएल खंड में पुल सं. 249, 251, 263, 265, 272, 282, 284, 293 एवं 296 सहित कुल 9 प्रमुख पुलों के सुदृढ़ीकरण का प्रावधान, जिसमें एबटमेंट के आसपास सेस संरक्षण हेतु रिटेनिंग वॉल का निर्माण, एबटमेंट पर फिल्टर मीडिया सहित स्टोन पिचिंग, पुल एप्रोच के कटिंग भाग का ढाल संरक्षण तथा जल निकासी का कार्य। | ₹5,58,95,002/- | ₹11,17,900/- | 15 महीने | 08.06.2026 |
| 3. | ADEN/JUD के अधीन 09 बीएन/आरपीएसएफ/जगाधरी वर्कशॉप में अग्र कक्ष, संलग्न स्नानघर एवं एक लाउंज वाले 5 कमरों के जी.ओ. मेस का प्रावधान। | ₹1,40,53,620/- | ₹2,81,100/- | 12 महीने | 08.06.2026 |
| 4. | राजपुरा–धुरी, धुरी–बठिंडा, बठिंडा–श्रीगंगानगर, लुधियाना–धुरी–जाखल एवं जाखल–हिसार खंडों के विभिन्न एनएसजी–6 एवं हाल्ट श्रेणी के स्टेशनों पर दिव्यांगजन–अनुकूल सुविधाओं के उन्नयन का कार्य। | ₹1,07,29,647/- | ₹2,14,600/- | 12 महीने | 08.06.2026 |
| 5. | अंबाला डिवीजन के स्टेशन, स्टेशन के बीच के क्षेत्र और रेलवे कॉलोनी आदि के भूमि मानचित्रों के अद्यतन, मिलान, प्रमाणीकरण और कम्प्यूटरीकरण का प्रस्ताव। | ₹56,57,198/- | ₹1,13,200/- | 12 महीने | 08.06.2026 |
| 6. | किरतपुर साहिब माल साइडिंग में अवसरचनात्मक सुविधाओं के संवर्धन का प्रस्तावित कार्य। | ₹90,55,350/- | ₹1,81,100/- | 10 महीने | 08.06.2026 |
| 7. | सुनाम उधम सिंह वाला स्टेशन और नाभा स्टेशन पर विद्यमान प्लेटफार्म संख्या 1 का उच्च–स्तरीय प्लेटफार्म में विस्तार एवं उन्नयन का प्रस्तावित कार्य। | ₹6,08,97,278/- | ₹12,18,000/- | 12 महीने | 08.06.2026 |
| 8. | ADEN/Track/UMB के अंतर्गत अंबाला डिवीजन में फ्लैश बट वेल्ड (FBW) के लिए फेज्ड ऐरे अल्ट्रासोनिक टेस्टिंग (PAUT) | ₹91,73,993/- | ₹1,83,500/- | 12 महीने | 08.06.2026 |

नोट: 1) ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंटों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2) अग्रिम राशि ऑनलाइन पेमेंट नेट बैंकिंग/गेटवे पेमेंट/बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3) निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें। 4) ठेकेदार को ई–निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास–III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लॉग ऑन करना होगा। 5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा संख्या 08–अम्बाला/2026–27 दिनांक: 13.05.2026 1612/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**जना स्मॉल फाइनेंस बैंक**
अनुसूची कॉमर्शियल बैंक

रजिस्टर्ड ऑफिसः द फेयरवे, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर, सर्वे नंबर 10/1, 11/2 और 12/2इ, डोम्लूर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, चैलाघट्टा, बेंगलुरु-560071.
ब्रांच ऑफिसः 16/12, दूसरी मंजिल, डब्ल्यू.ई.ए. आर्य समाज मार्ग, करोल बाग, दिल्ली-110005.

**ई-नीलामी सूचना**

फाइनेंशियल एसेट्स के सिक्योरिटाइजेशन और रीकंस्ट्रक्शन और सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट (सरफेसी एक्ट) 2002 के तहत ई-ऑक्शन के जरिए बिक्री के लिए पब्लिक नोटिस, सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स 2002 के प्रोविजो रूल 8(6) और 9 के साथ पढ़ें।

जन स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के ऑथराइज्ड ऑफिसर के तौर पर, मैंने सरफेसी एक्ट एटीसी के सेक्शन 13(4) के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, नीचे दी गई प्रॉपर्टी पर कब्जा कर लिया है। खास तौर पर, बॉरोअर और आम लोगों को बताया जाता है कि बैंक का बकाया चुकाने के लिए नीचे दिए गए अकाउंट में मॉर्गेज प्रॉपर्टी का जैसा है जहाँ है आधार' और 'जैसा है जो आधार है के आधार पर' नीचे बताई गई तारीख को होगा।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता | ओरिजिनल बॉरोअर/ को-बॉरोअर/ गारंटर का नाम | दिनांक 13-2 नोटिस | कब्जे की तिथि | 11/05/2026 तक मौजूदा बकाया बैलेंस | प्रॉपर्टी के इंस्पेक्शन की तारीख और समय | रिजर्व प्राइस रूपए में | अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट रूपए में | ई-नीलामी की तिथि और समय | बिड जमा करने की आखिरी तारीख, समय और जगह |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 45289430000609 | 1. श्री राम बिलास सैनी, पुत्र श्री ओम प्रकाश सैनी (आवेदक) 2. श्रीमती रेखा सैनी, पत्नी श्री राम बिलास सैनी (सह-आवेदक) | 18-08-2025 | 15-04-2026 | 12,13,117.99 (रुपये बारह लाख तेरह हजार एक सौ सत्रह और निन्यानवे पैसे मात्र) | 04.06.2026 प्रातः 09:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक | 34,41,206.00 (रुपये चौतीस लाख इकतालीस हजार दो सौ छह मात्र) | 3,44,120.60 (रुपये तीन लाख चवालीस हजार एक सौ बीस और साठ पैसे मात्र) | 18-जून-2026 समयः प्रातः 11:00 बजे | 17.06.2026, सायं 05:00 बजे से पूर्व जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालयः 16/12, द्वितीय तल, डब्ल्यू.ई.ए. आर्य समाज मार्ग, करोल बाग, दिल्ली-110005। |
| | सुरक्षित संपत्ति का विवरणः यह संपत्ति 1 किता हाउस है, जो खेवट नंबर 908 मिन, खतौनी नंबर 1304, खसरा नंबर 2161-2162-2163-2164-2165-2166-2167-2170-2171-2172-2173 आदि में स्थित है। इसका कुल क्षेत्रफल 41 बीघा 1 बिस्वा, 1 बिस्वा 10 बिस्वासी में से 3-9 हिस्सेदारी के अनुसार है, जो लगभग 75 वर्ग गज है। यह संपत्ति राजपूतान, पानीपत, नगर पालिका सीमा के अंदर, मुखीजा कॉलोनी, सैनीपुरा के पास, पानीपत में स्थित है। यह श्रीमती रेखा देवी, पत्नी श्री राम बिलास सिंह के स्वामित्व में है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व में खाली प्लॉट, पश्चिम में 22 फीट चौड़ी गली, उत्तर में राजेंद्र का मकान तथा दक्षिण में अन्य व्यक्तियों का मकान। | | | | | | | | | |
| 2 | 45289630000409 45289410000412 & 45289410000579 | श्री दीपक, पुत्र श्री बनवारी लाल (आवेदक) श्रीमती काजल, पत्नी श्री दीपक (सह-आवेदक) श्री बनवारी लाल, पुत्र श्री सुधन (सह-आवेदक | 14-10-2025 | 10-04-2026 | 20,14,753.78 (रुपये बीस लाख चौदह हजार सात सौ तिरपन और अठहत्तर पैसे मात्र) | 04.06.2026 प्रातः 09:30 बजे से सायं 05:00 बजे तक | 23,89,950.00 (रुपये तेईस लाख उन्यानबे हजार नौ सौ पचास मात्र) | 2,38,995.00 (रुपये दो लाख अड़तीस हजार नौ सौ पचानवे मात्र) | 18-जून-2026 समयः प्रातः 11:00 बजे | 17.06.2026, सायं 05:00 बजे से पूर्व जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालयः 16/12, द्वितीय तल, डब्ल्यू.ई.ए. आर्य समाज मार्ग, करोल बाग, दिल्ली-110005। |
| | सुरक्षित संपत्ति का विवरणः यह संपत्ति 1 किता हाउस है, जो खेवट नंबर 533, खसरा नंबर 343 (3-1), 25/549 हिस्सेदारी में स्थित है। इसका क्षेत्रफल 2 मरला 7 सरसाई अर्थात 84 वर्ग गज है, जो कुल 3 कनाल 1 मरला क्षेत्र में से है। यह संपत्ति वाका तरफ मकदमजदगन, आबादी सैनी कॉलोनी, वार्ड नंबर 10, पानीपत में स्थित है। यह श्री बनवारी, पुत्र श्री सुधन के स्वामित्व में है। | | | | | | | | | |

प्रॉपर्टीज 'जैसी हैं जहाँ हैं' और 'जैसी हैं जैसी हैं' के आधार पर रखी जा रही हैं और ई-ऑक्शन 'ऑन लाइन' होगा। ऑक्शन बैंक के अप्रूव्ड सर्विस प्रोवाइडर M/s. 4 Closure के जरिए वेब पोर्टल https://bankauctioners.in www.foreclosureindia.com पर होगा। ज्यादा जानकारी और डिटेल्स, मदद, प्रोसेस और ई-ऑक्शन पर ऑनलाइन ट्रेनिंग के लिए, होने वाले बिडर्स M/s. 4 Closure से कॉन्टैक्ट कर सकते हैं; मिस्टर उत्कर्ष आदेश से कॉन्टैक्ट करें, कॉन्टैक्ट नंबरः 9515160064। ईमेल आईडी:: info@bankauctions.in/ adesh@bankauctions.in.
ई-ऑक्शन की कार्रवाई में हिस्सा लेने के लिए टर्म्स एंड कंडीशंस की ज्यादा जानकारी और प्रॉपर्टी से जुड़े किसी भी सवाल के लिए, कृपया जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के ऑथराइज्ड ऑफिसर्स मिस्टर रंजन नाइक (मोबाइल नंबर 6362951653) श्री शशि कुमार (मोबाइल नं. 8700277112) एवं श्री कौशिक बी (मोबाइल नं. 7019949040) से कॉन्टैक्ट करें। ऑथराइज्ड ऑफिसर की जानकारी और जानकारी के मुताबिक, प्रॉपर्टीज पर कोई बोझ नहीं है। हालांकि, बोली लगाने वालों को अपनी बोली जमा करने से पहले, बोझ, प्रॉपर्टी के टाइटल के बारे में खुद से पूछताछ करनी चाहिए। कोई भी कंडीशनल बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह ऊपर बताए गए बॉरोअर्स/गारंटर/मॉर्गेजर्स को मॉर्गेज की गई प्रॉपर्टीज के लिए होने वाले ई-ऑक्शन के बारे में भी एक नोटिस है। बॉरोअर/गारंटर/मॉर्गेजर को यह बताया जाता है कि वे ऑक्शन की तारीख से पहले ऊपर बताई गई रकम, लेटेस्ट इंटरेस्ट और दूसरे खर्चों के साथ चुका दें, ऐसा न करने पर प्रॉपर्टी बेच दी जाएगी और बाकी बकाया रकम, अगर कोई है तो, इंटरेस्ट और कॉस्ट के साथ वसूल की जाएगी।

तारीखः 14.05 .2026, जगहः पानीपत

हस्ता/- अधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 15 मई 2026 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 307 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**नियुक्ति पत्र**

**उच्च मूल्य फसलों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं**





**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में कुल 307 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। जिसमें 243 चिकित्सा अधिकारियों, 42 फार्मासिस्ट, उद्यान विभाग के अन्तर्गत 22 प्रयोगशाला सहायकों एवं मशरूम पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नियुक्ति पत्र केवल रोजगार का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश की सवा करोड़ जनता की सेवा का संकल्प पत्र है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड जैसे भौगोलिक दृष्टि से चुनौतीपूर्ण राज्य में स्वास्थ्य कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों में संकट की घड़ी में जनता की पहली उम्मीद स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कार्मिक ही होते हैं। उन्होंने नव नियुक्त चिकित्सा अधिकारियों और स्वास्थ्यकर्मियों से कहा कि वे संवेदनशीलता, समर्पण और सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आयुष्मान योजना के माध्यम से लाखों परिवारों को उपचार का लाभ मिल रहा है। प्रदेश में अब तक 62 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। लगभग 12 लाख मरीजों का 2200 करोड़ रुपये से अधिक का कैशलेस उपचार किया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए मेडिकल कॉलेजों का निर्माण और संचालन तेजी से किया जा रहा है। वर्तमान में प्रदेश में 5 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं, जबकि 2 निमार्णाधीन हैं। इसके साथ ही 9 नर्सिंग कॉलेज और 3 नर्सिंग स्कूल संचालित किए जा रहे हैं। देहरादून, हल्द्वानी और श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है तथा हल्द्वानी में आधुनिक कैंसर संस्थान का निर्माण प्रगति पर है। दूरस्थ क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए टेलीमेडिसिन एवं हेली एंबुलेंस सेवाएं भी संचालित की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार कृषि एवं उद्यानिकी को नई दिशा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कीवी, ड्रैगन फ्रूट, हाई डेंसिटी एप्पल, मशरूम उत्पादन तथा मधुमक्खी पालन जैसी उच्च मूल्य फसलों को बढ़ावा देकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

## डिजिटल पेंशन सुधारों ने पेंशन वितरण को बनाया सुगम और पारदर्शी: डॉ. जितेन्द्र सिंह

**जीवन प्रमाणपत्र**

**जीवन प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया सरल बनाने की सरकार की पहल का उल्लेख किया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि पिछले दशक में देश के पेंशन प्रशासन में उल्लेखनीय बदलाव आया है। अब यह प्रक्रियाबद्ध प्रणाली से विकसित होकर प्रौद्योगिकी-सक्षम, जन-केंद्रित तंत्र बन गया है, जो पेंशनभोगियों की गरिमा, पारदर्शिता और जीवन सुगमता पर केंद्रित है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने विज्ञान भवन में आयोजित 16वीं अखिल भारतीय पेंशन अदालत को संबोधित करते हुए कहा कि पेंशनभोगियों को सरकारी सहायता लाभार्थी के रूप में नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण में बहुमूल्य योगदानकताओं के रूप में देखना चाहिए, जिनका अनुभव, विशेषज्ञता और संस्थागत स्मृति राष्ट्रीय धरोहर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने सरल, सहानुभूति भरा और दायित्वपूर्ण पेंशन प्रशासन सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयास किए हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि पेंशन अदालत व्यवस्था की सबसे बड़ी विशेषता है कि सभी हितधारक साझा मंच पर बैठकर प्रायः मौके पर ही विवाद का सामूहिक समाधान करते हैं, बजाय इसके कि बातचीत केवल नियमित फाइल हस्तांतरण और आधिकारिक पत्राचार तक सीमित रहे।
वर्ष 2014 से पेंशन सुधारों का उल्लेख करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि एक समय ऐसा था जब पेंशन एवं पेंशनभोगी कल्याण विभाग लोगों की ध्यान से काफी हद तक बाहर रहते हुए सीमित प्रशासनिक ढांचे के अंतर्गत संचालित होता था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में निरंतर सुधारों, डिजिटल उपायों और नागरिक-केंद्रित निर्णय द्वारा यह सरकार के सबसे सक्रिय विभागों में से एक बन गया है। डॉ. जितेंद्र सिंह ने बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण और डिजिटल तकनीक द्वारा जीवन प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया सरल बनाने की सरकार की पहल का उल्लेख किया।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दरभंगा एयरपोर्ट की सुरक्षा सीआईएसएफ को दिये जाने की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दरभंगा।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी गुरुवार को दरभंगा पहुंचे, जहां उन्होंने दरभंगा हवाई अड्डे की सुरक्षा की जिम्मेदारी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) जवानों को सौंपे जाने की समीक्षा की। सम्राट चौधरी ने साथ में नए एयरपोर्ट टर्मिनल और एम्स निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। दरभंगा पहुंचने पर सीआईएसएफ के जवानों ने मुख्यमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर अपने सम्बोधन में कहा कि बिहार में जितनी एयर कनेक्टिविटी है, उससे दस गुना अधिक विस्तार करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बिहार में 59 लाख से अधिक लोग हवाई यात्रा करते हैं, लेकिन अगले पांच वर्षों में चार से पांच करोड़ लोगों को हवाई यात्रा की सुविधा देने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दरभंगा को नए एयरपोर्ट टर्मिनल और एम्स निर्माण सहित कई बड़ी सौगातें दी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मिथिला और दरभंगा के विकास के लिए सड़क नेटवर्क और एयरपोर्ट निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने जैसे कई महत्वपूर्ण कार्य किए। एम्स दरभंगा परियोजना की समीक्षा भी




इस दौरे का अहम हिस्सा रही। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग और निर्माण एजेंसियों से निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि यह परियोजना सिर्फ दरभंगा ही नहीं बल्कि पूरे मिथिलांचल और उत्तर बिहार के लिए महत्वपूर्ण है। सरकार चाहती है कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं अपने क्षेत्र में ही मिलें ताकि इलाज के लिए बड़े शहरों पर निर्भरता कम हो। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को गुणवत्ता और समय सीमा दोनों पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं में तकनीकी अड़चनों को जल्द दूर किया जाए। समीक्षा बैठक में सड़क, कनेक्टिविटी और आसपास के बुनियादी ढांचे को लेकर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने बताया कि कई परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। दरभंगा में गुरुवार को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का दौरा कई मायनों में अहम माना गया। मुख्यमंत्री सुबह दरभंगा एयरपोर्ट पहुंचे, जहां भाजपा और जदयू नेताओं ने पारंपरिक मिथिला शैली में उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर सुरक्षा व्यवस्था, नए टर्मिनल भवन और एम्स निर्माण कार्य की समीक्षा इस दौरे का मुख्य उद्देश्य रहा। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, सांसद डॉ. गोपाल जी ठाकुर, विधायक डॉ. मुरारी मोहन और जदयू नेता संजय झा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से जानकारी ली।

## विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को हर हाल में हासिल करेंगे : केशव



**विकास पर बल**

**बीते नौ वर्षों में हुए व्यापक परिवर्तन, जनकल्याणकारी योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए**

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरूवार को लखनऊ स्थित एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में बीते नौ वर्षों में हुए व्यापक परिवर्तन, आधारभूत विकास, सुशासन, निवेश एवं जनकल्याणकारी योजनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष सेवा, सुशासन एवं विकास के लिए समर्पित रहे हैं। प्रदेश सरकार ने जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए गांव, गरीब, किसान, युवा, महिला एवं वंचित वर्ग के उत्थान हेतु अनेक ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत एवं विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज निवेश, आधारभूत संरचना, एक्सप्रेस-वे, कनेक्टिविटी, उद्योग, शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है।

सरकार का उद्देश्य प्रदेश के प्रत्येक नागरिक तक विकास का लाभ पहुंचाना तथा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता ने सरकार को बार-बार सेवा करने का अवसर दिया है और सरकार ने पूरी निष्ठा एवं पारदर्शिता के साथ प्रदेश की 25 करोड़ जनता की आवश्यकताओं को पूरा करने का प्रयास किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उत्तर प्रदेश का यह नौ वर्षीय कार्यकाल भविष्य में स्वर्णाक्षरों में अंकित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आधारभूत विकास के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन भी तेजी से हो रहा है।

## किसान जैविक खेती को अपनाएं, रासायनिक खाद के प्रयोग से बचें: भजनलाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**जालौर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरवार को जालोर जिले के पंसेरी गांव में सुबह की सैर कर ग्रामीणों से रामा श्यामा की तथा उनकी कुशलक्षेम पूछी। वहीं, स्कूल जा रहे छोटे बच्चों से बातचीत कर चॉकलेट और टॉफी दी और अच्छी शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित किया। सुबह की सैर के बाद मुख्यमंत्री ने गांव की चौहटा (गांव की चौपाल का मुख्य केंद्र) पर ग्रामीणों से बातचीत की। साथ ही, उनकी विभिन्न विकास मांगों को सुनकर मुख्यमंत्री ने जिला कलक्टर को आवश्यक कार्यवाही



करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के.के. विश्नोई सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व बुधधार को मुख्यमंत्री शर्मा ने जालौर के पंसेरी में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में किसानों एवं पशुपालकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आमजन की अपेक्षाओं के अनुरूप प्रदेश के विकास का रोडमैप तैयार किया है, ताकि राजस्थान मॉडल स्टेट के रूप में स्थापित हो। इसी क्रम में हमारी सरकार मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान संचालित कर राज्य की प्रत्येक पंचायत के सुनियोजित विकास का ब्लू प्रिंट तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बिजली-पानी की आवश्यकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। किसानों की सिंचाई जरूरतों की पूर्ति के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना के कार्यों को गति प्रदान की है। यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर परियोजना एवं गंगनहर का सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ माही तथा देवास परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। सोम-कमला-अंबा परियोजना के माध्यम से जवाई बांध में जल आएगा, जिससे जालौर, पाली और सिरोही के लोगों को पानी की आपूर्ति भी होगी।

**संस्कृति**

**सोम-कमला-अंबा परियोजना के माध्यम से जवाई बांध में जल आएगा, पानी की आपूर्ति भी होगी**

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव से छत्तीसगढ़ के अंतरराष्ट्रीय शूटर दिव्यांशु ने की मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अरुण साव से आज गुरुवार को छत्तीसगढ़ के अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज दिव्यांशु देवांगन ने मुलाकात की। साव के नवा रायपुर स्थित निवास कार्यालय में हुई मुलाकात के दौरान दिव्यांशु ने अपने अब तक के खेल सफर के बारे में जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री ने मिस्त्र में जूनियर वर्ल्ड कप में स्वर्णिम सफलता पर उन्हें बधाई दी। वे उन्हें अगले महीने जर्मनी में होने वाले वर्ल्ड चैंपियनशिप में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं भी दीं। रायगढ़ के रहने वाले दिव्यांशु देवांगन ने पिछले



महीने अप्रैल में मिस्त्र के काहिरा में हुए जूनियर वर्ल्ड कप में 10 मीटर एयर रायफल शूटिंग में महाराष्ट्र की शांभवी श्रवण क्षीरसागर के साथ मिक्स्ड डबल में स्वर्ण पदक जीता है।

## शिक्षा ही राष्ट्र को नई दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम: मुंडा

**प्रतिभा सम्मान**

**बहुद्देशीय भवन में दो दिवसीय प्रतिभा सम्मान समारोह सह शिक्षा मेला का भव्य आयोजन किया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**खूंटी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) खूंटी इकाई की ओर से बिरसा कॉलेज के बहुद्देशीय भवन में दो दिवसीय प्रतिभा सम्मान समारोह सह शिक्षा मेला का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन गुरुवार को मैट्रिक परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले लगभग 3200 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यार्थियों, अभिभावक, शिक्षक और सामाजिक कार्यकताओं की बड़ी भागीदारी रही। कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अभाविप प्रदेश अध्यक्ष डॉ मौसमी पॉल, प्रदेश मंत्री प्रकाश टूटी और बिरसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ चंद्रकिशोर भगत ने मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य, शिक्षा और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य अतिथि अर्जुन मुंडा ने परिषद की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने से समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश के भविष्य हैं और शिक्षा ही राष्ट्र को नई दिशा देने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों के विद्यार्थियों को प्रेरित करने में ऐसे कार्यक्रमों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।
अभाविप प्रदेश अध्यक्ष डॉ मौसमी पॉल ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने की प्रेरणा दी।

## टेक्नोलॉजी की संप्रभुता ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति बनेगी: राज्यपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने लोक भवन में एआई थीम रूम का उद्घाटन और एआई ऑन व्हील्स वाहन का फ्लैग ऑफ किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आज उत्तराखण्ड में एक नई तकनीकी क्रांति की शुरूआत हुई है और यह क्रांति देश की युवा शक्ति तथा अमृत पीढ़ी के नेतृत्व में आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत ने 21वीं सदी तथा वर्ष 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य को पहचान लिया है, और अब देश का युवा वर्ग उसे दिशा देने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में राज्यपाल ने प्रौद्योगिकी संप्रभुता को भारत के भविष्य के लिए



अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि देश को तकनीक के माध्यम से किसी भी प्रकार की निर्भरता या डिजिटल गुलामी से बचाने के लिए अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप और उद्यमिता को युवाओं से ही प्रारंभ करना होगा। उन्होंने युवाओं का आान करते हुए कहा कि वे तकनीक के केवल उपभोक्ता न बनें, बल्कि नवाचार और अनुसंधान के माध्यम से उसके निमार्ता बनें तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। राज्यपाल ने कहा कि एआई थीम रूम नवाचार, अनुसंधान और जनभागीदारी का एक जीवंत केंद्र बनेगा, जहां युवा केवल तकनीक का उपयोग ही नहीं सीखेंगे, बल्कि समस्याओं के समाधान भी विकसित करेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यहाँ से निकलने वाले स्टार्टअप्स और शोध कार्य उत्तराखण्ड को नई तकनीकी दिशा प्रदान करेंगे। राज्यपाल ने एआई ऑन व्हील्स पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि यह मोबाइल एआई केंद्र प्रदेश के दुर्गम पर्वतीय क्षेत्रों और सुदूर गांवों के विद्यार्थियों तक आधुनिक तकनीकी शिक्षा पहुंचाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि यह पहल डिजिटल अंतराल को समाप्त कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक तकनीक की पहुँच सुनिश्चित करेगी। राज्यपाल ने टेक्नो हब इंजीनियरिंग के युवाओं, विशेषकर सिद्धार्थ माधव एवं उनकी टीम को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि उनके द्वारा प्रारंभ की गई तकनीकी क्रांति की यह लौ पूरे प्रदेश में नवाचार और तकनीकी जागरूकता का प्रकाश फैलाएगी। कार्यक्रम में रोबोट का लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया गया, जिसने बच्चों को स्मृति-चिह्न भेंट किए जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही।

**लाइव डेमो**

**कार्यक्रम में रोबोट का लाइव डेमो भी प्रस्तुत किया गया, जिसने बच्चों को स्मृति-चिह्न भेंट किए**

## सुशासन तिहार-2026 : मानपुरपहाड़ी शिविर में महिला समूहों को मिली आत्मनिर्भरता की नई राह

**टीम एक्शन इंडिया**
**रायपुरः** सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के ग्राम मानपुरपहाड़ी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्रामीण महिला समूहों के लिए आत्मनिर्भरता की नई उम्मीद लेकर आया। शिविर में विभिन्न स्व-सहायता समूहों को स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़ते हुए बैंक ऋण उपलब्ध कराया गया, जिससे महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनने का अवसर मिला। ग्राम सिंगारपुर के जय मां बमलेश्वरी समूह को ईंट निर्माण एवं किराना दुकान संचालन के



लिए 03 लाख रुपये का बैंक ऋण स्वीकृत किया गया। समूह की महिलाओं ने बताया कि इस सहायता से वे गांव में ही रोजगार शुरू कर सकेंगी तथा परिवार की आय बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। इसी प्रकार पंचायत सिंगारपुर अंतर्गत ग्राम तुमड़ादाह के बैगा जनजाति महिला स्व-सहायता समूह जय मां नर्मदा समूह को भी 03 लाख रुपये का बैंक ऋण प्रदान किया गया। सेंटरिंग प्लेट संचालन एवं छिन झाड़ू निर्माण का कार्य किया जाएगा।